ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 3 जून 2024
वर्ष 4, अंक 106, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग 13

प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी 14

दिल्ली आबकारी नीति मामले में मिली थी 1 जून तक अंतरिम जमानत

केजरीवाल ने किया आत्मसमर्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। यह अवधि एक जून को समाप्त हो गई।

आत्मसमर्पण करने से पहले केजरीवाल ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। आप नेता ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान देश को बचाने के लिए प्रचार किया।

● जेल जाने से पहले महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, हनुमान मंदिर में पूजा

उन्होंने कहा कि मुझे सुप्रीम कोर्ट से 21 दिन की राहत मिली थी। ये 21 दिन अविस्मरणीय थे। मैंने एक मिनट भी बर्बाद नहीं किया। मैंने देश को बचाने के लिए चुनाव प्रचार किया। आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है, यह गौण है। देश प्रथम है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के लिए तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान जताने वाले सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं।

गौतम अडाणी बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति

नई दिल्ली। सेब से लेकर हवाई अड्डा क्षेत्र में सक्रिय अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद गौतम अडाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स के अनुसार, 111 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अडाणी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ 12वें स्थान पर हैं।

● मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

भुगतान न करने पर 7 वर्ष, जालसाजी पर उम्रकैद संभव

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर अपराध जैसे, फिशिंग (जालसाजी), विशिंग (शब्दजाल) और हैकिंग आदि संगठित अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर अभियुक्त को कम से कम पांच साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग (दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर वस्तु ले जाना) की तो सात वर्ष की सजा हो सकती है। इसी तरह के तमाम तरह अपराधों के लिए सख्त कानून भारतीय न्याय संहिता-2023 में परिभाषित कर एक जून से लागू कर दिया गया है।

दरअसल, उप्र. में भारतीय न्याय संहिता-2023 लागू हो गई है। थानों में एफआईआर अब नए कानून के अंतर्गत ही दर्ज होंगे। इस बीच पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से भी नागरिकों को जागरूक करने की पहल शुरू की है। पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया एवं अपने एक्स प्लेटफार्म के माध्यम से नागरिकों को विधिवत जागरूक करना शुरू किया है।



● धारा-111 एवं धारा 112 के अंतर्गत दर्ज होगी रिपोर्ट
● सोशल मीडिया पर भी पुलिस दे रही जानकारी

पहले के कानून में क्या था

पहले के कानून में जालसाजी अथवा हैकिंग के लिए धारा-463 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया जाता था। इसके तहत मात्र दो वर्ष की सजा का प्रावधान था। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग के लिए धारा 379 के अंतर्गत कार्रवाई होती थी, जिसकी सजा अधिकतम तीन वर्ष का कारावास था।

क्या है धारा- 111, 112

पहली जून को फिशिंग (जालसाजी), विशिंग एवं हैकिंग से जुड़े अपराधों एवं सजा पर विस्तृत रूप से बताया गया। नए कानून के तहत अब इस तरह के अपराध पर धारा 111 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत होगा। जबकि 02 जून को शॉपलिफ्टिंग के बारे में बताया गया। शॉपलिफ्टिंग अर्थात दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर सामान ले जाने की सजा अब सात साल निर्धारित की गई है। इस आरोप में धारा 112 का प्रयोग किया जाएगा।

जयराम के बयान पर चुनाव आयोग गंभीर, नोटिस भेजकर मांगा जवाब

केंद्रीय गृहमंत्री शाह पर 150 डीएम को फोन कर धमकाने का लगाया था आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है। रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें।

निर्वाचन आयोग ने एक जून को 'एक्स' पर किए गए जयराम रमेश के पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियों/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज तरीके से धमकी देना है। निर्वाचन आयोग ने रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का एक पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिए। आयोग ने कांग्रेस नेता से यह भी कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू होती है तो सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति के अधीन होते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट करते हैं। हालांकि, किसी जिलाधिकारी ने ऐसे किसी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है जैसा कि आपने आरोप लगाया है...।

● आयोग ने आरोपों का आधार बताते हुए कांग्रेस नेता से स्पष्टीकरण देने को कहा

यह भाजपाई एक्जिट पोल कई महीने से तैयार था

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंडी गठबंधन के जीतने का दावा करते हुए एक्जिट पोल को जनमत के साथ धोखा बताया है। रविवार को अपने एक्स हैंडल पर सपा प्रमुख ने लिखा कि एक्जिट पोल वास्तव में कई महीने पहले ही तैयार कर लिए गए थे। बस टीवी चैनलों में इन्हें अब चलाया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, भाजपा को 300 पार इसलिए दिखाया जा रहा है जिससे कि घपला करने की गुंजाइश बनी रहे।

यह एग्जिट पोल नहीं, मोदी मीडिया पोल है : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने एग्जिट पोल को रविवार को फर्जी बताते हुए कहा कि यह चुनावों में धांधली को सही ठहराने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का मनोबल कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेले जा रहे मनोवैज्ञानिक खेल का हिस्सा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एग्जिट पोल को मोदी मीडिया पोल बताया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पार्टी के लोकसभा सांसदों के साथ एक बैठक के बाद एआईसीसी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता बल्कि इसका नाम मोदी मीडिया पोल है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है। यह पूछने पर कि 'इंडिया' गठबंधन को कितनी सीट मिलेंगी, इस पर गांधी ने कहा कि आपने सिद्धू मूसेवाला का '295' गीत सुना है? इसलिए 295 सीट।

फर्जीवाड़ा करने वाली ट्रैवल एजेंसियों की जांच एसआईटी को दी

देहरादून। फर्जी रजिस्ट्रेशन की आड़ में ट्रैवल एजेंसी चारधाम यात्रियों से ठगी कर रही हैं। जांच केंद्र पर हर रोज ऐसे मामले पकड़े जा रहे हैं। एसएसपी ने इसकी जांच के लिए एसआईटी गठित की है। इसमें अब तक 41 मामले दर्ज हुए हैं और 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन यात्रियों व वाहनों की जांच के लिए ऋषिकेश व विकासनगर में जांच केंद्र बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए कड़ाई की जा रही है। चूंकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, इसका फायदा ट्रैवल एजेंसी वाले उठा रहे हैं। यह लोग चारधाम यात्रा के इच्छुकों का ऑनलाइन फर्जी रजिस्ट्रेशन कर मोटी रकम ऐंठ रहे हैं, जिसका पता जांच में चल रहा है।

ऐसे मामलों की संख्या अधिक होने से एसएसपी ने एसपी ग्रामीण लोकजीत सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है। टीम में क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश संदीप नेगी, दो पुरुष व तीन महिला उपनिरीक्षक शामिल हैं। फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाली ट्रैवल एजेंसी के विरुद्ध अभी तक 41 अभियोग दर्ज हो चुके हैं।

अरुणाचल में भाजपा को फिर मिली सत्ता

ईटानगर, एजेंसी

भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। राज्य में 60 में से 50 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था। भाजपा ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं। अधिकारियों के अनुसार, जिन 50 सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 36 सीट पर जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री पेमा खांडू निर्विरोध जीतने वाले 10 उम्मीदवारों में हैं। नेशनल पीपुल्स पार्टी को 5 सीट, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने 3, कांग्रेस ने 1 सीट और 3 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

● 60 सदस्यीय अरुणाचल विधानसभा में 46 सीट हासिल कीं

मोदी ने कहा- धन्यवाद अरुणाचल!

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर किए पोस्ट में कहा कि धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार।

एक नजर

प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की तलाश में जुटी एसआईटी

बेंगलुरु। एसआईटी ने महिला के अपहरण के मामले में जद (एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश में 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। भवानी हासन जिले के होलेनरसीपुरा में अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं, जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है। इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि भवानी को गिरफ्तार करने के लिए तलाश की जा रही है जो फरार हैं। उन्होंने कहा कि भवानी कहीं छिपी हुई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गुवाहाटी में आईआईएम की स्थापना को मंजूरी

गुवाहाटी। केंद्र ने असम में गुवाहाटी के पास भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही गुवाहाटी देश के उन कुछ शहरों में शामिल हो जाएगा, जहां शीर्ष शैक्षणिक संस्थान हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले 18 महीनों से केंद्र के साथ इस मामले को आगे बढ़ा रही थी, और नया संस्थान राज्य में उच्च शिक्षा के लिए 'क्रांतिकारी कदम' होगा। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि एक बड़ी खबर साझा कर रहा हूं! 2023 में हमारे अनुरोध के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान को मंजूरी देकर असम के लोगों को एक विशेष उपहार दिया है।

आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख का इनाम था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की।

सिक्किम में एसकेएम को प्रचंड बहुमत, 31 सीट जीतीं

गंगटोक। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज करके रविवार को दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सिक्किम में अपनी सत्ता बरकरार रखी। 2019 तक लगातार 25 साल राज्य पर शासन करने वाला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) महज एक सीट जीत पाया है। एसडीएफ अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीट पर हार गए हैं। एसकेएम अध्यक्ष और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी दो सीट पर लड़े और जीत दर्ज की। सिक्किम में 19 अप्रैल को पहले चरण के साथ ही विधानसभा चुनाव हुआ था।

खेत में फैले करंट की चपेट में आए दो ग्रामीणों की गई जान

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : पशुओं से फसल की सुरक्षा के लिए खेत में लगाए बिजली के तारबाड़ में फैले करंट की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई।

चंडीपुर गांव के राजबिहारी राय (55) गांव के शेर सिंह के खेत में अधिया (बटाई) में खेती करते थे। वर्तमान में उसने चार एकड़ खेत में बेमौसमी धान लगाई थी। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात खेत में ट्यूबवेल से सिंचाई हो रही थी। राजबिहारी गांव के ही मनीपद मंडल (50) को लेकर खेत में पानी देखने गए। इसी दौरान दोनों आवारा जानवरों से फसल बचाने के लिए लगाए गए बिजली की तारबाड़ में फैले करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर दोनों के परिवार में कोहराम मच गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश था। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानवरों को खेती से दूर रखने के लिए तारबाड़ में छोड़े गए करंट से बीते दिनों किच्छा क्षेत्र में भी दो लोगों की मौत हो गई थी।

राजबिहारी राय

मनीपद मंडल

● दिनेशपुर गांव में धान के खेत में पानी देखने गए थे दोनों

15 लाख पार हुआ चारधाम यात्रियों का आंकड़ा, 6 लाख ने किए बाबा केदार के दर्शन

देहरादून। चारधाम यात्रा में देश-विदेश से बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का आंकड़ा 15 लाख पार कर गया है। केदारनाथ और यमुनोत्री में भीड़ है। छह लाख से अधिक श्रद्धालु अब तक बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।

केदारनाथ के कपाट 10 मई के खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हुआ था। केदारनाथ धाम में अब तक 6,07,729 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। शनिवार को बाबा केदार के दर पर 18,939 श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। 12 मई को कपाट खुलने के बाद बदरीनाथ में भगवान बदरी-विशाल के अब तक 3,57,773 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। बीते दिवस 19,229 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

गंगोत्री में अब तक 2,62,669 और यमुनोत्री में 2,73,689 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं, 25 मई से हेमकुंड साहिब के अब तक 20,308 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

नगर निकायों में प्रशासकों का कार्यकाल तीन माह और बढ़ा

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : नगर निकायों के चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों को और इंतजार करना होगा। प्रदेश सरकार ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में प्रशासकों का कार्यकाल तीन महीने और बढ़ा दिया है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से नगर निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया होने में देरी हो रही है। इससे प्रशासकों का कार्यकाल तीन महीने और नगर निकायों के बोर्ड का गठन, जो भी पहले हो तब तक के लिए विस्तारित किया गया है।

● पिछले साल 1 दिसंबर को निकायों का कार्यकाल हो गया था खत्म
● लोस चुनाव के होने से निकाय के निर्वाचन प्रक्रिया में हो रही है देरी

प्रशासकों का कार्यकाल 1 जून को समाप्त हो गया है, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से कोई दूसरा विकल्प नहीं था, इसलिए 3 महीने के लिए प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ाया गया है।
– प्रेम चंद्र अग्रवाल, शहरी विकास मंत्री

शहरी विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। पिछले साल 1 दिसंबर 2023 को नगर निकायों के बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसके बाद जिलाधिकारियों को प्रशासक नियुक्त किया गया था। प्रशासक का कार्यकाल भी 31 मई को 6 महीने का पूरा हो गया। इधर, लोकसभा चुनाव की आचार संहिता छह जून तक प्रभावी है। ऐसे में सरकार के सामने संवैधानिक संकट की स्थिति है। सरकार ने चुनाव आयोग से अनुमति लेने के बाद प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ाया है।

कई महीनों से राज्य में निकायों के चुनाव पर कसरत चल रही है, लेकिन सरकार किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। अहम बात है कि यह मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंच गया। हाईकोर्ट ने निकाय चुनाव निर्धारित कार्यकाल में ही कराने के निर्देश दिए थे।

विमान में बम की धमकी आपात स्थिति में उतारा

मुंबई, एजेंसी

पेरिस से 306 यात्रियों को लेकर मुंबई आ रही विस्तारा की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिती में उतारा गया।

सूत्रों के अनुसार पूर्वाह्न 10 :08 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और विमान 10:19 बजे हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्र ने बताया कि पेरिस से मुंबई आने वाली इस उड़ान में 294 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे। विस्तारा ने एक बयान में पुष्टि की कि दो जून 2024 को पेरिस से मुंबई के लिए संचालित होने वाली एयरलाइन की उड़ान यूके 024 में सवार हमारे कर्मचारियों ने सुरक्षा संबंधी खामी के बारे में जानकारी दी जिसके बाद एयरलाइन ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। बयान में कहा गया कि विमान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर चुका है।

● पेरिस से मुंबई आ रही थी विस्तारा की उड़ान, 306 यात्री थे सवार

उत्तर, मध्य और पूर्व में लू धीरे-धीरे होगी कम

नई दिल्ली, एजेंसी

● पश्चिमी विक्षोभ के कारण पंजाब हरियाणा और उत्तराखंड में 5 दिनों में हल्की बारिश का अनुमान

मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में तीन दिनों तक लू कम चलने का अनुमान है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ हिस्सों और जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, ओडिशा और झारखंड के इलाकों में पांच जून तक लू चलने का अनुमान है।

अगले तीन दिनों में उत्तर पश्चिम और 48 घंटों में पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होने का अनुमान है। साथ ही इन क्षेत्रों में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का भी अनुमान है। मानसून पर मौसम विभाग ने कहा कि दो-तीन दिनों में मध्य अरब सागर, कर्नाटक, रायलसीमा, तटीय आंध्र प्रदेश, पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

बंगाल की खाड़ी से पूर्वोत्तर राज्यों तक तेज दक्षिणी हवाओं के प्रभाव से अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अगले सात दिनों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी। मौसम विभाग ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ से जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड में अगले पांच दिनों में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने का अनुमान है।

आज भी तपेगा हल्द्वानी, 4 को हो सकती है बारिश

हल्द्वानी। शनिवार शाम हुई हल्की बूंदा-बांदी के बाद रात के समय गर्मी कुछ कम रही, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। मगर रविवार को फिर से गर्मी ने लोगों को पसीना-पसीना कर दिया। सोमवार को भी मौसम विभाग ने उष्ण लहर का अलर्ट जारी किया है। रविवार को हल्द्वानी में सुबह के समय हल्के बादल छाए रहे। पूर्वाह्न होते-होते बादल हट गए। दोपहर के समय सूरज आग बरसाने लगा। साथ ही गर्म हवा भी चलने लगी। लोगों को फिर से गर्मी से जूझना पड़ा। हालांकि अधिकतम तापमान रविवार को 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने चार और पांच जून को हल्द्वानी और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। उधर, पहाड़ों में बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आई है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक पहुंच गया था। रविवार को पारा 24 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दो मालगाड़ियों में टक्कर, एक का इंजन यात्री ट्रेन से भिड़ा

फतेहगढ़ साहिब, एजेंसी

पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक खड़ी मालगाड़ी से एक अन्य मालगाड़ी के टकराने से दो लोको पायलट घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि टक्कर लगने से मालगाड़ियों में से एक का इंजन दूसरी पटरी पर चला गया और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया।

उन्होंने बताया कि सरहिंद के माधोपुर के निकट हुई घटना में लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए। फतेहगढ़ साहिब में राजकीय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि विकास के सिर और हिमांशु की पीठ पर चोट लगी है और उन्हें पटियाला के राजेंद्र अस्पताल भेज दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना से सेवाएं बाधित हो गई थीं, जिसको बहाल किया जा रहा है और कुछ ट्रेन को राजपुरा, पटियाला और धुरी तथा कुछ को चंडीगढ़ के रास्ते चलाया जा रहा है।

● सरहिंद रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा, दो लोको पायलट घायल

सार-संक्षेप

ओखलकांडा के धैना में अंधड़ से उड़ी मकान की छत। ● अमृत विचार

तेज तूफान से उड़ी मकान की छत

भीमताल : विकासखंड ओखलकांडा के ग्राम पंचायत धैना में तेज तूफान से हेमचंद्र, अमर सिंह, रमेश सिंह, नारायण राम, रामदत्त, बद्री सिंह के मकान की छत उड़ गई। मामले की जानकारी देते हुए पूर्व प्रधान कूकना मदन नौलिया ने बताया कि ग्रामीणों का काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास देने की मांग की है। वहीं भीमताल में तिकोनिया के समीप एक विशालकाय पेड़ एक आवास के ऊपर गिर गया। हालांकि घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ है। बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी, जो सुबह सुचारू कर दी गई।

गुरदयाल कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

लालकुआं : वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुरदयाल सिंह मेहरा को जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने जिला कांग्रेस का उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। छिम्वाल ने गुरदयाल को भेजे मनोनयन पत्र में कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत करते हुए अपेक्षा की जाती है कि वह कांग्रेस पार्टी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इधर, गुरदयाल सिंह के जिला उपाध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के कांग्रेसियों ने खुशी की लहर है।

आवारा गाय को गौशाला भिजवाते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

कैड़ा ने आवारा पशुओं को भिजवाया गौशाला

भीमताल : भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा ब्लॉक के खनस्यू बाजार में लंबे समय से आवारा पशु लोगों के लिए मुसीबत बने हुए थे। रविवार को विधायक राम सिंह कैड़ा ने 35 से 40 आवारा पशुओं को नित्यानंद आश्रम गौशाला हल्दूचौड़ भिजवाया। इस पर स्थानीय लोगों ने विधायक कैड़ा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रवि गोस्वामी, गजेंद्र बर्गली, राजेश रंजन, संजय कुमार समते कई लोग मौजद रहे।

कलाकारों के साथ राज्यपाल। ● अमृत विचार

बिना होटल बुक किए घूमने आए तो होगी फजीहत

नैनीताल, पंगोट और मुक्तेश्वर में होटल और गेस्ट हाउस पैक, इस माह नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों में होटल पैक रहने की संभावना

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जून माह शुरू होते ही सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है। हाल ये हैं कि नैनीताल, पंगोट, मुक्तेश्वर सहित अन्य क्षेत्रों में होटल और गेस्ट हाउस पैक हो चुके हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले सप्ताह से जून अंत तक नैनीताल व आसपास के क्षेत्र होटल और गेस्ट हाउस पूरी तरह से पैक रहेंगे। ऐसे में बिना होटल बुकिंग के नैनीताल घूमने आने वाले पर्यटकों को काफी दिक्कत उठानी पड़ सकती हैं।

इस वर्ष बर्फबारी नहीं होने से नगर का तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। अप्रैल माह में ही गर्मी का एहसास होने लगा था। हालांकि बीते दिनों हुई बारिश से तापमान 30 डिग्री से ऊपर नहीं पहुंचा। रविवार को नगर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी को देखते हुए सैलानी दिनभर अपने-अपने होटलों में ही ठहरे रहे। शाम होने के बाद नैनीताल होटलों से बाहर निकले और नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का लुक उठाया।

पंत पार्क में चहलकदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार



लोअर मॉल रोड में लगी वाहनों की लंबी कतार। ● अमृत विचार

पुलिस के ट्रैफिक प्लान से पर्यटन पर पड़ रही मार

होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि पुलिस के जगह-जगह पर्यटकों के वाहनों को रोकने से लोगों में गलत संदेश जा रहा है, जिससे नैनीताल में पर्यटकों की संख्या कम हो रही है। जून माह में कुछ होटलों को छोड़ बाकी 50 फीसदी तक ही व्यवसाय होने की संभावना है। अमूमन 25 मई के बाद काफी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुंचते थे, लेकिन पुलिस के यातायात प्लान के चलते अब वीकेंड पर भी लोग नैनीताल नहीं पहुंच रहे हैं। जिससे पर्यटन पर भारी मार पड़ रही है।

नारायण नगर, रूसी बाईपास पर रोके वाहन

भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए रविवार को दिल्ली, हरियाणा, यूपी व पंजाब से काफी संख्या में सैलानी अपने वाहनों से नैनीताल पहुंचे। नगर की पार्किंग फुल होने के बाद प्रशासन ने हल्द्वानी की ओर से आने वाले वाहनों को रूसी बाईपास, कालाढूंगी से आने वाले वाहनों को नारायण नगर और भवाली से आने वाले वाहनों को मस्जिद तिराहे पर पार्क कर पर्यटकों को शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा। जिन पर्यटकों के पास होटल की बुकिंग और पार्किंग थी, उन्हें 20-20 मिनट के अंतराल के बाद नगर में प्रवेश दिया गया।

जू शटल सेवा बंद, अवैध रूप से सवारी ढो रहे टैक्सी चालक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बीते शुक्रवार को जू शटल सेवा का टेंडर खत्म होने के बाद शनिवार को संचालक ने अवैध रूप से शटल सेवा का संचालन किया, जिसे देर शाम पालिका ने बंद कर दिया। रविवार को भारी संख्या में नैनीताल पहुंचे सैलानियों को जब चिड़ियाघर जाने में दिक्कतें हुई तो इसका फायदा टैक्सी और बाइक चालकों ने जमकर उठाया।

यातायात नियमों को ताक में रखकर तीन-तीन सवारी व टैक्सी चालकों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर चिड़ियाघर तक सवारी छोड़ी। जू शटल सेवा नहीं होने के चलते अधिकांश पर्यटक चिड़ियाघर नहीं पहुंच पाए। जिससे चिड़ियाघर को भी राजस्व में नुकसान उठाना पड़ा। वहीं जब पुलिस ने टैक्सी चालकों को रोक कर पूछा तो वे साइड सीन का बहाना बनाकर आराम से दिनभर चिड़ियाघर तक सवारी ढोते रहे। इधर, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने कहा कि पर्यटकों को चिड़ियाघर तक जाने में दिक्कत न हो, इसके लिए आरटीओ सहित पालिका की टीम निरीक्षण करेगी। जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया होने तक वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी।

अवैध रूप से सवारी ढोते टैक्सी चालक। ● अमृत विचार

अज्ञातवास में जाएंगे राहुल गांधी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : राम मंदिर निर्माण के बाद कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी समेत इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए गठबंधन को राष्ट्र विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद कांग्रेस के शहजादे गुफाएं ढूंढते हुए अज्ञातवास में चले जाएंगे।

आचार्य प्रमोद कृष्णम रविवार को भवाली स्थित बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा विपक्ष की हरकतें राष्ट्र विरोधी हो गई हैं। विपक्ष विदेशी ताकतों के हाथ में खेल रहा है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी जैसा नेता राष्ट्र कल्याण में साधकरत है तो दूसरी तरफ विपक्ष के लोग सत्ता के लालच में चुनाव खत्म होते ही जोड़-तोड़ कर सत्ता पाने के लिए बैठकें करने लगे हैं।

चार जून के बाद विपक्ष के नौसिखिए परिवारवादी पार्टी के शहजादे अज्ञातवास में चले जाएंगे और गुफाएं ढूंढते फिरेंगे और विदेश चले जाएंगे। देश की जनता इन लोगों को नकार चुकी है।

चार जून को जो चुनाव के परिणाम आएंगे वो बेहद चौंकाने वाले होंगे। एग्जिट पोल से कहीं अधिक सीट भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाएगी।

भाजपा की प्रचंड जीत के लिए की प्रार्थना



आचार्य प्रमोद कृष्णम ने विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि देश की जनता को मोदी की जरूरत है। भारत के गौरव, स्वाभिमान, एकता मजबूती के लिए मोदी जरूरी है। उन्होंने बाबा के दर में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की प्रार्थना की।

रोबिंसन सदन ने जीती मार्चिंग शील्ड

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : ऑल सेंटस कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें मार्चिंग शील्ड पर रोबिंसन सदन ने कब्जा जमाया। वही ब्रेडबरी सदन द्वितीय और मिलमन सदन द्वितीय स्थान पर रहे।

रविवार को समारोह की शुरुआत गेम्स कैप्टन ने सौहार्द, शांति और सहनशीलता का प्रतीक ऑलम्पिक मशाल के साथ की। छात्राओं ने मुख्य अतिथि को परेड के माध्यम से सलामी दी। छात्राओं ने जिमनास्टिक से शक्ति का प्रदर्शन किया। जिसमें बेस्ट मैट वर्क ट्रॉफी आकर्षी निगम, बेस्ट पार्टनर वर्क गुरसीरत कौर और अक्षरा शुक्ला, बेस्ट फायर वर्क श्रेया मेहरोत्रा, मोस्ट प्रॉमिसिंग जिमनास्ट समायरा सिद्धू, दुआ स्पेशल जूनियर कैटेगरी कइरा रावत और सीनियर कैटेगरी अनायशा चौधरी के साथ साथ बेस्ट जिमनास्ट की ट्रॉफी यशिका नंदा के नाम रही। गवर्नर कप गोल्फ टूर्नामेंट के खिलाड़ी अमायरा बजाज, नंदिनी बिष्ट, समायरा नरूला और आनिया शाह को भी ट्राफी से नवाजा गया। रिनी प्रभाकर म्यूजिक ट्रॉफी मन्नत देवगन के नाम रही और 5000 कैश प्राइज के साथ साथ एफ सी रुस्तगी मेमोरियल कप फॉर एक्सीलेंस इन आईएससी से पूरे कुमाऊं की टॉपर अरूसा बजाज को नवाजा गया।

खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

उत्तराखंड की संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी: राज्यपाल

संवाददाता, नैनीताल

आयोजन

- राजभवन में लोकमाटी के रंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- कलाकारों ने लोकनृत्य की प्रस्तुति से जीता दिल

अमृत विचार : राजभवन नैनीताल में रविवार को सांस्कृतिक संध्या लोकमाटी के रंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें संस्कृति विभाग के कलाकारों ने मनमोहक लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक लोक कला की झलक देखने को मिली। कलाकारों ने झोड़ा, झूमैलो, चांचरी, तांदी, हारूल आदि लोक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनका लोगों ने खूब आनंद लिया।

कार्यक्रम के बाद राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी हैं। यहां की संस्कृति भारत में सबसे समृद्ध संस्कृति में से एक है, चाहे वह पारंपरिक पोशाक हो या लोक नृत्य हो या कला का रूप हो, वे विरासत, परंपराओं और अनुष्ठानों में समृद्ध हैं। उन्होंने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि लोक गीत-संगीत, लोकनृत्य अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए अपनी विरासत और पहचान को जीवित रखना होगा। उन्होंने सभी टीमों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, निदेशक संस्कृति विभाग बीना भट्ट के अलावा राज्यपाल के साथ 50 वर्ष पूर्व एनडीए में ट्रेनिंग लेने वाले ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे।

सेवा केंद्र की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नैनीताल, अमृत विचार : खुर्पाताल में उत्तराखंड की भारतीय प्रशासनिक सुधार सेवा केंद्र की राष्ट्रीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें वर्तमान में समस्या का कारण बने नशा, रोजगार, जंगल जालना, भूमाफियाओं पर रोक, बेरोजगारी, पानी की समस्या, गांव में सड़क और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। डॉ. सुरेश डालाकोटी, दीवान सिंह, हरेंद्र सिंह बिष्ट को सम्मानित किया गया। बैठक में अध्यक्ष दर्श चौधरी, प्रताप सिंह, रविंद्र, लीला बोरा, सुभाष शाह आदि उपस्थित रहे।

दून में अत्याधुनिक जांच लैब की हुई स्थापना

संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून

अच्छी खबर

- प्रतिवर्ष तीन हजार नमूनों की हो सकेगी जांच

अमृत विचार : उत्तराखंड खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य उत्पादों की जांच के लिए देहरादून में एक प्रयोगशाला स्थापित की गई है। जहां अत्याधुनिक मशीनों के जरिये नकली और मिलावटी उत्पादों का पता लगाया जा सकेगा।

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि इस प्रयोगशाला में प्रतिवर्ष तीन हजार नमूनों की जांच की जा सकती है। इसमें ऑनलाइन प्रमाणीकरण की भी सुविधा है। केंद्र सरकार के सहयोग से सात करोड़ रुपये की लागत से प्रयोगशाला स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से भी मान्यता मिलने की उम्मीद है जिसके बाद यहां की जांच रिपोर्ट पूरे विश्व में मान्य हो जाएगी।

औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि इस प्रयोगशाला में एचपीएलसी, यूवी/विजुअल फोटो, एफटीआईआर, जीसीएचएस जैसी अत्याधुनिक मशीनों से जांच होती है जिनकी सटीकता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होती है। रुद्रपुर के बाद प्रदेश की यह दूसरी बड़ी प्रयोगशाला है। रुद्रपुर प्रयोगशाला की क्षमता प्रति वर्ष 1000 नमूनों की जांच करने की है जिससे इस पर बोझ रहता था। उन्होंने कहा कि नई प्रयोगशाला के बनने से खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेश में मिलावट खोरों और नकली उत्पाद बनाने और बेचने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को गति मिलेगी।

प्रयोगशाला में अभी तक दो हजार से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है। इसमें रसायन परीक्षण लैब, मानइर, मेजर, कास्मेटिक और माइक्रो बायोलॉजी लैब शामिल हैं। इन प्रयोगशालाओं में औषधि, टेबलेट, खांसी का सीरप और सौंदर्य उत्पादों की जांच की जाती है।

गर्मी में ठंडी आइसक्रीम का बाजार हुआ गर्म

हल्द्वानी, अमृत विचार : गर्मी की तपिश से बचने के लिए लोग खूब आइसक्रीम खा रहे हैं। जिले के लोग व पर्यटक हर माह में करोड़ों रुपये की आइसक्रीम खा रहे हैं। कई डेयरी कंपनियां गर्मी के माह में सालभर की आधी कमाई कर लेती हैं।

बाजार में आंचल डेयरी, मदर डेयरी, क्रीमबेल, क्वालिटी, वाडीलाल, अमूल, एचएफ सूपर आदि कंपनियों की आइसक्रीम बिक रही है। आंचल डेयरी के मार्केटिंग प्रभारी संजय भाकुनी ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस बार आइसक्रीम की मांग दोगुनी है। आंचल डेयरी का वर्तमान में आइसक्रीम उत्पादन 30 हजार लीटर से अधिक है, जो पिछले साल करीब 14 हजार लीटर था।

इसी तरह वाडीलाल कंपनी गर्मियों के महीनों में करोड़ों रुपये की आइस्क्रीम बेच लेती है। कंपनी के क्षेत्रीय मैनेजर मनीष जायसवाल ने बताया कि जिले में कंपनी का सालभर में करीब 5 करोड़ रुपये का कारोबार होता है, जिसमें से करीब 2.50 करोड़ रुपये का कारोबार गर्मियों के महीनों में ही हो जाता है।

मदर डेयरी आइसक्रीम की भी बाजार में काफी मांग है। कंपनी प्रतिमाह औसतन 50 लाख रुपये की आइसक्रीम बेच लेती है। क्वालिटी कंपनी के एरिया मैनेजर विक्रांत ने बताया कि गर्मियों में उनकी कंपनी के मांग भी दोगुनी हो जाती है। एचएफ कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर जगत गंगवार ने बताया कि उनकी कंपनी अन्य की तुलना में नई है, लेकिन कारोबार लगातार बढ़ रहा है। जिले में कंपनी की आय औसतन दस लाख रुपये प्रतिमाह है।

बातचीत बॉलीवुड गायक मोहित चौहान ने किए बाबा नीब करौरी के दर्शन

पहाड़ की संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना लक्ष्य

संवाददाता, नैनीताल

ओटीटी प्लेट फार्म ने दिया प्रतिभाओं को मौका

मोहित चौहान ने कहा कि 80 या 90 के दशक में अपनी कला का प्रदर्शन कर उसे जनता तक लाना चुनौती से कम नहीं था। पहले गीत को रिकॉर्ड करने के लिए शहर के स्टूडियो के चक्कर लगाने पड़ते थे। फिर रिकॉर्ड हुए गीत को जनता तक पहुंचाने में काफी समय लगता था। मगर अब ओटीटी प्लेटफार्म, इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपनी गायकी समेत सभी प्रकार की कला को आसानी ने जनता तक पहुंचाया जा रहा है। जिससे नई प्रतिभाओं को आसानी से मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों में आसानी ने मौका मिल रहा है।

कुमाउनी व्यंजन के दीवाने हुए मोहित

निजी दौरे पर नैनीताल पहुंचे मोहित चौहान को होटल प्रबंधन ने कुमाउनी व्यंजन परोसे, जिन्हे मोहित ने खूब पसंद किया। होटल के मैनेजर पंकज ने बताया कि मोहित और उनके परिवार का होटल पहुंचने पर बुरांश का जूस पिला कर स्वागत किया। जिसके बाद मोहित को भट्ट की दाल, पहाड़ी चावल, ककड़ी का रायत और झंगोरे की खीर दी गई, जो उनको काफी पसंद आई।

अमृत विचार : बॉलीवुड गायक मोहित चौहान अपने परिवार के साथ नैनीताल समेत कुमाऊं की शांत वादियों का दीदार करने के लिए पहुंचे हैं। रविवार को मोहित ने विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर हिमालयी राज्यों को उत्तराखंड, हिमाचल को आपदा मुक्त रखने की प्रार्थना की।

बातचीत में मोहित ने बताया कि मुंबई की थकान भरी जिंदगी से कुछ समय आराम करने के लिए कुमाऊं क्षेत्र में आया हूं। कुमाऊं की खूबसूरती के बारे में जितना सुना था, उससे कहीं ज्यादा सुंदर है। वह परिवार के साथ मुक्तेश्वर, जागेश्वर, कसार देवी समेत अन्य क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। मोहित ने कहा कि इन दिनों मैदानी क्षेत्रों में काफी गर्मी पड़ रही है, लेकिन नैनीताल का मौसम और वातावरण बहुत खूबसूरत है।

कहा कि उनका जन्म हिमाचल प्रदेश में हुआ है, उनकी पत्नी उत्तराखंड से हैं। उनका पहाड़ों से अनमोल रिश्ता है। पहाड़ी होने के नाते उनका फर्ज है यहां की बोली, भाषा, संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जाए। वह अपने गीत के माध्यम से हमेशा उत्तराखंडी और हिमाचली भाषा का प्रयोग करते हैं। उन्होंने नई फिल्म चमकीला के गीतों इश्क मिटाए और ख्वाजा में हिमाचली भाषा का समावेश करा है। मोहित ने बताया कि उनका हिमालय की वादियों से गहरा नाता रहा है। उनके अधिकांश गीतों में पहाड़ और हिमालय का वृत्तांत दिखता है।

ग्राफिक एरा के वार्षिक समारोह में प्रस्तुति देते गायक मोहित चौहान व छात्र-छात्राओं की भीड़। ● अमृत विचार

ओ नादान परिंदे घर आजा...

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक मोहित चौहान ने अपने गीतों से भीमताल के खुशनुमा माहौल को यादगार शाम में बदल दिया। मोहित के गीतों पर हजारों छात्र-छात्राएं झूमते नजर आये।

मौका था ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के वार्षिक समारोह ग्राफेस्ट-2024 का। जिसका उद्घाटन करते हुए चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला ने कहा कि पढ़ाई और उसके बाद कामयाब प्रोफेशनल बनने के साथ जो सबसे जरूरी है वह है बेहतर इंसान बनना। कहा कि बेहतर इंसान बनने के लिए टीम भावना, अनुशासन और दूसरों की मदद करने का जज्बा सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में गायक मोहित चौहान ने ओ नादान परिंदे घर आजा...गीत से युवाओं में जोश भर दिया। साथ ही ना है ये पाना ना खोना ही है..., हर पल लम्हा मैं कैसे सहता हूं... गीत से युवाओं का दिल जीत लिया। संचालन साहिब सबलोक ने किया। इस मौके पर भीमताल परिसर के निदेशक कर्नल अनिल कुमार नायर, हल्द्वानी कैंपस के निदेशक डॉ. मनीष बिष्ट, डीन एकेडमिक्स डॉ. मनोज लोहानी समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

एक नजर

स्मैक संग एक गिरफ्तार

हल्द्वानी : शनिवार देर रात बनभूलपुरा पुलिस ने गफूर बस्ती निवासी सराफत हुसैन उर्फ कबाड़ी को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से 9 .54 ग्राम स्मैक बरामद हुई। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कुछ दिन पहले भी स्मैक तस्करी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था।

सटोरिया पकड़ा

हल्द्वानी : बनभूलपुरा पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। पुलिस गफूर बस्ती निवासी बाबू के घर के पास पहुंची तभी मुखबिर ने बताया कि एक युवक सट्टा खिला रहा है। जिस पर पुलिस ने दबिश देकर उस्मान उर्फ घोड़ा पुत्र मोहम्मद उमर निवासी मलिक का बगीचा को सट्टा खिलाते रंगे हाथ दबोच लिया। उसके पास से एक मोबाइल और नगदी बरामद हुई है।

जीबी पंत विवि के कुलपति डॉ. एमएस चौहान की पहल, दुधारू किस्म के पशुओं की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही कवायद

उत्तराखंड में पाई जाने वाली बद्री गाय के क्लोन की तैयारी

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : दुनिया में सबसे अधिक पौष्टिक एवं निरोग दूध देने वाली उत्तराखंड की बद्री गाय को दुधारू बनाने की कवायद की जा रही है।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह चौहान की टीम ने इस पर रिसर्च के बाद कार्य शुरू कर दिया है। जल्द ही वैज्ञानिकों की टीम बद्री गाय की क्लोनिंग शुरू कर देगी। इसके लिए पहले चरण में उत्तराखंड बायोटेक्नोलॉजी काउंसिल की ओर से 70 लाख का बजट भी जारी कर दिया गया है। अब पहाड़ की गाय गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही पांच लीटर से अधिक दूध देगी।

कुलपति डॉ. चौहान ने बताया उन्होंने क्लोनिंग में इससे पूर्व भी कई परीक्षण किए जो सफल साबित हुए। अब उन्होंने उत्तराखंड की बद्री गाय को दुधारू बनाने की योजना बनाई है।

कहा, प्रदेश में दुधारू किस्म के पशु काफी कम हैं, इनकी संख्या बढ़ाने को वैज्ञानिकों की टीम ने उनके साथ जुड़कर प्रयोग शुरू किया है। डॉ. चौहान के अनुसार जल्द ही बद्री गाय की क्लोनिंग बन कर तैयार हो जाएगा। राज्य सरकार से पहले चरण में 70 लाख रुपये का बजट मिल चुका है। विश्वविद्यालय ने गाय के क्लोन बनाने पर 80 प्रतिशत से अधिक अध्ययन कर लिया है। जल्द ही अध्ययन पूरा का गाय का क्लोन बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

किसे कहते है क्लोनिंग...

वरिष्ठ वैज्ञानिक कुलपति डॉ. चौहान के अनुसार किसी भी पशु की क्लीनिंग के लिए उसके कान का एक छोटा सा टुकड़ा लिया जाता है। जिसके डीएनए से भ्रूण बनाया जाता है। उससे संबंधित पशु के नवजात को तैयार किया जाता है। क्लोनिंग कर नर व मादा दोनों ही बनाए जा सकते हैं।

16 साल से क्लोनिंग के क्षेत्र में काम कर रहे डॉ. चौहान

कुलपति डॉ. चौहान पिछले 16 वर्ष से इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल में देशी नस्ल की गिर से गंगा गाय का क्लोन बनाया। जो कि प्रतिदिन 15 लीटर से अधिक दूध का उत्पादन कर सकती है। साहिवाल जैसी स्वदेशी गाय की नस्लों की क्लोनिंग पर काम कर भारत की पहली क्लोनिंग मादा बछड़ा का जन्म हुआ, जिसका वजन 32 किलोग्राम था और यह सफल साबित हुआ है। उन्होंने भैंस पर भी क्लोनिंग का फॉर्मूला लागू कर करनाल में 27 ऐसी भैंस तैयार की गई है।

राज्यपाल ने की पंत विवि की सराहना

बद्री गाय के क्लोन निर्माण मामले पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही बताया डॉ. मनमोहन सिंह चौहान क्लोन निर्माण मामले में देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक हैं।

गुलदार को पकड़ने की अनुमति मिली

हल्द्वानी, अमृत विचार : मादा गुलदार और उसके दो शावकों को पकड़ने की अनुमति वन विभाग को मिल गई है। जिसके बाद वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया है।

रविवार को भी मादा गुलदार दोनों शावकों के साथ लामाचौड़ खास में नजर आई। इससे लोगों में दहशत है। पिछले चार दिनों से गुलदार ने अपने कुनबे के साथ इलाके को ठिकाना बनाया हुआ है। वन विभाग के 12 कर्मचारी गुलदार के कुनबे पर नजर रखे हैं। गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने के लिए विशेषज्ञों व डॉक्टर की टीम को मौके पर बुलाया गया है। इधर, तराई केंद्रीय वन प्रभाग के डीएफओ यूसी तिवारी ने बताया कि मादा गुलदार शावकों के साथ जिस क्षेत्र में घूम रही है वहां पर वन कर्मियों को तैनात किया गया है।

दुश्वारियां झेलने को तैयार फिर से 200 गांव के लोग

हैड़ाखान मार्ग की समस्या का अभी तक नहीं हो सका है कोई समाधान, भूस्खलन वाले रास्ते से आवागमन कर रहे लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

हैड़ाखान जाने वाली सड़क के किनारे लटकते पेड़ जो कभी भी किसी के ऊपर गिर सकते है, इनको हटाने वाला कोई भी नहीं है।

बरसात आने वाली है और हैड़ाखान जाने वाली सड़क का नहीं हो सकी है मरम्मत।

अमृत विचार : नवंबर 2022 में भूस्खलन की वजह से पसौली के पास सड़क बंद हो गई थी। यहां करीब 200 मीटर सड़क नीचे खाई में समा गई थी। जिसके चलते कई माह तक खनस्यू, हैड़ाखान, भौर्सा, रौसिल क्षेत्रों के ग्रामीणों का आवागमन ठप रहा। डेढ़ साल बाद भी यहां स्थिति जस की तस है। मानसून अगले दो सप्ताह में उत्तराखंड में पहुंच जाएगा और प्रगति यह है कि नई सड़क के लिए भूमि हस्तांतरण के लिए वन विभाग को भेजे जाने वाला प्रस्ताव भी तैयार नहीं हो सका है।

हैड़ाखान मोटर मार्ग की समस्या अब तक नहीं सुलझी है। जब भूस्खलन की वजह से सड़क बंद हुई थी। उसके बाद लोनिवि ने सड़क को लेकर सर्वे कराया तब लोनिवि ने पहाड़ की भूगर्भीय स्थिति की जांच करवाई थी। जांच में सामने आया कि जिस पहाड़ी पर भूस्खलन हो रहा है, उसकी स्थिति ठीक नहीं है। पहाड़ी कमजोर है और लगातार दरक रही है। जब पहाड़ी दरकी थी उस समय भूकंप भी आया था। इसके बाद लोनिवि ने पुरानी सड़क को ठीक करने के बजाय नई सड़क बनाने की योजना पर काम करना शुरू किया। साल 2023 का मानसून भी बीत गया। तब भी सड़क मलबा आने से कई बार बंद हुई और लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करते रहे। अब फिर से मानसून दस्तक देने वाला है। हालत यह है कि इस मानसून से पहले तो क्या इस साल भी नई सड़क का काम शुरू होने के आसार नहीं हैं। फिलहाल लोग क्षतिग्रस्त वाले हिस्से से किसी तरह आवागमन कर रहे हैं।

लोनिवि खंड भीमताल के अनुसार पास की ही पहाड़ी से दो किमी नई सड़क बनाने के लिए भूमि हस्तांतरण का प्रस्ताव फिर से वन विभाग को भेजा जाएगा। पहले जब प्रस्ताव भेजा गया था तब वन विभाग ने उसे वापस कर दिया था। करीब पौने दो साल बाद भी नई सड़क के लिए अभी प्रस्ताव तैयार ही किया जा रहा है। उसे वन विभाग से मंजूरी मिलेगी और उसके बाद में शासन सड़क बनाने के लिए बजट देगा। ऐसे में स्वयं ही अंदाजा लग जाता है कि इस सड़क मार्ग से जुड़े हुए करीब 200 गांव के लोग फिर से दुश्वारियां झेलेंगे।

> हैड़ाखान मार्ग पर क्षतिग्रस्त हो रही पहाड़ी के पास से दो किमी नई सड़क बनाने की योजना है। भूमि हस्तांतरण के लिए वन विभाग को नए सिरे से प्रस्ताव बनाकर भेजा जा रहा है।
> **-मनोज पांडे,** अधिशासी अभियंता, लोनिवि, भीमताल खंड

सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने भी साधी चुप्पी

जब पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ तब स्थानीय विधायक राम सिंह कैड़ा बार-बार आश्वासन देते रहे कि सड़क की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। लेकिन, काम के नाम पर कुछ नहीं हुआ। शुरू में विधायक आए दिन सड़क का निरीक्षण करने पहुंच जाते थे। विपक्ष ने भी इस मामले पर खूब राजनीति करी। एक बार तो नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी सड़क की समस्या को लेकर मौके पर ही धरने पर बैठे गए थे। अब सड़क को लेकर कोई गंभीर नहीं दिख रहा है।

बना रहता है हादसों का खतरा

पहाड़ी मे क्षतिग्रस्त वाले हिस्से में लोगों को वाहन चलाने में दिक्कत होती है। उबड़-खाबड़ मार्ग पर वाहन को मुश्किल से चलाया जा रहा है। एक तरफ पहाड़ी है जिससे कभी भी मलबा आने का खतरा है तो दूसरी तरफ खाई है। अगर थोड़ी सी भी गलती हो जाए तो कभी-भी जानलेवा हादसा हो सकता है।

देवीधूरा तक जाती है सड़क

काठगोदाम से हैड़ाखान होते खनस्यू के बाद में यह सड़क चंपावत जिले में देवीधूरा तक जाती है। खनस्यू, हैड़ाखान, भौर्सा, रौसिल आदि प्रमुख गांव इस क्षेत्र में पड़ते हैं। हल्द्वानी से खनस्यू तक ही बात करें तो करीब 200 गांव सड़क से जुड़े हुए हैं। इन ग्रामीणों का बाजार हल्द्वानी में ही है। साथ ही कई लोग नौकरी व अन्य कामों के लिए रोजाना ही हल्द्वानी आते-जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली पैदावार का बड़ा बाजार हल्द्वानी ही है। नैनीताल दुग्ध संघ भी इन गांवों से बड़ी मात्रा में दूध लेता है। सड़क बंद होने पर ग्रामीणों से दूध लेना भी बंद हो जाता है। साथ ही हल्द्वानी ही स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा केंद्र है।

एसटीएच में आज भी पुराने जमाने की बिलिंग व्यवस्था

संवाददाता, हल्द्वानी

एसटीएच में बिलिंग प्रक्रिया को डिजिटल करने के लिए काम शुरू किया गया है। तीन सेक्शनों को काम पर लगा दिया गया है। उम्मीद है कि जल्द की काम शुरू हो जाएगा। **-डॉ. अरुण जोशी,** प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

अमृत विचार : डिजिटल युग में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) में बिल बनाने का काम हाथ से हो रहा है। इसी वजह से बीते मार्च में बिल बनाने के मामले में लाखों रुपये का घोटाला सामने आया था। हैरानी की बात है कि अभी भी अस्पताल में हाथ से ही बिल बनाने का काम हो रहा है।

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में बिल बनाने का काम डिजिटल तरीके से होता है। इससे वहां पूरी तरह से पारदर्शिता बनी रहती है। दूसरी ओर एसटीएच में ऐसा नहीं है। यह कुमाऊं का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां आईपीडी में करीब 300 से 400 मरीज भर्ती रहते हैं और ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 1200 मरीज पहुंचते हैं। जब अस्पताल में मैन्युअल तरीके से बिल बनाने में घोटाला सामने आया था तब अस्पताल में फिर से मांग उठी थी कि अस्पताल में बिलिंग प्रक्रिया को डिजिटल किया जाना चाहिए। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी दिक्कत है कि अस्पताल का इंफार्मेशन सिस्टम काफी पुराना है। जिस वजह से इस पर दबाव ज्यादा रहता है। काम की वजह से अतिरिक्त दबाव न पड़े, इसलिए बिलिंग प्रक्रिया को मैन्युअल किया गया था। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बिलिंग प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के लिए काम किया जा रहा है, लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि इसके लिए बहीखाता, बिलिंग और आईटी सेक्शन में काम करना होगा। इन तीनों सेक्शन में समन्यवय बनाने के बाद ही काम हो पाएगा।

1.80 लाख रसीदों की करनी पड़ी थी जांच

मार्च माह में जब घोटाला सामने आया था तब जांच करने वाली टीम को 1.80 लाख बिलों की रसीदों की जांच करनी पड़ी थी। अस्पताल जब बनाया गया था तब अस्पताल में मरीज कम थे, साथ ही उस समय डिजिटल तरीके से बिलिंग करने का उतना चलन था। बाद में अन्य सरकारी अस्पतालों में डिजिटल बिलिंग की व्यवस्था कर दी गई, लेकिन एसटीएच में ऐसा नहीं हुआ।

पंखे में करंट आने से गैबुआ निवासी बीटेक छात्र की मौत

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: घर में पंखे से करंट लग जाने से युवक की मौत हो गयी। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। भाजपा नेता विपिन कांडपाल ने बताया कि शनिवार देर रात रोहित जोशी पुत्र हेमचंद जोशी निवासी गैबुआ उम्र 18 वर्ष घर में फर्राटा पंखे की चपेट में आने से झुलस गया।

रोहित। (फाइल फोटो)

आनन-फानन में परिजन उसे रामनगर सरकारी अस्पताल ले गए। जहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि रविवार सुबह युवक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक आम्रपाली इंस्टीट्यूट हल्द्वानी बीटेक का छात्र था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी एक छोटी बहन है। भाजपा नेता विपिन कांडपाल ने युवक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उसके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर है।

प्लेटफार्म पर बेहोश मिला, अस्पताल में मौत

हल्द्वानी : लालकुआं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में बेहोश मिले युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बिहार निवासी अरुण कुमार सिंह (44 वर्ष) वर्तमान में 25 एकड़ कॉलोनी लालकुआं में रहता था और एक कंपनी में काम करता था। 30 मई को वह रेलवे प्लेटफार्म लालकुआं में बेहोश पड़ा मिला था। उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। 31 मई को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

चार्जशीट दाखिल न होने से जमानत मिलना हुआ कठिन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने अभी तक अपनी चार्जशीट दाखिल नहीं की है। इधर, जमानत के लिए परेशान जेल में बंद आरोपियों के परिजन अदालत से जेल और पुलिस के चक्कर काट रहे हैं। कुछ दिन पहले ही जमानत का प्रयास करने वाले छह आरोपियों की जमानत याचिका न्यायालय ने ठुकरा दी थी और वजह थी पुलिस की चार्जशीट।

बनभूलपुरा स्थित कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) में आठ फरवरी को तब हिंसा भड़की थी, जब नगर निगम की टीम पुलिस और प्रशासन के साथ अवैध अतिक्रमण ढहाने गई थी। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस, प्रशासन और नगर निगम कर्मी व अधिकारियों पर पथराव कर दिया था। गोलियां चलाईं और कई वाहनों के साथ बनभूलपुरा थाने को आग के हवाले कर दिया था। इस मामले में तीन मुकदमे दर्ज हुए और 107 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सभी आरोपियों पर यूएपीए लगाई गई, जिससे तीन माह तक आरोपियों की जमानत नहीं हो सकी। बताया जाता है कि आठ दिन पहले छह आरोपियों की जमानत याचिका लेकर परिजन न्यायालय पहुंचे, लेकिन अर्जी न्यायालय ने खारिज कर दी।

व्यापार में साझेदार बनाने का झांसा देकर महिला ने सवा 8 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पहले ही विवादों में रह चुकी महिला पर एक और आरोप लग गया है। ताजा मामला एक कपड़ा व्यापारी से जुड़ा है।

महिला ने कॉस्मेटिक कारोबार में साझेदार बनाने के नाम पर व्यापारी से सवा 8 लाख रुपये हड़प लिए। मामला कोतवाली तक पहुंचा तो दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दे दी। कोतवाली पहुंचे कपड़ा व्यापारी का कहना है कि वह अल्मोड़ा का रहने वाला है और एक परिचित के जरिये उसकी मुलाकात हल्द्वानी में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला से हुई थी। महिला ने कपड़ा व्यापारी से कहा कि वह कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने जा रही है। अगर वह सवा 8 लाख रुपये उसके व्यापार में लगाए तो हर महीने 25 हजार रुपये कमा सकता है। व्यापार में महिला और उसका भाई 40-40 और व्यापारी 20 प्रतिशत का हिस्सेदार होगा। जब व्यापारी ने कहा कि उसे इस नए कारोबार के बारे में कुछ नहीं पता। इस पर महिला ने कहा कि उसे सिर्फ पैसे लगाने हैं, बाकी वह और उसकी टीम करेगी। व्यापारी ने पैसे दे दिए। पहले महीने महिला ने उसके खाते में 15 सौ रुपये डाले और कहा फायदा नहीं हुआ। इसके बाद उसने पैसे डाले ही नहीं। मामला भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी पहुंचा और हल नहीं निकला तो रविवार को दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। आरोपी महिला ने व्यापारी पर गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। वहीं व्यापारी का कहना है कि महिला ने व्यापार बंद कर दिया और अब आठ महीने से महिला और उसके भाई से पैसे मांग रहा है।

धोखाधड़ी

- कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने के नाम पर ऐंठे रुपये
- भोटिया पड़ाव चौकी से कोतवाली पहुंचा मामला

व्यवस्था मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना के चलते सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहन शहर में नहीं कर सकेंगे प्रवेश

कल एमबीपीजी कॉलेज के बाहर से गुजरने पर रहेगा प्रतिबंध

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन एमबीपीजी कॉलेज के बाहर से गुजरने पर मनाही है। पुलिस ने मतगणना को लेकर सभी मुख्य मार्गों से शहर में आने वाले यातायात को डायवर्ट किया है। भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा।

पुलिस के अनुसार रामपुर रोड और बरेली रोड से आने वाले वाहन तीनपानी से गौला बाईपास होते हुए काठगोदाम नरीमन तिराहे पर निकलेंगे। साथ ही पहाड़ से रामपुर रोड और बरेली रोड की ओर जाने वाले वाहन इसी मार्ग से गुजरेंगे। जबकि कालाढूंगी रोड से पहाड़ की ओर जाने वाले वाहन लालडांठ तिराहे से मुड़कर कॉलटैक्स पर निकलेंगे और यहां से नरीमन तिराहा होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। पहाड़ से कालाढूंगी रोड वापसी के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग किया जाएगा। पहाड़ से आने वाली बसें नारीमन तिराहे से गौला बाईपास रोड, गौलापुल होते हुए ताज चौराहे से बस अड्डे की ओर जाएंगी। बस अड्डों से जाने वाली बसें भी यहीं से गुजरेंगी।

04 जून को कॉलेज में होनी है लोकसभा चुनाव की मतगणना

कॉलेज के सामने एक लेन पर होगा आना-जाना

हल्द्वानी : मतगणना के दिन एमबीपीजी कॉलेज के सामने का क्षेत्र (मुख्य मार्ग के बाएं ओर का भाग) भोटिया पड़ाव चौकी से, डिग्री कॉलेज तिराहा (पेट्रोल पंप) से आवास विकास तिराहा नैनीताल रोड तक, डिग्री कॉलेज तिराहे से कुल्यालपुरा चौराहे, सरस्वती रेस्टोरेंट से महारानी होटल नैनीताल रोड तक जीरो जोन होगा। इन मार्गों पर सिर्फ लोकसभा निर्वाचन मतगणना से संबंधित वाहनों को ही आने-जाने की अनुमति होगी। वहीं कलावती तिराहा नवाबी रोड से कुल्यालपुरा चौराहा तक, पानी की टंकी से कुल्यालपुरा की ओर व दोनहरिया तिराहे से एमबी इंटर कॉलेज की ओर जीरो जोन होगा।

यहां है पार्किंग की व्यवस्था

हल्द्वानी : पार्टी पदाधिकारी, पत्रकार और लालकुआं विधानसभा के अभिकर्ता एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड में वाहन खड़े करेंगे। इसी तरह पुलिस और प्रशासन अधिकारी ठंडी सड़क और पुलिस व प्रशासनिक अन्य कर्मी गुरुतेग बहादुर स्कूल व खालसा इंटर कॉलेज ग्राउंड में वाहन खड़े करेंगे।

सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

हल्द्वानी, अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा वार मतगणना कार्मिकों का रैंडमाइजेशन किया जाएगा। 84 टेबल पर मतगणना होगी। रैंडमाइजेशन के दौरान मतगणना कार्मिकों को विधानसभा आवंटित किया जाएगा। लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से होगी। एमबीपीजी कॉलेज में जिले की छह विधानसभाओं की मतगणना 84 टेबल पर होगी। मतगणना के लिए 378 कर्मचारियों-अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनका रैंडमाइजेशन साढ़े 10 बजे एमबीपीजी कॉलेज के ब्लॉक ए के भूतल में होगा। बता दें कि एक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल लगाई गई हैं। इनमें 13 टेबल में ईवीएम और एक टेबल में वीवीपैट की मतगणना होगी। पोस्टल बैलेट की गिनती रुद्रपुर में होगी और रुद्रपुर से रिजल्ट जारी होगा। इसमें 144 मतगणना माइक्रोऑब्जर्वर, 114 मतगणना सुपरवाइजर और 120 मतगणना सहायक हैं।

आज 75 प्रतिशत अंक से ऊपर वालों को मिलेगा प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रथम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। सोमवार को प्रथम वरीयता सूची में आये विद्यार्थी जिनके इंटरमीडिएट में 75 प्रतिशत से ऊपर अंक है, उन्हें दस्तावेज जांचने के बाद प्रवेश दिया जाएगा।

राजकीय महिला महाविद्यालय में विद्यार्थी प्रवेश समिति को अपने विभिन्न दस्तावेजों की जांच कराएंगे। एमबीपीजी कॉलेज में समर्थ पोर्टल में कुल 4177 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें बीए में 2123, बीकॉम में 758, बीएससी गणित में 497 और बीएससी जीव विज्ञान में 472 पंजीकरण हुए हैं। 156 रिक्त डाटा है, जिसमें बीए में 61, बीकॉम में 47, बीएससी गणित में 33 और बीएससी जीव विज्ञान में 15 पंजीकरण हैं।

एमबीपीजी कॉलेज की ओर से जारी पहली कटऑफ वरीयता सूची में बीए में सामान्य के लिए 65 प्रतिशत, एससी में 52.40 प्रतिशत, एसटी में सभी, बीएससी पीसीएम में सामान्य के लिए 62.40 प्रतिशत, एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग, इडब्ल्यूएस में सभी, बीएससी जेडबीसी में सामान्य के लिए 62.80 प्रतिशत, एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग, इडब्ल्यूएस में सभी, बीकॉम में सामान्य के लिए 61.40 प्रतिशत, एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग और इडब्ल्यूएस श्रेणी में सभी विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

दावा डस्टबिन मुक्त का, शहर में जगह-जगह कूड़ाघर

मंडलायुक्त के निर्देश के बाद भी नहीं हुआ अमल, लोग और दुकानदार फेंक रहे हर दिन कूड़ा, अधिकारी मौन

संवाददाता, हल्द्वानी

रोडवेज वर्कशॉप के सामने नगर निगम द्वारा बनाया गया डंपिंग जोन।

टीपी नगर मंडी बाईपास रोड पर सड़क किनारे फैली गंदगी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर निगम के अधिकारी शहर को साफ-सुथरा रखने का दावा करने में माहिर हैं। अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को राज्य व देशभर में नंबर एक का तमगा दिलाने का सपना देख रहे हैं और शहर को डस्टबिन मुक्त करने का दावा किया जाता है। मगर जमीनी हकीकत यह है कि पूरे शहर में जगह-जगह कूड़ाघर बने हुए हैं, इन्हें कम करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया है।

नगर निगम ने कूड़े के जरिये अपना राजस्व बढ़ाने की योजना तो बना ली और कूड़ा कलेक्शन के लिए बैणी सेना का गठन भी कर लिया। कूड़ा कर बढ़ते-बढ़ते अब 60 रुपये प्रतिमाह हो गया है। इसके अलावा वह किराएदारों से भी कूड़ा कर वसूल रहा है, लेकिन इस ओर सुविधा देने के नाम पर कोई योजना नहीं बनाई है। शहर में जगह-जगह बने कूड़ाघरों में लोग खुलेआम कूड़ा डाल रहे हैं। जज फार्म, बद्रीपुरा, घास मंडी, केमू स्टेशन, बरेली रोड, रामपुर रोड, शनि बाजार, राजपुरा, नैनीताल रोड, नवाबी रोड, हाइडिल गेट आदि क्षेत्रों में मुख्य स्थानों पर कूड़ाघर बनाए गए हैं। दुकानदार व स्थानीय लोग इन कूड़ाघरों में दिनभर कूड़ा डालते रहते हैं, जिससे वहां से गुजरने वालों को खासी दिक्कत होती है। नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां लगभग सभी वार्डों में जाती हैं तो फिर इन कूड़ाघरों में लोगों को कूड़ा क्यों डालने दिया जाता है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है।

एक ओर शहर को डस्टबिन फ्री बनाने की बात होती है, लेकिन इस ओर नगर निगम अब तक एक प्रयास भी नहीं कर पाया है। फरवरी माह में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नगर निगम के अधिकारियों को शहर को डस्टबिन मुक्त करने के साथ ही घरों से कूड़ा उठाने की व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके विपरीत आलम यह है कि डस्टबिन मुक्त करना तो दूर, नगर निगम तब से अब तक शहर से एक भी कूड़ाघर को बंद नहीं कर पाया है। इधर, ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत विभाग की ओर से साफ-सफाई की व्यवस्था की जाती है, इसके बावजूद वहां की स्थिति भी काफी चिंताजनक है।

कूड़ा निस्तारण प्लांट भी लटका अधर में

गौला बाईपास रोड पर ट्रंचिंग ग्राउंड में प्रतिदिन कूड़ा बढ़ता जा रहा है, लेकिन नगर निगम का कूड़ा निस्तारण प्लांट का कुछ अता पता नहीं है। इस प्रोजेक्ट का कार्य शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन अधिकारियों के नकारेपन से यह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। अधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद इस ओर सक्रियता से कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की अपील भी रही बेअसर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अक्टूबर 2023 में नगर निगम के अधिकारियों से शहर को कचरा मुक्त करने की अपील की थी, लेकिन यह अपील भी बेअसर रही। अधिकारियों ने एक दिन केमू स्टेशन व रेलवे स्टेशन के आसपास सफाई कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली।

> यह नगर निगम के सेकेंडरी ट्रांसफर स्टेशन हैं, लेकिन यहां लोगों द्वारा भी कूड़ा फेंकने का शिकायत मिली है। इसके लिए कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी और कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। – **विशाल मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम

धड़ल्ले से जलाया जा रहा कूड़ा, अधिकारी बेखबर

क्रियाशाला के पीछे जंगल में कूड़े में लगी आग।

हल्द्वानी : प्रशासन की ओर से खुले में कूड़ा जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही जुर्माने का भी प्रावधान है। इसके बावजूद लोग धड़ल्ले से कूड़ा जला रहे हैं। रविवार की दोपहर को जर्ज फार्म के निकट सड़क किनारे खाली पड़े प्लॉट में खुलेआम कूड़ा जल रहा था, जिससे विषैला धुआं उठ रहा था। इससे वहां से गुजर रहे लोगों को दिक्कत हो रही थी। कुछ दिन पूर्व में भी इसी स्थान पर कबाड़ी का काम करने वाले एक व्यक्ति ने कूड़ा जला दिया था, जिस पर नगर निगम के अधिकारियों ने उसका चालान किया था, इस बार अधिकारियों को घटना की भनक तक नहीं लग पाई।

सार-संक्षेप

कार्यशाला में नाटक का मंचन करते बच्चे। ● अमृत विचार

नाटक के साथ थियेटर कार्यशाला का समापन

रामनगर : रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर जश्न ए बचपन के तहत एमपी इंटर कॉलेज में 29 जून से चल रही थिएटर कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। समापन की शुरुआत में हिमानी बंगारी, प्राची बंगारी, खुशी बिष्ट, कोमल सत्यवली की टीम ने अनेक गीत प्रस्तुत किए। पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागी बच्चों ने प्रख्यात व्यंगकार हरिशंकर परसाई की कहानी इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर का नाटक प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दिल्ली से आये वरिष्ठ रंगकर्मी प्रेम संगवारी की परिकल्पना एंव निर्देशन में प्रस्तुत नाटक ने वर्तमान व्यवस्था पर करारा प्रहार किया। नाटक में इंस्पेक्टर मातादीन की भूमिका में रोहित, प्रधानमंत्री कोमल सत्यवली, कोतवाल तान्या ,वंशिका, कन्हैया मंत्री संजय रहे। पुष्कर हॉबी क्लासेज की निदेशक पूनम गुप्ता ने जरूरतमंद खिलाड़ियों के लिए 21 सौ रुपए दिये। इस दौरान संयोजक नवेंदु मठपाल, नंदराम आर्य, सुभाष गोला, सीपी खाती, महेंद्र आर्य, पुष्पा मठपाल, सरिता डांगी, रघुबीर सिंह बिष्ट, सुमित कुमार, शबनम मौजूद रहे।

प्राइमरी विद्यालय में संगीत सीखते बच्चे। ● अमृत विचार

नन्हे बच्चों ने सीखी संगीत विधा की बारीकियां

रामनगर : प्राइमरी विद्यालय दुर्गापुरी में चल रही संगीत, नृत्य, नाट्य कार्यशाला का दूसरे दिन मुख्य अतिथि डॉ. नितिन डोमने (योगाचार्य) ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को योग संबंधित जानकारी दी तथा शुभाशीष देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आयोजक अध्यक्ष नीमा मठपाल ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को कार्यशाला में भेज सकते हैं। इस दौरान प्रकाश कोटवाल, रंजना भट्ट, अंजू अग्रवाल, दीपा कोटिया, अनीता गौड, कल्पना शर्मा, ममता नयाल, ललित बिष्ट, पंकज, कुनाल, लक्की मौजूद रहे।

लोहे के सामान के साथ चोरी का आरोपी दबोचा

रामनगर : पुलिस ने लोहे के सामान के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चुन्नु पुत्र अतीकुर्रहमान निवासी खताड़ी रामनगर ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 31 मई की रात एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 4 गाटर, लोहे की चादर, प्लेटे लोहे की चोरी कर ली। जिस पर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी ने टीम का गठन कर आरोपी इमरान पुत्र वकील निवासी फौजी कॉलोनी नागा बाबा मन्दिर पूछड़ी रामनगर को मुखबिर की सूचना पर जीआईसी मैदान खताड़ी से चोरी किए माल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

दुकानों में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते फायर ब्रिगेड कर्मी। ● अमृत विचार

तीन दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान

रामनगर : नगर से महज चार किलोमीटर दूर आमडण्डा खत्ते से सटे ग्राम रिगोड़ा में सड़क किनारे तीन दुकानों में आग लग गई। आग से लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान है। रविवार की सुबह करीब पांच बजे ग्राम रिगोड़ा में वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार की आर्ट गैलरी से मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने धुंआ निकलता देखा। जिस पर इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। आर्ट गैलरी के स्वामी दीप रजवार ने बताया कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। जिससे करीब आठ से दस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। रजवार ने बताया कि उनकी दुकान का पूरा ढांचा ही जलकर राख हो गया। आग से कॉर्बेट कलेक्शन के स्वामी अमित ठाकुर तथा नंदन सिंह की दुकान का सामान भी जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इधर, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, एसडीएम राहुल शाह, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

कैंची क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रशासन ने कसा शिंकजा

संवाददाता, गरमपानी

- **विशेष अभियान चलाकर तीन अतिक्रमण हटाए**
- **नोटिस देने के बावजूद कब्जा जमाए बैठे थे अतिक्रमणकारी**

अमृत विचार : अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर कैंची क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन ने शिंकजा कस दिया है। विशेष अभियान चलाकर तीन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। राजस्व निरीक्षक नरेश असवाल के अनुसार अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस भी जारी किया गया था। कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

तहसील कोश्या कुटोली प्रशासन व कैंची पुलिस की टीम ने कैंची क्षेत्र में हाईवे किनारे सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। एकाएक चले अभियान से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम ने पूर्व से चिह्नित तीन अतिक्रमण को हटाने का अभियान शुरु किया। पहले अतिक्रमणकारी हटने को तैयार नहीं हुए पर पुलिस व प्रशासन के सख्त तेवर देख अतिक्रमणकारियों ने खुद ही हटने में भलाई समझी। करीब डेढ़ घंटे तक चले अभियान के दौरान अतिक्रमण हटाकर सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कर लिया गया। इस दौरान राजस्व उपनिरीक्षक शकील अहमद, चौकी प्रभारी कृष्णा गिरी आदि मौजूद रहे।

लाइनों की लीकेज से बर्बाद हो रहा पानी

हल्द्वानी, अमृत विचार : जल संस्थान की पेयजल लाइनों में लीकेज से हीरानगर इलाके में पानी की बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों के शिकायत करने के बाद भी जल संस्थान की ओर से लीकेज को ठीक नहीं किया गया है, जिससे लोगों में रोष पनप रहा है। गर्मी के मौसम में हल्द्वानी शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पानी की दिक्कत खड़ी हो जाती है।

वहीं विभाग की पेयजल लाइनों में लीकेज होने से पानी नालियों में बर्बाद हो रहा है। हीरानगर निवासी राजीव वर्मा ने बताया कि कई बार विभाग के अधिकारियों को लीकेज की जानकारी दी, लेकिन अभी तक इसे ठीक नहीं किया गया है। इसके चलते लीकेज लाइनों में नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है, जिससे बीमारियों का भी खतरा बना हुआ है।

बदहाल नहर में प्लास्टिक की पन्नी बिछाकर हलक तर करने की कवायद

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बेतालघाट व कोटाबाग ब्लॉक की सीमा पर स्थित बवास गांव में पेयजल संकट से हाहाकार मचा हुआ है। गांव के बाशिंदे दूर-दराज से पानी ढोने को मजबूर हो रहे हैं। अनदेखी से मायूस होकर अब ग्रामीण नहर में प्लास्टिक की पन्नी बिछाकर गांव तक पानी पहुंचा रहे हैं।

गांवों में पेयजल संकट सिर चढ़कर बोल रहा है। रोजगार व अन्य कारणों से गांव से दूर रहने वाले लोग इन दिनों गर्मियों की छुट्टियों में गांव लौटे हैं पर पेयजल संकट देख बाहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी परेशान हैं। बेतालघाट व कोटाबाग ब्लॉक के सीमा पर बसे बवास गांव में हालात और ज्यादा विकट हो चुके हैं। गांव के करीब 20 से ज्यादा परिवार बूंद-बूंद पानी को मोहताज हो चुके हैं। कई बार गांव के बाशिंदे पेयजल व्यवस्था की मांग उठा चुके हैं, बावजूद जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण दूरदराज से पानी ढोने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के बीच महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे सिर पर पानी के बर्तन रख घरों तक पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने पेयजल संकट को दूर करने के लिए बदहाल पड़ी सिंचाई नहर में प्लास्टिक की पन्नी बिछाकर गांव तक पानी पहुंचाने की कोशिश की है, जिससे कुछ हद तक ग्रामीणों को राहत मिल रही है। पर अफसरों की अनदेखी से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। आरोप लगाया कि गांव को जल जीवन मिशन से भी नहीं जोड़ा जा सका है। स्थानीय जगत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, देव सिंह आदि ने गांव की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया है। चेताया है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को विवश हो जाएंगे।

नलकूप की मोटर खराब

हल्द्वानी : दमुवाढूंगा क्षेत्र के शाह फार्म में जल संस्थान का नलकूप ठीक हुए कुछ दिन बीते थे की रविवार को नलकूप की मोटर फिर से खराब हो गई है। जिसके चलते करीब 200 परिवारों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। इधर, जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि नलकूप की मोटर को बदलने का कार्य किया जाएगा। तब तक के लिए इलाके में टैंकर से पानी की आपूर्ति कराई जा रही है।

वाहन में बदलाव करने पर मिलेगा दिव्यांगों को टैक्स में छूट का लाभ

संवाददाता, हल्द्वानी

ई-बुक में है दिव्यांगों से संबंधित दिशा-निर्देश

दिव्यांगों को परिवहन संबंधित दिशा-निर्देशों और मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी के लिए एक ई-बुक भी संकलित की गई है। जिसमें मोटर वाहन अधिनियमों, वाहनों के रजिस्ट्रेशन और उसमें किये जाने वाले बदलावों सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। साथ ही दिव्यांगों को मिलने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया है।

अमृत विचार : परिवहन विभाग की ओर से दिव्यांगों को टैक्स में छूट और कई अन्य तरह की सुविधाएं मिलती हैं। इन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए दिव्यांगों को अपनी दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनाना होता है। साथ ही अपने वाहन के टैक्स में छूट पाने के लिए उसे वाहन में दिव्यांगता के अनुसार बदलाव कराने होते हैं। मगर देखने में आता है कि दिव्यांग अपनी दिव्यांगता का प्रमाण पत्र तो बना लेते हैं, लेकिन अपने वाहन में बदलाव नहीं कराते हैं।

वाहन स्वामी केवल प्रमाण पत्र के आधार पर लाभ लेना चाहते हैं। वाहन स्वामियों को अपने वाहन में बदलाव करने पर वाहन पर पड़ने वाले टैक्स में शत-प्रतिशत तक छूट मिलती है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल टैक्स भी नहीं पड़ता है। हल्द्वानी संभागीय परिवहन कार्यालय में पिछले दिनों एक वाहन स्वामी अपने वाहन के टैक्स पर शत-प्रतिशत छूट लेने के लिए आया। वाहन स्वामी ने 12 लाख रुपये टैक्स का भुगतान करना था, जिसमें वह शत-प्रतिशत छूट की मांग कर रहा था। विभागीय अधिकारियों ने उसे शत-प्रतिशत छूट देने से मना कर दिया।

संभागीय परिवहन कार्यालय के एआरटीओ (प्रशासन) बीके सिंह ने बताया कि दिव्यांग वाहन स्वामी छूट का लाभ तो लेना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने वाहन में नियमानुसार बदलाव कराने जरूरी हैं।

शिविर में नेत्र रोगियों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

निशुल्क नेत्र शिविर का 125 लोगों ने उठाया लाभ

रामनगर, अमृत विचार : आदर्श रामलीला समिति भवानीगंज में हंस अस्पताल सतपुली ने नेत्र परीक्षण शिविर लगाया। जिसमें 125 लोगों ने आंखों की जांच कराई। जिन्हें निशुल्क दवा तथा चश्मे वितरित किए गए। मोतियाबिंद वाले मरीजों को हंस हॉस्पिटल सतपुली में निशुल्क ऑपरेशन के लिए ले जाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता गणेश रावत ने किया। समन्वयक मुकेश नेगी ने बताया कि रामनगर और आसपास के क्षेत्र में अब तक दो दर्जन से ज्यादा शिविर लग चुके हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों का नेत्र परीक्षण करने के साथ ही 500 लोगों का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है। कल (आज) मालधन चौड़ के शिवनाथपुर में नेत्र शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर गणेश रावत, राजू रावत, नमित अग्रवाल, रामभरोसे डब्बल, अजय कुमार, सुनील कुमार त्यागी, प्रेम कुमार, यशपाल रावत, बृजेश भंडारी मौजूद रहे।

छात्रों को दी कॅरियर चुनने की जानकारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : हल्द्वानी स्थित ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के परिसर में 2 जून को कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के क्षेत्रों के कई उत्साही छात्रों ने भाग लिया। जिन्हें भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कॅरियर संबंधी जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने छात्रों को 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं और स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उपलब्ध विभिन्न कॅरियर विकल्पों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में समूह के चेयरमैन और प्रेसिडेंट प्रोफेसर कमल घनशाला ने भी शिरकत की। घनशाला ने छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी बताया, जो योग्य छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करती हैं।

रिंगोड़ा में भाजपा नगर अध्यक्ष का घेराव करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने भाजपा नगर अध्यक्ष को घेरा

रामनगर, अमृत विचार : वन ग्राम रिंगोडा की महिलाओं ने भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी का घेराव करते हुए गांव के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन की लाइन से गांव को भी बिजली देने की मांग की। बात दें कि रिंगोड़ा में तीन दुकानों में आग लग जाने से मोहान को जाने वाले बिजली पोल टूट गए थे। ग्रामीणों ने दोबारा पोल खड़े करने का विरोध करते हुए कहा कि जब तक उनके गांव को बिजली नहीं दी जाती तब तक पोल खड़े नहीं होने दिए जाएंगे। घेराव के समय विधायक दीवान सिंह बिष्ट भी एसडीएम के साथ अग्नि प्रभावित दुकानों का निरीक्षण कर रहे थे। काफी देर तक ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। अंत मे भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने ग्रामीणों को जल्द गांव में बिजली उपलब्ध कराने की कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब कहीं जाकर ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान भाजपा महामंत्री आशीष ठाकुर भी मौजूद रहे। उधर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने अग्निकांड से प्रभावित दुकानदारों को शासन से मदद दिलाने का भी भरोसा दिलाया।

तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया

नैनीताल : राजभवन नैनीताल में रविवार को तेलंगाना प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में पढ़ रहे तेलंगाना के छात्रों के साथ प्रतिभाग किया और उनसे संवाद किया। इस अवसर पर छात्रों ने उत्तराखंड में अपने-अपने अनुभव साझा किए।

राज्यपाल ने कहा कि वनों और वन्य जीव से सम्पन्न तेलंगाना एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत संजोए हुए है। राज्यपाल ने अपने सैन्य सेवा के दौरान तेलंगाना में दी गई सेवाओं के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से तेलंगाना बेहद प्रिय है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता देश का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

बेतालघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओआरएस तक नहीं

संवाददाता, गरमपानी

बदहाल व्यवस्था

- **स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी**
- **क्षेत्रवासियों ने तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने की उठाई मांग**

अमृत विचार : भाबर के साथ ही पहाड़ में भी लोग भीषण गर्मी से बीमार हो रहे हैं। ग्रामीण उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं पर बेतालघाट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में रिहाइड्रेशन रोकने के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन) तक उपलब्ध नहीं है। यह हालत तब है जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अस्पतालों में व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दे चुके हैं।

सीएचसी बेतालघाट में आसपास के सैकड़ों गांवों के बाशिंदे निर्भर है। भीषण गर्मी में पिछले एक सप्ताह में 20 से ज्यादा लोग डायरिया से पस्त होकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंच चुके हैं। जबकि हीट वेब से भी कई ग्रामीण अस्पताल पहुंच चुके हैं। हालांकि अस्पताल में मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराकर विशेष एहतियात बरतने की सलाह दी जा रही है पर रिहाइड्रेशन से बचाव को इस्तेमाल होने वाला ओआरएस अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीज बाजार से महंगी कीमतों पर ओआरएस खरीदने के मजबूर हो रहे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष बालम सिंह बोहरा व ग्राम प्रधान शेखर दानी ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। आरोप लगाया की एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री भीषण गर्मी को देख अस्पतालों में व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर तमाम गांवों के मध्य में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महत्वपूर्ण ओआरएस व समुचित दवाएं तक उपलब्ध न होना समझ से परे है। क्षेत्रवासियों ने तत्काल व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग उठाई है। इधर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी ने कहा कि इस संबंध में जानकारी जुटाई जाएगी। जल्द ओआरएस उपलब्ध कराया जाएगा। ओपीडी में तीन दिन की दवा दी जाती है।

लो वोल्टेज पर फूटा लोगों का गुस्सा, ईई का किया घेराव

गणपति विहार, जोशी विहार और चौधरी कॉलोनी वासियों ने किया प्रदर्शन, जल्द समस्या का समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बरेली रोड स्थित जोशी विहार, गणपति विहार और चौधरी कॉलोनी में पिछले पांच दिनों से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे परेशान लोगों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। उन्होंने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

आक्रोशित लोगों ने मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के जेई का घेराव करते हुए कहा कि विभाग के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी में करीब 200 परिवार लो वोल्टजे की समस्या झेल रहे हैं। पूर्व में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए विभाग को अवगत कराया गया था, मगर अभी तक ट्रांसफार्म की क्षमता में वृद्धि नहीं की गई है। लो वोल्टेज के कारण घरों में लोगों के कलूर व पंखे नहीं चल पा रहे हैं, इससे बुजुर्गों से साथ ही बच्चों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ड के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। प्रदर्शन करने वालों में सचिन जोशी, जाहिद कुरैशी, योगेश, पूजा भट्ट, संतोष, तस्वीर सलमानी, रिहाना परवीन आदि शामिल रहे।

लो वोल्टेज को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

बिजली कटौती से चढ़ा व्यापारियों का पारा, उठाना पड़ रहा नुकसान

गरमपानी, अमृत विचार : खैरना बाजार क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से क्षेत्रवासियों में भारी रोष है। स्थानीय व्यापारियों को भी खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है, बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा। व्यापारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर रोष जताया है। बाजार क्षेत्र के बाशिंदों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पेयजल संकट से जूझ रहे क्षेत्रवासी अब दिन भर में कई बार बिजली कटौती से परेशान हैं। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी ने आरोप लगाया कि ठीक पर्यटन सीजन में विद्युत व्यवस्था लड़खड़ा रही है। विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली का खामियाजा व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति के मनीष तिवारी, विरेन्द्र सिंह, बिशन सिंह जंतवाल, शिवराज सिंह आदि ने व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग उठाई है। चेतावनी दी है की यदि जल्द व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा।

बिजली व्यवस्था में सुधारीकरण के दिए निर्देश

हल्द्वानी, अमृत विचार : बिजली विभाग के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार की अगुवाई में कुमाऊं जोन के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें कुमाऊं क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए गए। रविवार को बिजली विभाग के ईई डीडी पांगती ने बताया कि हल्द्वानी इलाके में बिजली की समस्या से निजात के लिए कई बिंदुओं पर स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें 132 केवी सब स्टेशन काठगोदाम में 10 एमवीए से बढ़ाकर 12 .5 एमवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। 33-11 केवी सब स्टेशन कमलुवागांजा में अतिरिक्त 12 .5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। कालाढूंगी चौराहा में स्थापित 12 .5 एमवीए के ट्रांसफार्मर को परिवर्तित कर 132 केवी सब स्टेशन काठगोदाम से जोड़ा जाएगा। ये सभी कार्य 4 से 5 दिन के अंदर पूरे कर लिये जायेंगे।

पांडे गांव में बिजली न आने से लोगों में रोष

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : नगर से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित पांडे गांव में पिछले दो दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों में विभाग के खिलाफ रोष है। सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट और बीडीसी सदस्य ममता बिष्ट ने बताया कि पांडे गांव में शत-प्रतिशत पानी की आपूर्ति भी पंपिंग योजना से होती है। ऐसे में दो दिन से बिजली नहीं आने से क्षेत्र के लगभग चार सौ से अधिक उपभोक्ता पानी से भी वंचित हैं।

ग्राम सभा के करकोटक, भांकर जिप्टी समेत कई अन्य तोक काफी ऊंचाई में हैं। ऐसे में तेज गर्मी के चलते पहले ही पानी की कमी बनी हुई है। दो दिन से बिजली नहीं आने के कारण ग्रामीणों को पानी की किल्लत से भी गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कई बार अवर अभियंता बिजली विभाग से संपर्क करने का प्रयास किया पर उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाती है। इस संदर्भ में उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर अधिशासी अभियंता बिजली विभाग को भी शिकायत दर्ज कराई है।

ग्राम सभा में पिछले दो दिन से पानी नहीं आ रहा है। पहले ही पानी की किल्लत थी, ऐसे में अब पंपिंग योजना भी नहीं चल रही है। आचार सहिंता समाप्त होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ कार्यालय में धरना दिया जाएगा।
-नितेश बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता

सार-संक्षेप

दीप प्रज्जवलित कर बैठक का शुभारंभ करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

22 जून को होंगे वैश्य महासभा के चुनाव

हल्द्वानी : वैश्य महासभा रजिस्टर्ड की कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक रविवार को रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। जिसमें वर्ष 2023-24 का आय-व्यय का ब्यौरा रखा गया। साथ ही कॉर्पस फंड के प्रस्ताव व आय-व्यय को सदन ने ध्वनि मत से पारित किया। बैठक में संगठन के द्विवार्षिक चुनाव की तारीख व चुनाव समिति का गठन किया गया। चुनाव के लिए आगामी 22 जून की तिथि निर्धारित की गई। चुनाव समिति में भगवान सहाय अग्रवाल, श्रीकांत खंडेलवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, विनय लाहोटी तथा सुशील पप्पी का नाम सर्वसम्मति से तय किया गया है। महासभा के अध्यक्ष आलोक शारदा ने कहा कि चुनाव निष्पक्ष एवं संविधान के अनुरूप कराए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन भवानी शंकर नीरज ने किया। बैठक में सीए विजय बंसल, विनीत अग्रवाल, रामप्रसाद साहू, सुचित्रा जयसवाल, पूनम अग्रवाल, सुषमा वार्ष्णेय, सीमा देवल, भुवनेश गुप्ता, मुकेश लहरिया, अतुल जयसवाल, राजेश साहू, संजय जैन, कपिल अग्रहरी, रामबाबू साहू आदि उपस्थित रहे।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन में रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

रेलवे स्टेशन में निकाली पर्यावरण बचाओ रैली

हल्द्वानी : इज्जतनगर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों में पर्यावरण दिवस पर 3 मई से 5 जून तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को काठगोदाम रेलवे स्टेशन में पर्यावरण बचाओ रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। रैली के दौरान रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया और यार्ड ट्रैक में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक बृजलाल मीना, स्टेशन मास्टर हरीश भाकुनी समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

निर्धन कन्या का कराया विवाह

हल्द्वानी : शिवसेना परिवार और नवग्रह मंदिर समिति रानीबाग ने मोतिया पाथर लमगड़ा निवासी एक निर्धन कन्या कविता पुत्री भीम सिंह का विवाह रामपुर रोड स्थित हिंदू धर्मशाला में कराया। मंदिर समिति व शिवसेना ने वर-वधू को घरेलू उपयोग की वस्तुएं कन्यादान के रूप में भेंट की। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश, नवीन चंद्र जोशी, हेमंत कुमार, रूपेंद्र नागर, रेनू अधिकारी आदि मौजूद रहे।

कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से मोहा मन

कार्यक्रम

- स्व. आरएस शारदा स्मृति संगीत समारोह का आयोजन
- बांसुरी वादन से रविंदर राजपूत ने किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : स्वर संगम संगीत संस्थान व संगीत संकल्प की ओर से आयोजित स्व. आरएस शारदा स्मृति संगीत समारोह में शास्त्रीय संगीत कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी।

नैनीताल रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के युवा बांसुरी वादक रविंदर राजपूत ने मधुर बांसुरी वादन से सबका मन मोह लिया। वरिष्ठ तबला वादक आकाशवाणी दिल्ली के फर्रुखाबाद घराने के कलाकार पं अनूप घोष ने तबला संगीत की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त दीपक रावत ने संगीत समारोह के आयोजन के लिए स्वर संगम हल्द्वानी के प्रयास की सराहना की और उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिये बांसुरी, सितार, कथक नृत्य व तबला कलाकारों की प्रशंसा की। इससे पूर्व आचार्य हरीश चंद्र पंत की काव्य रचना 'जग जननि मां वीणा पाणि' व वृंद गान दल के कलाकारों ने भातखण्डे संगीत विद्यालय लखनऊ की प्रोफेसर स्व. पंडित जीएन नातू की राग भीमपलासी में राग रचना 'पिया पास ले जारे' पर शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नीरज शारदा, पं. चंद्र शेखर तिवारी, उषा पंत, निशा तिवारी, विनीता पांडे, डॉ. मुकेश चंद्र पंत, नवीन चंद्र वर्मा, पं. कुशाल दास, सौमेंद्र गोस्वामी, मिताली पंत, रेनू तिवारी, डॉ. रंजना उपाध्याय और डॉ. वंदना चौबे उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

मंडलायुक्त दीपक रावत का स्वागत करते आयोजक।

गन्ने की फसल पर चोटी बेधक लगने की आशंका

संवाददाता, हल्द्वानी

खेती-किसानी

- कीट पर नियंत्रण नहीं होने से फसल चौपट होने का खतरा
- कृषि विशेषज्ञों की किसानों को फसल पर ध्यान देने की सलाह

अमृत विचार : जून माह में गन्ने की फसल पर चोटी बेधक कीट लगने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में किसानों को अपनी फसल का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। समय रहते इस कीट पर नियंत्रण नहीं किया गया तो गन्ने की फसल चौपट होने का खतरा बढ़ जाता है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार गन्ने की फसल पर साल भर में तीन बार चोटी बेधक कीट लगने से नुकसान की आशंका रहती है। जून माह में कीट पर नियंत्रण करना काफी मुश्किल हो जाता है। इस दौरान किसानों को फसल पर खास ध्यान देना होता है। चोटी बेधक कीट गन्ने की पत्ती की निचली सतह पर बैठकर फसल को नुकसान पहुंचाता है। लगातार बढ़ती गर्मी में कीट लगने से गन्ने की पैदावार पर भी असर पड़ सकता है।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. सी. तिवारी ने बताया कि गर्मी बढ़ने से गन्ने में चोटी बेधक कीट लगने का खतरा रहता है। कीट के हमले से गन्ने के पौधे का विकास रुक जाता है और इसका असर पैदावार पर पड़ता है। यदि किसानों को गन्ने की पौधे में कीट के अंडे दिखाई दें तो उससे प्रभावित पत्तियों को तोड़कर नष्ट कर दें।

एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

रवि कांडपाल अध्यक्ष, जिआ उल हक बने सचिव

हल्द्वानी : उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन रविवार को संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों को चुना गया। मुखानी चौराहा स्थित एक होटल में बैठक के दौरान पर्यवेक्षक जीसीइसी मेंबर ऑफ एफएमआरआई रामेश्वर पांडेय मौजूद रहे। उन्होंने पिछले एक साल के काम-काज का ब्यौरा प्रस्तुत किया। संगठन की हल्द्वानी नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अध्यक्ष पद पर पुनः रवि कांडपाल, सचिव पद पर जिआ उल हक और कोषाध्यक्ष के पद पर पुनः सचीन्नंद शुक्ल को चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर दिनेश सनवाल और राजीव पाठक, सह सचिव पद पर संजीव श्रीवास्तव और उदय गुप्ता को चुना गया। सौरभ रस्तोगी, तन्मय जोशी, मोहन सिंह, अंशुल शर्मा, गौरव बिष्ट, नीलेश, सुनील आर्या, उत्कर्ष मिश्रा को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

वर्ल्ड कप में कॉमेंट्री करता दिखेगा नन्हा सोमांश

रामनगर : बॉलीवुड कलाकार व रामनगर के लिटिल चैम्प सोमांश सिंह डंगवाल ने छोटी सी उम्र में बड़े कारनामे शुरू कर दिए हैं। बॉलीवुड डांस से एंट्री के बाद सोमांश ने अपने कॅरियर पर लगातार बढ़त बनाई हुई है। उनके पिता पूर्व सैनिक व निवर्तमान सभासद भुवन सिंह डंगवाल ने बताया कि अभी कुछ ही दिन पहले वह क्रिकेट की दुनिया में आईपीएल में कॉमेंटी करते हुए नजर आया था। अब आगे बढ़ते हुए छोटे लिटिल चैम्प बिना क्रिकेट खेले वर्ल्ड कप 2024 में कॉमेंटी करके फिर से धमाल मचाने को तैयार है। बताया कि पहले सोमांश कलर्स टीवी के साथ काम कर रहा था, अब वह स्टार स्पोर्ट्स के साथ काम कर रहा है। वर्ल्ड कप में कॉमेंटी करने की सूचना से परिवार में खुशी का माहौल है।

बाएं से दूसरा बालक सोमांश। ● अमृत विचार

तीसरी, आठवीं एवं इंटर के छात्रों को नहीं मिली किताबें

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जनपद के राजकीय विद्यालयों में पहली कक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक अधिकांश किताबें पहुंच चुकी हैं, लेकिन तीसरी कक्षा में इवीएस और आठवीं व इंटरमीडिएट की कक्षा में विज्ञान की किताबें अभी तक नहीं पहुंची हैं। आमतौर पर अप्रैल-मई माह में किताबें बांट दी जाती हैं। इस शिक्षा सत्र में लोकसभा निर्वाचन के कारण किताबों के वितरण का आदेश देरी से जारी हुआ, जिस कारण किताबें बांटने में भी देरी हो रही है।

विभाग का कहना है कि अगले शिक्षा सत्र में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले किताबें बांटी जाएंगी। जिले में कुल 6 लाख किताबें आईं थी, जिसमें अभी तक लगभग 5 लाख किताबें बांटी जा चुकी हैं। 15 जून को किताबें बांटने की अंतिम तिथि है। किताबें बांटने के लिए 75 दिन की समयसीमा होती है। किताबें कक्षावार प्रकाशित की जाती हैं। वर्तमान में पांच प्रिंटिंग प्रेस के माध्यम से किताबें प्रकाशित की जाती हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने बताया कि सभी किताबें बांटी जा रही हैं और निर्धारित तिथि तक सभी विद्यालयों को किताबें बांट दी जाएंगी। इधर, आईटीआई में 15 जून के बाद प्रवेश होंगे। निर्वाचन संपन्न होने के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उप निदेशक मयंक अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न ट्रेड के लिए इच्छुक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

एग्जिट पोल से भाजपाई हुए गदगद

रामनगर, अमृत विचार : एग्जिट पोल सर्वे आने से भाजपा कार्यकर्ता गदगद हैं। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फिलहाल चुप्पी साधी है, उन्हें चार जून को आने वाले परिणाम की प्रतीक्षा है।

भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने कहा कि तीसरी बार जनता प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को देखना चाहती है, यह अब साबित हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड की पांचों सीटों पर फिर से भाजपा अपना परचम लहराने जा रही है। वहीं, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबन्धु रावत ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजों को देखकर कांग्रेस कार्यकर्ता विचलित नहीं है। एग्जिट पोल कई बार गलत भी साबित हो चुके हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता मतगणना स्थल पर मौजूद रहकर परिणामों के आने की प्रतीक्षा करेगा।

स्नातक-डिप्लोमा धारक भी करा सकेंगे डाक जीवन बीमा

संवाददाता, हल्द्वानी

बीमा के तहत मिलेंगी ये सुविधाएं

डाक जीवन बीमा के तहत मिलने वाली सुविधा में निवेश की सुरक्षा पर सरकार की गारंटी, धारा 80-सी के तहत आयकर में छूट, कम प्रीमियम व अधिक बोनस, पॉलिसी पर लोन की सुविधा, ऑनलाइन प्रीमियम जमा के अलावा देश के किसी भी डाकघर में प्रीमियम जमा करने की सुविधा और अग्रिम प्रीमियम पर छूट दी जाती है।

अमृत विचार : डाक विभाग ने सरकारी और अर्द्ध सरकारी कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवच के रूप में शुरू की गई डाक जीवन बीमा पॉलिसी का दायरा बढ़ा दिया है। इसका लाभ अब सरकारी और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के स्नातक एवं डिप्लोमा धारक भी उठा सकते हैं।

प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर गौरव जोशी ने बताया कि अभी तक यह योजना स्नातकों और डिप्लोमा धारकों के लिए नहीं थी, लेकिन अब वे भी अपना डाक जीवन बीमा करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय व संस्था के सभी स्नातक-डिप्लोमा धारक भी डाक जीवन बीमा का लाभ उठा पाएंगे। डाक जीवन बीमा के तहत 20 हजार से 50 लाख रुपये तक का बीमा करवाने की सुविधा देशभर के डाकघरों में उपलब्ध है। बोनस की दर आकर्षक होने के कारण यह योजना बेहद लोकप्रिय है। डाक जीवन बीमा देश की सबसे पुरानी बीमा योजना है। इसकी शुरुआत 1884 में हुई थी। डाक जीवन बीमा के लिए पात्रता में अभी केंद्र व राज्य सरकारों के कर्मचारी, सार्वजनिक उपक्रमों, सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, रक्षा सेवाओं, अर्द्ध-सैन्य बलों तथा निजी क्षेत्र के पेशेवरों जैसे इंजीनियर, डाक्टर, बैंकर, वकील, आर्किटेक्ट, पत्रकार और नेशनल स्टाक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों के कर्मचारी शामिल थे।

अच्छी पहल

बेरोजगारों को प्रशिक्षण देने के बाद उत्पाद बेचने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा बाजार

रीप परियोजना की मदद से स्वरोजगार को लग रहे पंख

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) की मदद से स्वरोजगार को पंख लग रहे हैं। जिसमें बेरोजगारों को रोजगार परख कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण देने के साथ ही उनके उत्पादों को बाजार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

योजना के तहत हल्द्वानी ब्लॉक में अलग-अलग समूहों से जुड़े पांच हजार से अधिक लोगों के पांच कलस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) बनाए गए हैं, जिन्हें अलग-अलग प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही इन सीएलएफ के तैयार किए गए उत्पादों की मार्केटिंग भी की जा रही है, जिससे इनके उत्पादों के उचित दाम मिल सकें। वर्तमान में हिमालय व अलकनंदा सीएलएफ सफलतापूर्वक कारोबार कर रहे हैं, जिन्होंने पिछले साल करीब 5.5 लाख रुपये का कारोबार किया है।

इसके अलावा 60 से अधिक निर्धन वर्ग के परिवारों को पशुपालन, सिलाई, ब्यूटीपार्लर के लिए प्रति परिवार 35 हजार रुपये ब्याज रहित ऋण दिया गया है। साथ ही 30 व्यक्तिगत उद्यम स्थापित किए गए हैं, जिसमें परियोजना की ओर से प्रति उद्यम के लिए 36 हजार रुपये दिए गए। जिसमें हस्तशिल्प, मशरूम, फूड प्रोसेसिंग आदि की इकाइयां संचालित की जा रही हैं। परियोजना में क्लाइपेट स्मार्ट एग्रीकल्चर के तहत किसानों को भी उच्च गुणवत्ता के बीज सब्सिडी में दिए जा रहे हैं, जिसे उनका उत्पादन व आय बढ़ सके। किसानों को बीज बैंक स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

परियोजना के विकासखंड समन्वयक मनोज भट्ट ने बताया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है, जिससे उनकी आय बढ़े और पलायन पर भी रोक लग सके।

कार्यक्रम के दौरान लगे स्टॉल में उत्पादों के साथ समूह की महिलाएं। ● अमृत विचार

सिद्ध बूबू मंदिर में भागवत कथा शुरू

गरमपानी, अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के मल्ली पाली गांव स्थित सिद्ध बूबू मंदिर में श्रीमद् भागवत का श्रीगणेश हो गया। विशेष पूजा अर्चना के साथ क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि को प्रार्थना की गई।

धर्माचार्यों ने यजमान गणेश दत्त, भैरव दत्त, मोहन चंद्र, पूरन चंद्र, हरीश चंद्र आदि यजमानों से विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। कथा व्यास पंडित नंद किशोर जोशी ने कथा पाठ करते हुए ईश्वर की लीलाओं का गुणगान किया। बताया की जिस स्थान पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होता है वह क्षेत्र तमाम आपदाओं से मुक्त हो जाता है। इस दौरान भजन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति से समा बांधा।

16 कुमाऊं रेजीमेंट का स्थापना दिवस मनाने सेवानिवृत्त सैनिक। ● अमृत विचार

पूर्व सैनिकों ने स्वर्णिम दौर को किया याद

हल्द्वानी : 16 कुमाऊं रेजिमेंट (मैनइटर्स बटालियन) का 58वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्ची नगर स्थित बैंक्वेट हॉल में मनाए गए स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि कैप्टन नरेंद्र सिंह कार्की ने मां कालिका के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। जिसके बाद शहीदों को याद किया गया और दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रेजिमेंट के स्वर्णिम इतिहास को याद किया। इस दौरान मुख्य अतिथि कैप्टन नरेन्द्र सिंह कार्की, कैप्टन कल्याण सिंह, कैप्टन पूरन चंद्र पांडे, कप्तान चरण सिंह, सूबेदार हयात सिंह बिष्ट, कैप्टन पूरन चन्द्र, नायब सुवेदार कैलाश थापा, हवलदार मनीष जोशी, हवलदार सुरेश सिंह मौजूद रहे।

गर्मी से सूख रही तराई, मूंग की खेती कराएगी कमाई

पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की गर्मियों के लिए पंत मूंग-5 और पंत मूंग-2, बेमौसम धान की खेती की बनेगी विकल्प

अमृत विचार एक्स्क्लूसिव

मृगांक मौली, पंतनगर

अमृत विचार : किसानों को बेमौसमी धान से दूर कर अधिक लाभ कमाने के लिए पंतनगर विवि के वैज्ञानिक ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन मूंग की दो किस्में पंत मूंग-2 व पंत मूंग-5 विकसित की हैं। जिनके उपज परिक्षणों से साबित हुआ कि बेमौसमी धान के स्थान पर ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती से किसानों को औसतन 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर शुद्ध लाभ होता है। मूंग की खेती में विशेष लागत भी नहीं आती, क्योंकि फसल में कीट-व्याधियों का प्रकोप नहीं के बराबर होता है।

देश की आजादी के बाद बढ़ती जनसंख्या का पेट भरने के लिए खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ाने की अत्यंत जरूरत थी। जिसके लिए देश में कृषि शिक्षा, शोध व प्रसार से गेहूं व धान की एक से बढ़कर एक उन्नतशील प्रजातियां व उनकी उत्पादन तकनीकें विकसित कर किसानों को आधुनिक तरीकें से खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिससे 70-80 के दशक में देश में गेहूं व धान के उत्पादन में चमत्कारिक वृद्धि हुई। वहीं दूसरी ओर अधिक उर्वरकों, कीट-रोग नाशक रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग और जल के दोहन के चलते हरितक्रांति के दुष्परिणाम भी सामने आने लगे। वहीं बेमौसमी धान की खेती किसानों के लिए लाभदायक रही, लेकिन इससे जलस्तर और घटता गया। जिसके चलते पंजाब में बेमौसमी धान की खेती पर रोक लगा दी गई। जबकि हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में इसकी खेती को रोकने के लिए आवाजें बुलंद होने लगीं।

ग्रीष्मकालीन पंत मूंग-5। ● अमृत विचार

ऐसे करें ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती

पंतनगर : ग्रीष्मकालीन मूंग की बुवाई का उचित समय मार्च का दूसरा पखवाड़ा है। खेत की तैयारी लाईनों में बिजाई करनी चाहिए। एक हेक्टे. में बिजाई के लिए 20-22 किग्रा. बीज पर्याप्त होता है। लाइन से लाइन की दूरी 30 तथा पौधे से पौधे की दूरी 5-7 सेमी. रखें। खरपतवार प्रबंधन के लिए बुवाई के तुरंत बाद पेंडिमिथीलीन की 3 .3 लीटर मात्रा 400 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। फूल आने के समय यदि थ्रीप्स कीट को प्रकोप दिखाई दे, तो एक मिली. फिफरोनिल का एक लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव कर दें। ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल मात्र 60-65 दिनों में पककर तैयार हो जाती है। वैज्ञानिक विधि से खेती में औसतन 12-14 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मूंग की पैदावार होती है।

पंतनगर विवि के कुलपति और निदेशक बोले

मिट्टी की घटती उर्वरा शक्ति, कम होते जल संसाधन और वातावरण को रसायनों के हानिकारक प्रभाव से बचाने सहित अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ आबोहवा उपलब्ध कराने के लिए अत्यंत आवश्यक है, कि किसान बेमौसमी धान की खेती के बजाय ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती करें। इससे न केवल मिट्टी का स्वास्थ्य ठीक रहेगा बल्कि प्रोटीन से भरपूर मूंग दाल की उपलब्धता भी बढ़ेगी। इससे किसान भी मालामाल होंगे।
-डॉ. मनमोहन सिंह चैहान, कुलपति पंतनगर विवि

एक किग्रा. चावल पैदा करने के लिए लगभग 2300 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। अत: आवश्यक है कि बेमौसमी धान के स्थान पर ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती की जाए। पंतनगर विवि द्वारा विकसित मूंग की किस्में पंत मूंग-2 व पंत मूंग-5 गर्मी में मूंग की खेती के लिए उचित हैं। इसके अलावा मूंग की ग्रीष्मकालीन खेती के लिए उत्तर पश्चिमी भारत में किसान मूंग की एसएमएल-668, पूसा विशाल, आईपीएम-2-3 व सम्राट आदि किस्मों को अपने क्षेत्र के अनुसार चुनाव कर खेती से अधिक लाभ कमा सकते है। **-डॉ. एएस नैन**, निदेशक शोध, पंतनगर विवि

घटते जल संसाधनों व मिट्टी की घटती उर्वरा शक्ति के चलते अब समय आ गया है कि बेमौसमी धान की खेती के स्थान पर ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती की जाए, किसानों के लिए यह बेहतर विकल्प है। वैसे तो मार्च के अंत तक ग्रीष्मकालीन मूंग की बिजाई कर देनी चाहिए। फिर भी गेहूं की कटाई के बाद अप्रैल के पहले सप्ताह तक भी किसान मूंग की फसल बो सकते है। इसके बाद समय से बरसात के समय मध्य जून से धान की रोपाई भी की जा सकती है।
-डॉ. संजय कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक फसल अनुसंधान केंद्र, पंतनगर विवि

काशीपुर में सूरज की तपिश से बचने के लिए मुंह ढक कर निकलते लोग।

नौतपा के बाद तराई को गर्मी से मिलेगी थोड़ी राहत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : नौतपा के बाद तराई में लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिलने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। उन्होंने अगले चार दिन तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट होने की संभावना जताई है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश की आशंका जताई है।

आपको बता दे कि मौसम वैज्ञानिकों ने 25 मई से दो जून तक नौतपा के होने की आशंका जताई थी। नौतपा के दौरान 30 मई को अब तक का सबसे अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं 18 किलोमीटर की अधिकतम रफ्तार से हिट वेव भी चली। वहीं नौतपा के खत्म होने के बाद मौसम वैज्ञानिकों ने तापमान में कमी होने की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि अगले पांच दिन तराई का अधिकतम तापमान 38 डिग्री से 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। उन्होंने बताया कि लोगों को हिट वेव से भी राहत मिलेगी।

हल्द्वानी में बिजली संकट पर यूपीसीएल के एमडी नाराज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार यादव ने कुमाऊं का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कई 33 केवी बिजली घरों का निरीक्षण किया। स्थानीय अधिकारियों को सजग रहने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही अपरिहार्य कारणों के अलावा छुट्टी पर रोक लगा दी है। वहीं उन्होंने यूपीसीएल के अधिकारियों के साथ रुद्रपुर में एक बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने हल्द्वानी में लगातार हो रही बिजली की समस्या पर नाराजगी व्यक्त की।

रविवार को कई बिजली घरों के निरीक्षण के बाद यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक ने रुद्रपुर, हल्द्वानी और चंपावत के सभी अभियंता को ब्रेक डाउन की स्थिति में उसे तुरंत ठीक करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर की कोई नहीं है। सभी को ट्राली ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिए गये हैं। कोई भी ट्रांसफार्मर जलता है तो उसे तुरंत बदला जाए। अगर ट्रांसफार्मर का लोड अधिक हो रहा हो तो तुरंत उसकी क्षमता बढ़ायी जाए। हल्द्वानी में हो रही बिजली की समस्या पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही कहा कि भविष्य की कार्ययोजना और नई बिजलीघरों के लिए तुरंत जमीन चिह्नित करें।

बिजली घर का निरीक्षण करते यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार यादव व अन्य।

इस दौरान उन्होंने 132 केवी सब स्टेशन काठगोदाम में ट्रांसफार्मर की क्षमता 10 एमवीए से बढ़ाकर 12.5 एमवीए करने, 33/11 केवी सब स्टेशन कमलुवागांजा में एक अतिरिक्त 12.5 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित करने, 33/11 केवी सब स्टेशन केडी चौराहा में स्थापित 12.5 एमवीए को 132 केवी सब स्टेशन काठगोदाम से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंताओं को 4 से 5 दिन के भीतर इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि हल्द्वानी में हो रही बिजली की समस्या का निराकरण हो सके। इस अवसर पर मुख्य अभियंता नवीन टोलिया, अधीक्षण अभियंता रुद्रपुर शेखर चंद्र त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता जीएस कार्की समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

भूसे के ढेर और झाड़ियों में लगी आग

काशीपुर: अज्ञात कारणों के चलते झाड़ियों और भूसे के ढेर में आग लग गई। दमकल की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। शनिवार की देर रात फायर स्टेशन को सूचना मिली कि राघव माधव कुंज कॉलोनी के पास में आग लग गई है।

आग की सूचना के बाद लीडिंग फायरमैन खीमानंद के नेतृत्व में यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। जहां पर उन्होंने खाली प्लाट की झाड़ियां में लगी आग को बुझाया। समय रहते आग बुझाने से आग रिहायशी इलाकों तक नहीं पहुंच पाई। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। वहीं रविवार को दड़ियाल रोड नियर बाधवा ग्रीन रिजॉर्ट के पास तीन भूसे के ढेर में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंचकर फायर स्टेशन की टीम ने भूसे के ढेर में लगी आग को बुझाया।

बारातियों के लिए रखे गोमांस के साथ दो गिरफ्तार, दो फरार

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : पुलिस ने एक घर में बारातियों के लिए गोमांस बनाने की सूचना पर छापा मारा। पुलिस को घर से 1 कुंतल 20 किलोग्राम प्रतिबन्धित गोमांस मिला। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

रविवार को थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने मामले का खुलासा कर बताया कि मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष जसवीर चौहान, पशु चिकित्साधिकारी रवि शंकर झा और पुलिस टीम के साथ ग्राम धीमरखेड़ा निवासी मोहम्मद सद्दीक पुत्र शब्बीर के घर पर प्रतिबन्धित गोमांस होने की सूचना पर छापा मारा। इस दौरान गृह स्वामी के घर बारातियों के लिए गोमांस बनाने की तैयारी हो रही थी। पुलिस को घर में देख परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घर के अंदर से 120 किलोग्राम गोमांस के टुकडे, एक तराजू, दो छुरी बरामद हुए। पुलिस को देखकर दो लोग भागने की कोशिश करने लगे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अपना नाम मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद शफी और मोहम्मद सद्दीक पुत्र शब्बीर बताया। उनके साथ इदरीश पुत्र मो. सद्दीक, कासिम पुत्र वासिर निवासी धीमरखेड़ा भी शामिल थे। वह पुलिस को देखकर फरार हो गए। थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि आरोपितों के आपराधिक इतिहास के बारे जानकारी की जा रही है। उन्होंने कहा फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गदरपुर में पकड़े गए आरोपितों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

दो बेटियों की बारात आनी थी

जिस घर में पुलिस ने छापा मार कर 1 कुंतल 20 किलो प्रतिबंधित मांस और काटने वाले औजार पड़े थे उसे घर के स्वामी की दो बेटियों की आज शादी थी और दोपहर में बारात आनी थी सूत्र बताते हैं की बारातियों के लिए प्रतिबंधित मांस को काटा गया था पुलिस की कार्रवाई से शादी में रंग में भंग पड़ गया। वहीं गोमांस पकड़ने की सूचना पर लड़का पक्ष बारात लाने की बजाय चंद लोगों के साथ ही ग्राम ढीमरखेड़ा पहुंचे और निकाह कर दोनों दूल्हे लड़कियों को ले गए।

रविवार को 38.5 डिग्री रहा तराई का तापमान

काशीपुर : जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 38 .5 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 27 .3 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि रविवार को दक्षिण पूर्व से 9 .5 किलोमीटर हवाएं चली।

पिकअप और बाइक की भिड़ंत में घायल

बाजपुर: पिकअप और बाइक की भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रविवार की प्रातः करीब 6 बजे मोहल्ला बांकेनगर बाजपुर निवासी किशोर पुत्र रामभरोसे घर से बाइक पर रुद्रपुर की ओर जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच मुख्यमार्ग पर इंटर कालेज मार्केट में मोहल्ला आलापुर की ओर से आ रहे पिकअप चालक ने गलत तरीके व लापरवाही से वाहन चलते हुए बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि किशोर हलवाई का कार्य करने के लिए बाजपुर से रुद्रपुर की ओर जा रहा था।

हाउस टैक्स जमा न करने पर भेजेंगे नोटिस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पिछले वित्तीय वर्ष में नगर निगम हाउस टैक्स धारकों से 23 फीसदी की टैक्स वसूली कर पाया है। इसको लेकर निगम के कर विभाग की टीम ने ऐसे हाउस टैक्स धारकों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सूची तैयार होने के बाद 15 जून से विभाग सभी को नोटिस भेजना शुरू कर देगा।

दरअसल, रुद्रपुर नगर निगम में वर्ष 2017 में परिसीमन से पूर्व 20 वार्ड शामिल थे। परिसीमन के बाद निगम में 20 अन्य वार्ड और जुड़ गये और निगम में वार्डों की संख्या 40 पहुंच गयी। हालांकि पूर्व में सरकार ने नये शामिल वार्डों में दस साल तक हाउस टैक्स नहीं लेने का फैसला लिया था। इस कारण निगम नये शामिल 20 वार्डों से टैक्स की वसूली नहीं करता है। निगम के कर विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में निगम जिन हाउस टैक्स धारकों से टैक्स की वसूली करता है उनकी संख्या 25 हजार के करीब है। कर विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष में हाउस टैक्स वसूली का लक्ष्य 3 करोड़ 35 लाख रुपये रखा गया था, लेकिन वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के अंत तक टीम 2 करोड़ 77 लाख रुपये का ही टैक्स वसूल कर पायी थी यानी विभाग इस वित्तीय वर्ष में 77 फीसदी ही हाउस टैक्स की ही वसूली कर पाया, जबकि 23 फीसदी कर की वसूली नहीं हो पायी। अब विभाग ने ऐसे हाउस टैक्स धारकों की सूची तैयार कर नये वित्तीय वर्ष में टैक्स वसूली की रूपरेखा तैयार कर रहा है।

तैयारी

- **नगर निगम की सूची बनाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में**
- **विगत वर्ष लक्ष्य के सापेक्ष हुई 23 फीसदी कम हुई टैक्स की वसूली**

पिछले वित्तीय वर्ष में कर विभाग लक्ष्य के सापेक्ष 77 फीसदी हाउस टैक्स की वसूली कर पाया, जबकि 23 फीसदी टैक्स की वसूली नहीं हुई है। जिन लोगों ने तय समय पर हाउस टैक्स जमा नहीं किया है उनकी सूची तैयार की जा रही है। 14 जून तक यह सूची तैयार हो जाएगी। 15 जून से सभी को नोटिस भेजना शुरू कर दिया जाएगा।
-लता आर्या, कर अधीक्षक, नगर निगम, रुद्रपुर

कृषि महाविद्यालय बना फुटबाल चैंपियन

संवाददाता पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में कृषि महाविद्यालय ने वेटरनरी कॉलेज को 5-0 से हराकर चैंपियनशिप जीत ली। रविवार को विवि के स्टीवेंसन स्टेडियम में प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पहले हॉफ तक दोनों टीमें बिना गोल किए बराबरी पर रहीं, परंतु दूसरे हाफ के 8वें मिनट में वेटरनरी कॉलेज के खिलाड़ी सर्वेश राय के आत्मघाती गोल से एग्रीकल्चर की टीम एक-0 से आगे हो गई। इसके बाद एग्रीकल्चर कॉलेज के कप्तान डॉ. एनके सिंह के दो गोल, रमेश ओली व अभिरत्न गौतम के एक-एक गोल की मदद से एग्रील्चर कॉलेज ने स्कोर पांच-0 कर दिया। वेटनरी कॉलेज के टीम इस अंतर को कम करने में नाकाम रही। उधर 29 मई को बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को भी अतिथियों ने पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

फुटबाल चैंपियन कृषि महाविद्यालय के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरी हाईस्कूल 2019 की अनुक्रमांक सं. 19142701 तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2021 की अनुक्रमांक सं. 21516502 की उत्तीर्ण अंक तालिका वास्तव में गुम हो गयी है जिसका अन्य द्वारा उपयोग अवैध होगा। **आकाश पुत्र मंगलसेन, वार्ड 2, सौनेरा, आजादनगर, किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर।**

चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नानकमत्ता : चार वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि सुरेन्द्र सिंह पुत्र मलकीत सिंह, सुखदेव सिंह पुत्र खजान सिंह, खजान सिंह और कमर सिंह पुत्र चन्ना सिंह निवासी विचुवा थाना नानकमत्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिवा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

विधायक बोले | लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक

ऐतिहासिक होगी भाजपा की जीत

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर विधायक शिव अरोरा ने भाजपा कार्यालय में मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक ली और सभी को जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आश्वासन दिया।

रविवार बैठक के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत में कार्यकर्ताओं की मेहनत है। जिन्होंने दिन-रात प्रचार-प्रसार कर भाजपा का कुनबा बढ़ाया। चार जून को मतगणना प्रारंभ होगी। सभी अभिकर्ता योद्धा की भांति मतगणना केंद्र में रहेंगे, जिसमें तीन प्रकार के अभिकर्ता होंगे। जिसमें ईवीएम, बैलेट पेपर, ई-बैलेट पेपर तीन प्रकार के अभिकर्ता शामिल रहेंगे। ऐसी व्यवस्था प्रशासन द्वारा बनाई गई है। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर के अभिकर्ता विशेष रूप से सजग रहेंगे। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट एक बार पुनः ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रहे हैं। भाजपा पांचों सीट पर फतेह हासिल करेगी और देश की जनता ने भी तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संदेश दे दिया है। परिणाम घोषित होने के बाद सभी कार्यकर्ता भाजपा जिला कार्यालय में एकत्रित होकर जश्न मनाएंगे। कार्यालय पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, वेद ठुकराल, केके दास, सुरेश कोली, पूर्व मेयर रामपाल, उपेंद्र चौधरी, धीरेंद्र मिश्रा, विनय बत्रा, अनिल चौहान, गजेंद्र प्रजापति, सुशील यादव, जगदीश तनेजा, सुरेश गौरी, रमेश कालड़ा, रामप्रकाश गुप्ता, तरुण दत्ता, दिलीप अधिकारी आदि मौजूद रहे।

मतगणना अभिकर्ताओं को जानकारी देते विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

दो महिलाओं को घायल करने वाले चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

खटीमा : पुलिस ने सड़क के किनारे खड़ी दो बहिनों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में बानूसा निवासी कुलदीप सिंह ने कहा कि 20 मई को उसकी पत्नी अनीता देवी और उसकी बहिन सबौरा निवासी माकेश देवी बानूसी गुरुद्वारे के पास मुख्य मार्ग के किनारे सवारी के इंतजार में खड़े थे। उसी समय झनकट की ओर से तेज गति से लापरवाही से वाहन चलाकर चालक ने दोनों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अनीता देवी के दोनों पैर फैक्चर हैं, जबकि माकेश देवी की कमर में फैक्चर है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने वाहन संख्या यूपी15 बीवाई 1958 के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बनखंडी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर मंदिर के पुनर्निर्माण का जायजा लिया, अधिकारियों को दिए निर्देश, हेलीपेड पर कार्यकर्ताओं ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

मुख्यमंत्री धामी ने कैंप कार्यालय में सुनी जनता की समस्याएं

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय और अपने निवास स्थान पर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने चंपावत के बनबसा प्रस्थान के दौरान बनखंडी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की और मंदिर के पुनर्निर्माण का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री धामी शनिवार देर शाम हल्द्वानी से हेलीकाप्टर से लोहियाहेड स्थित हेलीपेड पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण जोरदार स्वागत किया और हनुमान की फोटो भेंट की। बाद में सीएम धामी ने लोहियाहेड कैंप कार्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहीं समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी। नगरा तराई स्थित निज आवास में रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह उन्होंने आवास पर जनता की समस्याओं को सुना। समस्याओं को लेकर लोगों ने उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। सीएम धामी ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बाद सीएम धामी अपनी विधानसभा चंपावत के बनबसा के लिए कर द्वारा रवाना हुए। रास्ते में उन्होंने बनबसा जाते समय चकरपुर में वनखंडी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश व देश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सीएम धामी ने मंदिर के पुर्ननिर्माण कार्य का जायजा लिया और कार्यदायी संस्था को मंदिर निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, सतीश गोयल, रमेश जोशी, जीवन धामी, गोविंद मेहता, कामिल खान, संतोष गौरव, तारिक मलिक, गोपाल सिंह बिष्ट, किशन चंद, किशोर पानू, मनोहर सिंह बिष्ट, रविंद्र बंसल, जीवन पोखरिया आदि मौजूद थे।

खटीमा में मुख्यमंत्री धामी को हनुमान जी का चित्र सौंपते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

देश में तीसरी बार बनने जा रही है मोदी सरकार : सीएम

खटीमा : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि देश में तीसरी बार भारी बहुमत से बनाने जा रही है मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत हुई है। उन्होंने कहा कि अब चार जून को देश में बनेगी तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 के लक्ष्य को भी पूरा करेगी।

विधायक अरोरा ने जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा ने खटीमा स्थित कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने 4 जून को आने वाले देश के आम चुनाव के परिणाम से पूर्व उत्तराखंड की सभी सीटों पर प्रचड़ बहुमत से जीत का दावा करते हुए मुख्यमंत्री धामी को अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। रविवार को सीएम धामी से मुलाकात के बाद विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाते जा रहे हैं। राज्य हित में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्य जिनकी चर्चा उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश में होती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पांचों सीटें जीतने के साथ ही देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली देश में सरकार बनने जा रही है।

कार सवारों ने किया एसओजी टीम को रौंदने का प्रयास, सिपाही घायल

भूरारानी मार्ग पर हुआ एसओजी और बदमाशों का आमना-सामना, कार छोड़कर भागे बदमाश

दुस्साहस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : कार सवारों ने एसओजी की टीम पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया, जिसमें एक सिपाही मामूली रूप से चोटिल हो गया। एसओजी टीम ने जब बदमाशों का पीछा किया तो आरोपी कार छोड़ कर फरार हो गए। जिस पर टीम ने कार को बरामद कर बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 31 मई को एसओजी के दारोगा सुरेंद्र रिंगवाल अपनी टीम के साथ सरकारी गाड़ी यूके-06 जीए-0159 और निजी वाहन संख्या यूके-04 एएफ-3914 से गश्त कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि थाना पंतनगर इलाके में कार सवार बदमाश बाइक लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर एसओजी ने डिबडिबा-रुद्रपुर मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू किया ही था कि सामने से बिना नंबर प्लेट की एक ईको स्पोर्ट गाड़ी आती हुई दिखाई दी। जिसका संचालन ईशानगर बिलासपुर यूपी निवासी जसकरन सिंह कर रहा था।

एसओजी के जवानों ने जब वाहन को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार बदमाशों ने सिपाहियों को ही कार के नीचे रौंदने की कोशिश की। कार की चपेट में आने से हेड कांस्टेबल भुवन पांडेय चोटिल हो गया। बावजूद एसओजी ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए कार सवार का पीछा शुरू किया। इस बीच बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर कार को छोड़कर फरार हो गये। जिसके बाद टीम ने घायल का अस्पताल में उपचार कराया और कार को बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कराया। एसओजी की टीम ने फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

एसओजी की ओर से बरामद बिना नंबर प्लेट की कार। ● अमृत विचार

एसओजी ने शुरू की बदमाशों की तलाश

रुद्रपुर : जिस वक्त एसओजी टीम ने कार सवार बाइक लूट के संदेहास्पद जसकरन की घेराबंदी की। उस वक्त बदमाशों ने खुद को बचाने के चक्कर में एसओजी के सिपाहियों को इस उद्देश्य से रौंदने का प्रयास किया कि टीम घबराकर उसका पीछा छोड़ देगी, लेकिन कार की चपेट में आकर घायल मुख्य आरक्षी के पास एसओजी के दरोगा सुरेंद्र रिंगवाल ने एक सिपाही को छोड़ दिया। जबकि बाकी टीम के साथ कार सवार बदमाशों का पीछा शुरू कर दिया। अपने को घिरता देख आरोपी कार छोड़कर फरार हो गये। वरना आरोपी कार सहित फरार हो जाते। एसओजी ने कार के चेचिस नंबर से अपनी जांच को शुरू कर दिया है।

बिलासपुर में शुरू हुई आरोपियों की तलाश

रुद्रपुर : एसओजी सिपाही को घायल करने वाले आरोपी जसकरन की तलाश में एसओजी की एक टीम ने बिलासपुर यूपी में तलाश शुरू कर दी है। एसओजी को आशंका है कि जिस प्रकार आरोपी ने सिपाहियों को रौंदने का प्रयास किया। उससे साफ होता है कि आरोपी पेशेवर अपराधी हैं और बाइक लूट गिरोह का सक्रिय सदस्य हो सकता है। इसके लिए एसओजी ने बिलासपुर एसओजी से भी संपर्क साधना शुरू कर दिया है और आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालना शुरू कर दिया है।

इको स्पोर्ट्स कार में सवार थे तीन लोग

रुद्रपुर : एसओजी के दारोगा सुरेंद्र रिंगवाल ने बताया कि जिस वक्त टीम का आमना-सामना कार सवारों से हुआ था। उस वक्त कार को बिलासपुर यूपी निवासी जसकरन संचालित कर रहा था और उसके साथ दो अन्य साथी भी बैठे हुए थे। ऐसे में प्रबल आशंका है कि कार सवार बाइक लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। कारण पिछले कुछ दिन पहले ही पिस्टल दिखाकर क्रेटा कार व बाइक लूट की वारदात भी हो चुकी है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

सिपाहियों पर हमले के दो आरोपी पकड़े

रुद्रपुर : 25 मार्च को रंपुरा चौकी के सिपाहियों पर पथराव करने और एक सिपाही को चोटिल करने के दो हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि 25 मई को झगड़े की सूचना पर चीता मोबाइल में तैनात सिपाही गणेश सिंह धानिक और पूरन कुमार पर रास्ते में कुछ युवकों ने हाथापाई की। इसके बाद पथराव शुरू कर दिया। जिसमें सिपाही गणेश चोटिल हो गया था। 27 मई को मुख्य आरोपी सोनू खत्म और दीपक कोली उर्फ टांडा को दो तमंचा व दो नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। शुक्रवार की देर शाम मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने वार्ड-22 निवासी भूपेंद्र सागर उर्फ कशिश और वार्ड-24 निवासी जैकी कोली को गिरफ्तार कर लिया।

वांछित को भोजीपुरा से दबोचा

खटीमा : विगत दिनों बनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर के पास से एक किलो स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को पकड़ा था। पुलिस और एसटीएफ की टीम ने बनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर के पास से एक किलो स्मैक के साथ सगीर अहमद और बाबू शाह निवासी महोलिया अलीगंज जिला बरेली उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया था। स्मैक की तस्करी के मामले में मुख्य आरोपी दौलत खान निवासी महोलिया थाना अलीगंज जिला बरेली के विरुद्ध भी अभियोग पंजीकृत किया गया था। शनिवार को दौलत खान को ग्राम प्रह्लादपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पिता की हत्या करने का आरोपी भाजयुमो नेता भेजा गया जेल

कार्रवाई

- प्रॉपर्टी का विवाद ही निकली हत्या की वजह, वारदात में प्रयुक्त चाकू किया बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में हुए बुजुर्ग तोताराम हत्याकांड में आरोपी बेटे एवं भाजयुमो नेता को पुलिस ने चाकू बरामद करने के बाद जेल भेज दिया है। पूछताछ में पता चला कि बाप-बेटे में प्रॉपर्टी का विवाद चल रहा था।

बताते चलें कि शनिवार की सुबह 4 बजे आजाद नगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी भाजयुमो के उत्तरी मंडल के उपाध्यक्ष दीपक राठौर ने प्रॉपर्टी विवाद के चलते अपने 50 वर्षीय बुजुर्ग पिता तोताराम की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी थी और हत्याकांड को अंजाम देने के बाद खुद थाना ट्रांजिट कैंप जाकर हत्या किए जाने की सूचना दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद आरोपी से पूछताछ की। पुलिस ने हत्यारे बेटे की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है।

पूछताछ में भाजयुमो नेता दीपक ने बताया कि उसका पिता से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। हत्यारोपी का यह भी आरोप था कि पिता अक्सर शराब पीकर अभद्रता करता था और पत्नी व बच्चों को भी प्रताड़ित करता रहता था। शुक्रवार की रात को भी पिता ने शराब पीकर जमकर हंगामा काटा था। जिसके बाद वह रात भर सो नहीं पाया और सुबह चार बजे हत्याकांड को अंजाम देने का निर्णय लिया। बताया कि वह दबे पांव पिता तोताराम के कमरे में गया और सोते वक्त पिता के पेट में तब तक चाकू से वार करता रहा। जब तक की सांसे थम नहीं गई और हत्याकांड के बाद आत्मसमर्पण कर लिया। प्रॉपर्टी विवाद व आए दिन घरेलू कलह के चलते वह मानसिक अवसाद से गुजर रहा था। पुलिस ने हत्यारोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी भाजयुमो नेता। ● अमृत विचार

तोताराम हत्याकांड के हत्यारोपी बेटे पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा चुका है, चूंकि हत्याकांड एक पारिवारिक विवाद की वजह से हुआ। जिस वजह से हत्यारोपी ने खुद को पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। ऐसे में नियमानुसार आरोपी को हवालात में नहीं रखा जा सकता है। जिस कारण हत्यारोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। पुलिस ने बारीकी से तफ्तीश की। पुलिस पर किसी का कोई दबाव नहीं है।
-मंजूनाथ टीसी, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

युवती ने प्रेम जाल में फंसा मांगे पांच करोड़

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : सोशल मीडिया पर दोस्ती कर एक युवती की ओर से प्रेमजाल में फंसाकर मर्चेंट नेवी में सेकेंड अफसर के पद पर तैनात एक कर्मी से लाखों रुपये ऐंठने का मामला प्रकाश में आया है। अब फर्जी मैरिज सर्टिफिकेट बनाकर पीड़ित से पांच करोड़ की रंगदारी भी मांगी गई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

यूपी गोरखपुर तथा हाल नोएडा निवासी युवक ने कोतवाली में तहरीर सौंपी, जिसमें कहा कि वह मर्चेंट नेवी है। छ समय पहले सोशल मीडिया से उसकी दोस्ती काशीपुर निवासी युवती से हुई थी। इस दौरान उसकी युवती से नजदीकियां बढ़ी और उसने युवती को आर्थिक मदद करनी शुरू कर दी। युवती ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर उससे तीन लाख रुपये हड़प लिए। साथ ही उसका क्रेडिट कार्ड लेकर खरीदारी भी कर ली। बताया अब युवती व उसके पिता उस पर लगातार शादी का दबाव बना रहे हैं। साथ ही धमकी दे रहे हैं यदि शादी नहीं की तो वह उसे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसा देंगे। पीड़ित युवक ने आरोप लगाया कि 4 मई को युवती के पिता ने उसे बहाने से काशीपुर बुलाया। यहां अधिवक्ता से फर्जी दस्तावेजों पर उसके हस्ताक्षर करवा लिए। आरोप है कि अब फर्जी मैरिज सर्टिफिकेट निरस्त कराने के नाम पर उससे पांच करोड़ रुपये की मांग कर रहे हैं।

हार्डवेयर की दुकान से हजारों की चोरी

काशीपुर : चोरों ने मुरादाबाद रोड स्थित हार्डवेयर की दुकान राज ट्रेडर्स का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया। मोहल्ला थानासाबिक निवासी जाहिद हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन ने बताया कि दुकान के पिछले हिस्से में करीब 20 फीट ऊंची बाउंड्री है। पीछे लोहे का दरवाजा लगा है। रविवार को उसने दुकान पर पहुंचकर ताला खोला तो काउंटर में रखे कागजात बिखरे थे। गल्ले में रखे सात हजार रुपये गायब थे। दुकान में बिक्री के लिए रखी स्टील की टोंटिया, एल्यूमिनियम व पीतल की केबल व हार्डवेयर का सामान गायब था। दुकान के पिछले गेट के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। बांसफोड़ान चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई।

पथराव और फायरिंग से पॉश कॉलोनी में दहशत

दबंगई

- पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद वीडियो भी हुआ वायरल
- पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पॉश कॉलोनी में पथराव और फायरिंग के बाद दहशत का माहौल पैदा हो गया। पीड़ित कारोबारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना का पूरा वीडियो वायरल हो गया है।

बिगवाड़ा स्थित कस्तूरी वाटिका कॉलोनी के रहने वाले मुकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में भूरारानी स्थित एक कॉलोनी के युवक के साथ कारोबार शुरू किया था। हिसाब को लेकर दोनों के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा है, जिसके बाद से आरोपी परिवार से रंजिश रखने लगा। बताया कि आरोपी युवक कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुआ है। जिस कारण हमेशा दबंगई दिखाता रहता है। आरोप था कि एक जून की तड़के चार बजे आरोपी युवक पत्नी और कुछ साथियों के साथ घर पर आया, जहां आरोपी ने कार सवार साथियों के साथ मिलकर घर पर पथराव शुरू कर दिया।

पत्नी के पेट पर पत्थर लगने से वह चोटिल भी हो गई। शोर शराबा सुनकर कॉलोनी के बाशिंदे भी एकत्रित होने लगे और परिवार के लोगों ने मुख्य गेट बंद कर छत पर जाकर वीडियोग्राफी शुरू कर दी, जिससे गुस्साए आरोपी युवक ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी और इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। लोगों को एकत्रित होता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कारोबारी का कहना था कि घटना की सीसीटीवी फुटेज में पूरा घटनाक्रम कैद हो चुका है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद किया है। कारोबारी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि पुलिस घटना की तस्दीक कर रही है। जांच के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

सीसीटीवी में कैद कारोबारी के घर के बाहर खड़े हमलावर। ● अमृत विचार

जमीन पर पड़ा खाली खोखा।

तहरीर देते ही पुलिस के पास घनघनाने लगे फोन

रुद्रपुर : कारोबारी के घर पर पथराव व फायरिंग की घटना के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में शिकायती पत्र आया तो सत्ताधारी नेताओं के फोन घनघनाने लगे। बताया जा रहा कि आरोपी युवक भाजपा के एक जिला स्तरीय पदाधिकारी का रिश्तेदार भी है। बताया जा रहा है कि तहरीर आने के बाद सत्ताधारी नेताओं के पुलिस को फोन आने शुरू हो गए हैं।

परेशानी

शाम छह बजे से घरों में छाया अंधेरा, देर रात व्यापारी पहुंचे पावर हाउस, सुबह पांच बजे सुचारु हुई सप्लाई

पावर हाउस की केबल जली, 10 घंटे ठप रही बिजली

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : भीषण गर्मी के बीच ओवरलोड के कारण पावर हाउस की मुख्य सप्लाई केबल जलने से नगर के कई क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई।

इस दौरान करीब 10 घंटे तक विद्युत सप्लाई बाधित होने के चलते भीषण गर्मी में क्षेत्र वासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई घंटे तक विद्युत सुचारु न होने के चलते तमाम व्यापारी पावर हाउस पहुंच गए और विद्युत अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए विद्युत सप्लाई जल्द शुरू करने की मांग की। शाम करीब 6 बजे किच्छा पावर हाउस की मुख्य सप्लाई केबल बढ़ते तापमान तथा ओवरलोड के चलते अचानक जल गई। केबल जलने के बाद किच्छा नगर के कई वार्डों में अंधेरा हो गया। घटना की सूचना पर एसडीओ डीसी गुरुरानी के निर्देश पर तुरंत जेई ओमकार तथा विद्युत कर्मचारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर विद्युत सप्लाई को दुरुस्त करने के प्रयास शुरू कर दिए।

जांच में पता चला कि मुख्य तार बुरी तरह से जल गई है तथा विद्युत सप्लाई करने वाला मुख्य ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया है। एसडीओ गुरुरानी द्वारा पूरे मामले की जानकारी तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दी और आपूर्ति दुरुस्त करने के प्रयास कर दिए। आनन फानन में जिला मुख्यालय रुद्रपुर से विद्युत केबिल मंगाई गई और कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब 10 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति को सुचारु किया गया। शाम नगर के तमाम वार्डों की विद्युत आपूर्ति अचानक ठप हो गई। कई घंटे तक विद्युत सप्लाई चालू न होने के चलते व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, होटल व्यवसाई अक्षय बाबा, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, राजीव कुमार सहित तमाम व्यापारी पावर हाउस पहुंच गए। जहां उन्होंने एसडीओ डीसी गुरुरानी से जानकारी हासिल की। एसडीओ गुरुरानी ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी तथा सप्लाई की मुख्य केबिल ओवरलोड के कारण जल गई है जिसके चलते विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है।

उन्होंने व्यापारियों को जल्द ही विद्युत सप्लाई सुचारु करने का आश्वासन दिया। एसडीओ गुरुरानी ने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग करते हुए शांति बनाए रखने की अपील की। वास्तविक स्थिति की जानकारी के बाद व्यापारीगण वापस लौट गए। एसडीओ गुरुरानी के दिशा निर्देशन में विद्युत विभाग की पूरी टीम रात भर जली हुई केबिल को बदलने तथा खराब हुए ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने में लगी रही। सुबह करीब 5 बजे तमाम खामियां दूर किए जाने के बाद आपूर्ति सुचारु हुई।

किच्छा में एसडीओ गुरुरानी से जानकारी लेते व्यापारी। ● अमृत विचार

बिजली के तार चोरी में दो धरे

खुलासा

- मुख्य आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस, तार के टुकड़े कर बेच देता था आरोपी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : एचटी लाइन से बिजली का तार चोरी करने का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि उनका एक साथी मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया।

ऊर्जा निगम के कुंडेश्वरी सब स्टेशन पर तैनात जेई अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे वह लाइन मैन प्रमोद कुमार के साथ गश्त करने गए थे, जो ग्राम शिवनगर-नूरपुर रोड पर 11 केवी एचटीएवी केबिल लगभग 600 मीटर (तीन कोर चार तार) वायर खम्भों से गायब थी। बताया कि इससे पूर्व में भी चोर लगभग 6 किलोमीटर केबल चोरी कर चुके हैं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने दो आरोपियों प्रदीप पुत्र ओमप्रकाश निवासी मूल धीमरखेड़ा जोशी मजरा चौकी पैगा थाना आईटीआई हाल मंगल बाजार निकट आलू फार्म, काशीपुर और अंश उर्फ गोलू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम लालपुर निकट बड़ी मस्जिद थाना सैद नगर, रामपुर, यूपी हाल मंगल बाजार निकट आलू फार्म, काशीपुर को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने छोटे-छोट टुकड़ों में करी 220 मीटर केबिल, एक बड़ा वायर कटर, दो हेक्सा ब्लेड और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की हैं। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह सोन पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम वीरपुर कटैया, भगतपुर, मुरादाबाद, यूपी के लिए काम करते हैं। जोकि फरार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

चोरी के लिए पांच सौ रुपये व खाना देता था आरोपी

काशीपुर : प्रदीप व अंश से केबिल चोरी की घटना को फरार सोनू पांच सौ रुपये दिहाड़ी व खाना देकर कराया करता था। जिसके बाद सोनू चोरी के केबल को बेचकर मोटा मुनाफा स्वयं कमाता था। गिरफ्तार प्रदीप व अंश ने पुलिस को बताया कि मुख्य आरोपी सोनू दिन के समय में सुनसान स्थानों पर विद्युत लाइनों की रेकी करता था और रात में अपने साथी प्रदीप व अंश उर्फ गोलू को लेकर वायर काटने के उपकरणों के सहायता से विद्युत लाइनों को काटकर केबल चोरी करता था।

महाभारत कालीन ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर में लगाया गया वार्षिक मेला, दूर-दूर से पहुंचे लोगों ने उठाया मेले का लुत्फ

मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

ऐतिहासिक तीरथ मंदिर के पास सरोवर में आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : क्षेत्र में महाभारत कालीन ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर में वार्षिक मेला लगाया गया। मेले में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर प्रसाद चढ़ाया व मेले का आनंद लिया।

जसपुर से करीब 15 किलोमीटर दूर भोगपुर डाम क्षेत्र के गांव तीरथ नगर में जंगल के बीचों-बीच तीरथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर है। मंदिर में प्रतिवर्ष 2 जून को वार्षिक मेला लगाया जाता है। मेले में श्रद्धालु

आयोजन

मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा, बिजनौर आदि स्थानों के श्रद्धालु पहुंचे

चिलचिलाती धूप में भी उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर स्थित अन्य मंदिरों में भी प्रसाद चढ़ाया। इस मेले में उत्तराखण्ड के जसपुर व काशीपुर, रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर, सुल्तानपुर पट्टी, रामनगर, नैनीताल क्षेत्र के श्रद्धालुओं के अलावा उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा, बिजनौर आदि विभिन्न स्थानों के श्रद्धालु पहुंचे। वहीं ऐतिहासिक तीरथ मंदिर के पास स्थित सरोवर में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वहीं मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया था। मेले में इस वर्ष श्रद्धालुओं की भीड़ अन्य वर्षों की अपेक्षा अधिक देखी गई। मेले व भंडारे की व्यवस्था में मंदिर कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के अन्य सामाजिक कर्यकर्ता पिछले कई दिनों से जुटे हुए थे।

मंदिर कमेटी के मुख्य महंत जयानंद महाराज व मंदिर कमेटी के अध्यक्ष तीरथ सिंह ने मेले को सफल बनाने पर सभी सहयोगियों व मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया ।

सार-संक्षेप

अवैध लकड़ी से भरे पिकअप के साथ वन कर्मी। ● अमृत विचार

वन विभाग ने किया अवैध लकड़ी से भरा पिकअप सीज

शांतिपुरी : शनिवार को वन विभाग की टीम ने प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के निर्देश पर वन अपराधों पर नियंत्रण हेतु औचक छापेमारी की। जिसमें टीम ने एक अवैध लकड़ी से भरे पिकप को पकड़ कर सीज कर दिया है। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने किच्छा बरेली नेशनल हाईवे के बेनी मजार में एक वाहन पिकअप से वन उपज सेमल छह लट्ठों का अवैध अभिवहन करने पर डौली रेंज लालकुआं में खड़ा कर सीज कर दिया गया है। जिस पर विभाग की ओर से अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

एक नजर

केशवनगर का सार्वजनिक हैंडपंप खराब, लोग परेशान

बाजपुर : सुमार मुड़िया पिस्तौर से सटा मोहल्ला केशवनगर में सार्वजनिक पेयजल की कोई भी व्यवस्था नहीं है। दुकानदार, मोहल्लेवासी व राहगीर पानी की बूंद के लिए तरस रहे हैं। कई वर्ष पूर्व यहां एक सार्वजनिक हैंडपंप लगाया गया था जिससे लोगों को कुछ राहत मिली थी, लेकिन काफी समय से वह भी खराब पड़ा है। दुकानदारों ने बताया कि अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ ही शासन-प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

120 गाड़ियों के चालान पांच सीज, वसूला जुर्माना

काशीपुर : यातायात नियमों के उल्लंघन पर रविवार को एआरटीओ ने 120 गाड़ियों के चालान काटे। साथ ही पांच वाहनों को सीज कर दिया। एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि चालान काटकर 70 हजार से अधिक का जुर्माना भी वसूला गया। पांच गाड़ियों को सीज भी कर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

खड़े ट्रक में लगी आग

बाजपुर : बेरिया रोड ग्राम नरखेड़ा स्थित एक पेपर मिल के बाहर खड़े गत्ते से लदे ट्रक में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्राम थामला बिलारी मुरादाबाद उप्र निवासी मो .सादाब पुत्र मलिक कुरैशी शनिवार की देर रात ट्रक में गत्ता लेकर बाजपुर के बेरिया रोड ग्राम नरखेड़ा स्थित एक पेपर मिल में आया था और रात होने के कारण ट्रक मिल गेट के बाहर खड़ा करके केबिन में सो गया। बताया जाता है कि रात करीब ढाई बजे अज्ञात कारणों से ट्रक में लदे गत्ते में आग लग गई। अग्निकांड में 20 हजार नुकसान हुआ है।

कानपुर-इलाहाबाद और दिल्ली के शोध पत्र सर्वश्रेष्ठ

एमईआरसी को प्राप्त हुए 720 शोध पत्र, 50 प्रतिशत आवेदक महिलाएं, अंतिम दौर के लिए केवल 300 पत्र चुने गए

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर में तीन दिवसीय उत्तर भारत के सबसे बड़े स्कॉलर्स कॉन्क्लेव, प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान संगोष्ठी (एमईआरसी) का समापन तीन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों की घोषणा के साथ हुआ, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली स्कॉलर अपने अभूतपूर्व शोध को साझा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने, नवीनतम शोध रुझानों को समझने और सार्थक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एकत्रित हुए थे।

एमईआरसी के चौथे संस्करण में आईआईएम काशीपुर को मिले 720 शोध पत्रों की जांच के बाद 300 को फाइनल राउंड के लिए चुना गया। प्रतिभागियों में 50 फीसदी महिलाएं थीं, 300 शोध पत्रों की गहन जांच के बाद निर्णायक मंडल ने तीन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों का चयन किया, जिसमें मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) इलाहाबाद की श्रेया श्रीवास्तव को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का पुरस्कार मिला। आईआईटी कानपुर के मोहम्मद मुजाहिद खान के न्यूज वेंडर पर लिखे पेपर को दूसरा सर्वश्रेष्ठ पेपर चुना गया, जबकि दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वीरेंद्र कुमार के एनआरआई पर लिखे पेपर को सम्मेलन का तीसरा सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र चुना गया।

आईआईएम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल शोधार्थी और अतिथि। ● अमृत विचार

इन शिक्षाविदों ने कॉन्क्लेव में साझा की जानकारी

काशीपुर : आईआईएम बैंगलोर के वित्त के प्रोफेसर, प्रो. संकर्षण बसु, आईआईएम अहमदाबाद से प्रो. निहारिका वोहरा और युनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर, यूएसए के प्रो. जेसन बेनेट थैचर ने सैद्धांतिक पहलुओं पर शोधकर्ताओं को संबोधित किया, जबकि पीडब्ल्यूसी कंपनी के प्रबंध निदेशक डॉ. जय आडवाणी और एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अनु बी गुप्ता ने विद्वानों को प्रबंधन उद्योग में अनुसंधान का उपयोग करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन किया।

कॉन्क्लेव में ये प्रमुख संस्थान हुए शामिल

काशीपुर : एमईआरसी में एक दर्जन आईआईटी और एनआईटी, 10 आईआईएम, कोचीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय और देश के अन्य प्रमुख संस्थानों से 10 विभिन्न ट्रैक पर शोध पत्र प्राप्त हुए। ई-कॉमर्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, भारत की कोविड-19 वैक्सीन कूटनीति, ऑनलाइन शॉपिंग का फ्रॉड, लॉटरी के अनपेक्षित परिणाम, गिग वर्कर्स का जीवन, आदिवासी महिला बाजरा उद्यमी, उत्तराखंड के हरित तीर्थ और अन्य पर बड़ी संख्या में शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

तीन सर्वश्रेष्ठ को मिला पेपर पुरस्कार

प्रथम : श्रेया श्रीवास्तव - मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) इलाहाबाद।

शोध विषय- सक्रियण से आत्मसात तक : सामाजिक और भावनात्मक संकेतों को शामिल करते हुए आवाज के माध्यम से उपभोक्ता-एआई इंटरेक्शन में स्कीमा संतुलन। (क्षेत्र-मार्केटिंग)

दूसरा : मोहम्मद मुजाहिद खान- आईआईटी कानपुर

शोध विषय-प्रचुरता से कमी तक : वित्तीय रूप से विवश समाचार विक्रेता का एक प्रायोगिक अध्ययन

क्षेत्र-संचालन और निर्णय विज्ञान

तीसरा : वीरेंद्र कुमार-दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

शोध विषय-घरेलू मौद्रिक नीति और भारत में अनिवासी भारतीय (एनआरआई) जमा : एक अनुभवजन्य विश्लेषण। (क्षेत्र-अर्थशास्त्र)

कॉन्क्लेव

आआईआईएम काशीपुर में उत्तर भारत के सबसे बड़े स्कॉलर्स कॉन्क्लेव का समापन

अस्थिर प्रबंधन उद्योग में अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया

काशीपुर : कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि पीडब्ल्यूसी कंपनी के प्रबंध निदेशक डॉ. जय आडवाणी ने अस्थिर प्रबंधन उद्योग में अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और उद्योग को अलग-अलग पहलू माना जाता था, लेकिन विकसित तकनीक के साथ, अब उद्योग को चुनौतियों का समाधान करने या उद्योग की खामियों को ठीक करने के लिए शोधकर्ताओं के समर्थन की आवश्यकता है। कोविड-19 महामारी के बाद, उद्योग डिजिटल उन्नति की राह पर है, और शोधकर्ता यहां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में पूर्व प्रोफेसर डॉ. अनु बी गुप्ता ने विद्वानों को तीन आरआरआर जोखिम, अनुसंधान और पारिश्रमिक का मंत्र दिया, जो अनुसंधान और उद्योग में सफलता की कुंजी है। आईआईएम काशीपुर के डॉक्टोरल प्रोग्राम के अध्यक्ष और एमईआरसी के संयोजक डॉ. सव्यसाची पात्रा ने भी संबोधित किया।

अलक्ष्या के तीन कैडेट का इंटर बटालियन थल सेना कैंप में चयन

मोहित सामंत।

अर्जुन सिंह।

आदित्य कार्की।

खटीमा : 78 बटालियन हल्द्वानी के तत्वावधान में शैमफोर्ड स्कूल हल्द्वानी में एनसीसी कैडेट का इंटर बटालियन थल सेना में आयोजित ट्रायल्स में अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट अर्जुन सिंह, मोहित सामंत और आदित्य कार्की का इंटर बटालियन थल सेना कैंप के लिए चयन हुआ है। चयनित तीनों कैडेट 13 से 22 जून तक रुड़की में प्रस्तावित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कैडेटों की इस उपलब्धि पर प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, एनसीसी अधिकारी दिनेश चन्द्र चिलकोटि, पीआई जगदीश सावंत ने बधाई दी।

सत्संग और भजनों से किया गुरु की महिमा का वर्णन

जसपुर : संत कृपाल रुहानी मिशन शाखा जसपुर के अनुयाइयों की ओर से मिशन के ध्यान नगर स्थित सत्संग स्थल पर हर रविवार को सत्संग का आयोजन किया जाता है। इस रविवार को भी सत्संग हुआ। काशीपुर से पहुंचे मुख्य उपदेशक हरिओम सिंह व अन्य उपदेशकों ने सत्संग व सत्संग पर आधारित भजनों के माध्यम से गुरु की महिमा वर्णन किया। इस मौके पर मिशन के अध्यक्ष गिरवर सिंह, सेक्रेटरी राम सिंह, कोषाध्यक्ष पृथ्वी सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह, नीलम रानी, अनमोल, ज्ञानवती, संजय कुमार,अक्षय कुमार, धर्मेश सिंह, प्रिंस कुमार, नरेंद्र अरोड़ा, निशा देवी, आशिका रानी, पृथ्वीराज, कंचन, अंजनी, राज, हिरदैया देवी, संतोष देवी, नीलम अरोड़ा, विजेंद्र , हिरदेश कुमार, वीरवती देवी, भावना, मुस्कान, कोमल, कन्नू आदि मौजूद रहे। वहीं संत कृपाल रुहानी मिशन की जसपुर शाखा के अध्यक्ष गिरवर सिंह व सेक्रेटरी रामसिंह ने बताया कि आश्रम के निर्माण की तैयारी चल रही है। भवन सामग्री एकत्रित हो चुकी है। शीघ्र ही आश्रम के भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

शनि मंदिर के स्थापना दिवस पर बांटी खीर

बाजपुर : ब्रह्मदेव-शनिदेव मंदिर के 28वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवी राजीव कुमार गुप्ता ने खीर का प्रसाद वितरित किया। इससे पहले मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना व हवन-यज्ञ भी करवाकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। कोतवाली-तहसील के सामने नगरपालिका शापिंग कांप्लेक्स के बराबर में स्थित शनि मंदिर के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन-यज्ञ में शिरकत कर आहुतियां अर्पित कीं। स्थापना दिवस पर वितरित हुए खीर के प्रसाद को हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

सूर्यनगर में सेवानिवृत्त फौजी का फूल मालाओं से स्वागत करते ग्रामीण।

सेवानिवृत्त होकर लौटे सैनिक का स्वागत किया

शांतिपुरी : शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर में सीआरपीएफ में 26 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होकर घर आने पर हवलदार केदार सिंह दुबड़िया का परिजनों व ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से स्वागत किया। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा एवं माला पहनाकर न केवल सैनिक का स्वागत किया बल्कि मिष्ठान वितरण भी किया। हवलदार पद से रिटायर्ड केदार सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी सर्विस के दौरान उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, आसाम, जम्मू कश्मीर, श्रीनगर, हिमाचल प्रदेश आदि जगहों में रहकर देश सेवा की। स्वागत करने वालों में भीम सिंह दानू, गोपाल सिंह मेहता, शेर सिंह मेहता, दीपक मेहता, नंदन मेहता, तारा सिंह मेहता, इंद्रा दुबड़िया, खष्टि दानू, ज्योति कोरंगा, लता दुबड़िया, कविता दुबड़िया, जानकी कोरंगा, कमला कोरंगा, भागीरथी मेहता, मंजू दानू मौजूद रहे।

उत्तराखंड कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते अतिथि।

उत्तराखंड कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रंधावा

बाजपुर : उत्तराखंड कुश्ती संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव देहरादून में संपन्न हुआ जिसमें बाजपुर के किसान नेता अजीत प्रताप सिंह रंधावा को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। रंधावा ने बताया कि रविवार को हुई कार्यकारिणी के चुनावों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिंह सेवानिवृत्त द्वारा पैरालंपिक समिति आफ इंडिया के नियमों एवं विनियमों के नियम (4) (ए) (आईआई) के प्रावधानों के अधीन विधिवत निर्वाचित घोषित किया गया जिसमें निर्वाचित उम्मीदवारों में सत्यपाल सिंह देशवाल को अध्यक्ष, ललित मोहन पटानी, मोहित अहलूवालिया व अजीत प्रताप सिंह रंधावा को उपाध्यक्ष, शिव वर्धन सिंह को महासचिव, राहुल शर्मा को कोषाध्यक्ष, अंकित त्यागी, शरद रावल को संयुक्त सचिव व गोपाल कृष्ण, प्रवल प्रताप सिंह, सिद्धार्थ सिंहं को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। वहीं अजीत प्रताप रंधावा के संथा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

कश्मीर ट्रेनिंग कैंप में जा रहे खिलाड़ी हुए सम्मानित

रुद्रपुर : स्काय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष विकास शर्मा ने कैंप कार्यालय में कश्मीर ट्रेनिंग कैंप के लिए जा रहे खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कश्मीर के पहलगाम में इसकी मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कैंप 22 से 28 जून तक आयोजित होना है। इस दौरान उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह भी मौजूद रहे। रविवार को सम्मान कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास शर्मा ने खिलाड़ियों को मेहनत और लगन से खेल जगत में आग बढ़ने और मेडल जीतकर देश के साथ ही राज्य का नाम रोशन करने को कहा। वही उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. सिंह ने सभी खिलाड़ियों अपने गेम पर फोकस करने के लिए कहा। ताकि आगामी होने वाले राष्ट्रीय खेलों में अधिक से अधिक पदक अर्जित कर सकें। इस अवसर पर मोहम्मद हसन खान, राजकुमार चौहान, सुदीश राय, शिवचरण सिंह, सोनू कश्यप, प्रदीप राय, जितेंद्र मौर्य समेत कई लोग मौजूद रहे।

कार ने सेल्समैन को रौंदा, मौत

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: नगर पंचायत महुआ डाबरा के पास भीषण सड़क

दुर्घटना में मुरादाबाद के सेल्समैन की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने बताया कि कार का चालक नरेश (फाइल फोटो)। घटना के फरार हो गया।

गोविंद नगर थाना कटघर मुरादाबाद निवासी 41 वर्षीय सेल्समेन नरेश सैनी पुत्र मंगल सैनी रविवार को जसपुर क्षेत्र में अपने प्रोडक्ट (नमकीन) की सेल करने आया था। तभी अपराह्न करीब 2:00 बजे समीपवर्ती नगर पंचायत महुआडाबरा के पास सड़क किनारे स्थित मुन्ने की दुकान पर खड़ा हुआ

नरेश को रौंदने के बाद अनियंत्रित होकर पलटी कार। ● अमृत विचार

अपना प्रोडक्ट सेल कर रहा था। तभी तेजी से आ रही कार ने नरेश सैनी व पास खड़ी मोटर साइकिल को बुरी तरह रौंद डाला। कार नरेश सैनी को रौंदने के बाद दूर तक घसीटकर ले गई। कुछ दूर जकर अनियंत्रित होकर पलट गई। भीषण सड़क दुर्घटना में नरेश सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। जसपुर कोतवाली के दिवस अधिकारी एसआई संजय सिंह मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे। उन्होंने नरेश सैनी को तत्काल जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। इस पर मृतक के परिवार के लोग व सगे संबंधी जसपुर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरेश सैनी अपने पीछे पत्नी, एक बेटे व दो बेटियों को छोड़ गया है।

दुष्कर्म के बाद गर्भवती हुई किशोरी, केस दर्ज

काशीपुर: कुंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। किशोरी के गर्भवती होने पर पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुंडा थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने कुंडा थाना में तहरीर सौंपकर कहा कुछ दिनों से उसकी नाबालिग बेटी की तबियत खराब हो गई। तब बेटी ने बताया कि उसका मुरादाबाद निवासी युवक से (रिश्ते के भाई) प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। तब उसने जानकारी गांव के प्रधान को दी। जिसको लेकर प्रधान ने आरोपी युवक व उसके परिजनों को बुलाकर बातचीत की। वहीं अब आरोपी के खिलाफ नाबालिग के पिता ने पुलिस को भी तहरीर दी है।

एसटीएफ ने कुख्यात को दिल्ली से पकड़ा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: कई राज्यों में दर्जनों लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाला कुख्यात हाजीपुरा कस्बा टांडा रामपुर (उप्र) निवासी सगीर पुत्र यासीन तीन राज्यों की पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ था, जिसको उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इस कुख्यात ने साथी साजिद उर्फ कल्लन पुत्र माजिद निवासी हाजीपुरा कस्बा टांडा रामपुर (उप्र) के साथ मिलकर चकरपुर रोड बाजपुर से 11 मार्च 2023 को लकड़ी व्यापारी ग्राम धनसारा बाजपुर निवासी शेर मोहम्मद पुत्र पीरबक्स से 50 हजार रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया था इससे पूर्व वह अन्य राज्यों में 37 लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुका था।

उत्तराखंड एसटीएफ 25 हजार रुपये के इनामी सगीर की गिरफ्तारी को सप्ताहभर से दिल्ली में डेरा डाले हुए थी। रामपुर इस हिस्ट्रीशीटर पर तीन प्रदेशों में 38 लूट, चोरी व हत्या के प्रयास के मुकदमें दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि इनामी की गिरफ्तारी के लिए एक वर्ष से छापेमारी चल रही थी। एक सप्ताह पहले उत्तराखंड एसटीएफ को इस लुटेरे के संबंध में जानकारी मिली कि यह बाबूनगर मुस्तफाबाद दिल्ली थाना तरवाल नगर क्षेत्र में छिपकर रह रहा है, जिस पर एसटीएफ की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए लगाई छबील, वितरित किया शरबत

ट्रांजिट कैंप में शरबत वितरित करते ठाकुर नगर के लोग। ● अमृत विचार

गदरपुर के साहबजादा चौक पर जल का वितरण करते जत्थेदार बाबा गुरदेव सिंह।

बाजपुर में छबील लगाकर शरबत वितरित करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर/ बाजपुर, जसपुर

अमृत विचार : लगातार गर्मी बढ़ने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते श्री सनातन धर्म के पदाधिकारियों और ट्रांजिट कैंप के ठाकुर नगर कॉलोनी के लोगों ने रविवार को छबील लगाकर शरबत बांटा। इससे राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर मंदिर सभा से राकेश राजदेव, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, दीपक गुगलानी, नरेश शर्मा, राजेश सुखीजा, नरेश यादव समेत कई सेवादार उपस्थित रहे। वहीं ट्रांजिट कैंप स्थित गोल मढैया के ठाकुर नगर कॉलोनी के लोगों ने लोगों को मीठे शरबत का वितरण किया। वहीं बाजपुर में गुरुद्वारा साहिब के सामने डॉ. अंबेडकर जयंती संयुक्त समारोह समिति की ओर से छबील लगाकर लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत पिलाया गया।

वहीं जसपुर में भी सामाजिक संस्था समदर्शी के कार्यकर्ताओं की ओर से भीषण गर्मी के चलते नगर के सुभाष चौक स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर राहगीरों को शरबत पिलाया। संस्था के अध्यक्ष आरपी सिंह ने सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हरकेश सिंह राणा, बृजपाल दीवान, विरमल सिंह, गुरुदेव सिंह, प्रेम सिंह सहोता, कुलदीप पधान, अशोक खन्ना, नरेश कारीगर, रितेश कुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

शहीदी दिवस पर किया मीठे जल का वितरण

गदरपुर : गुरु अर्जन देव के शहीदी पर्व पर ठंडा मीठा जल और चने का प्रसाद वितरण किया। रविवार को पुलिस चौकी महतोश साहबजादा चौक पर प्रात: 10 बजे सिख समाज के लोग एकत्रित हुए। दिनेशपुर स्थित गुरुद्वारा माता साहिब कौर के जत्थेदार बाबा गुरदेव सिंह ने गुरु अर्जन देव की शहीदी पर्व पर चने के प्रसाद और ठंडे मीठे जल को लोगों को प्रसाद देखकर कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर गुरुद्वारा माता साहिब कौर के जत्थेदार गुरदेव सिंह, गुरमुख सिंह, गुलाब सिंह, प्रगट सिंह, बबलू सिंह, साहब सिंह, कुलवंत सिंह गोराया सहित काफी संख्या में कार सेवक शामिल थे।

एक नजर

वरिष्ठ नागरिकों ने नगर की समस्याओं पर किया मंथन

अल्मोड़ा : सामाजिक संस्था डे केयर सेंटर के सदस्यों ने बैठक का आयोजन कर नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। सदस्यों ने तय किया कि इन समस्याओं को लेकर संगठन शीघ्र ही उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मानसून नजदीक है और अभी तक नगर में बरसाती पानी की निकासी की ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। बैठक में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने, रानीधारा मार्ग की मरम्मत कराने, धारानौला तक ई रिक्शा चलाने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता हेम चंद्र जोशी व संचालन डा. एमसी कांडपाल ने किया। बैठक में डा. गोकुल सिंह, गजेंद्र सिंह, चंद्रमणी भट्ट, आनंद बगड़वाल, पीएस सत्याल, पुष्पा कैड़ा, लक्ष्मण ऐठानी, सुनयना मेहरा, रमा भट्ट, आनंद बल्लभ, शंकर दत्त, तारा चंद्र साह, किशोर चंद्र जोशी, रमेश चंद्र पांडे, गिरीश चंद्र जोशी, डा. अरूण पंत, चंद्रशेखर बनकोटी रहे।

चाय उत्पादन से पैदा हो रहे हैं रोजगार के अवसर, सरकारी प्रयास भी इस मुहिम को रंग देने का कर रहे हैं काम

देवलीखान गांव में आत्मनिर्भरता की इबारत लिख रहे ग्रामीण

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कोरोना काल के बाद पहाड़ में रोजगार सृजन के प्रयासों के बीच भले ही रिवर्स पलायन की समस्या एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरी हो। लेकिन इसके बाद भी पर्वतीय जिलों के अनेक क्षेत्रों में ग्रामीण विभिन्न प्रकार के स्वरोजगारों के जरिए आत्मनिर्भरता की इबारत लिख रहे हैं। कई जगहों पर सरकारी प्रयास भी इस मुहिम को रंग देने का काम कर रहे हैं।

ऐसा ही एक उदाहरण प्रस्तुत किया हवालबाग विकास खंड के देवलीखान गांव के ग्रामीणों ने। अल्मोड़ा की सीडीओ आकांक्षा कोंडे ने ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यहां चाय उत्पादन की पहल शुरू करवाई और कई ग्रामीणों को इससे जोड़ा गया। आज इस पहल से न केवल दर्जनों परिवार रोजगार प्राप्त कर अपनी आजीविका को मजबूत कर रहे हैं। बल्कि यहां लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिल रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार की समस्या को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने वर्ष 2020-21 में टी बोर्ड और मनरेगा के माध्यम से हवालबाग विकास खंड के देवलीखान गांव को एक अभिनव पहल के लिए चुना। उनके निर्देश पर शुरुआत में यहां ग्रामीणों की करीब एक हेक्टेयर भूमि पर चाय के पंद्रह हजार पौधों का रोपण कराया गया। धीरे धीरे इस कार्यक्रम को विस्तारित किया गया और वर्तमान तक 8.35 हेक्टेयर भूमि पर नर्सरी विकास, पौध रोपण, बागान रखरखाव समेत चाय विकास की अनेक अन्य गतिविधियां भी संचालित की गई। इन सभी गतिविधियों में गांव के साठ परिवारों को जोड़ा गया। जिनमें करीब अस्सी प्रतिशत महिलाएं शामिल थी। इस दौरान यहां किए कार्यों से ग्रामीणों के लिए मनरेगा के माध्यम से सौ और चाय विकास बोर्ड की ओर से 210 दिनों के रोजगार का सृजन किया गया।

जबकि मनरेगा के तहत करीब पंद्रह लाख रुपये का कार्य पूरा कराया गया। जिससे ग्रामीणों के लिए 6414 मानव दिवस सृजित हो सके। सीडीओ की इस पहल के बाद जहां देवलीखान के ग्रामीण रोजगार के अवसर मिलने से काफी उत्साहित हैं। वहीं उन्हें वर्षभर रोजगार की गारंटी भी मिल रही है।

देवलीखान में चाय का उत्पादन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

ग्रीन और लीफ टी का किया जा रहा है प्रचुर मात्रा में उत्पादन

देवलीखान गांव में चाय विकास बोर्ड और मनरेगा के माध्यम से शुरू पहल के बाद ग्रामीणों को रोजगार तो मुहैया हो ही रहा है। बल्कि चाय विकास बोर्ड यहां से करीब 1.25 क्विंटल ग्रीन और लीफ टी का उत्पादन भी कर रहा है। जिसकी बाजार में कीमत करीब छह से आठ सौ रुपये प्रति किलो है। सीडीओ कोंडे ने बताया कि सात साल पूरे होने के बाद चाय विकास बोर्ड सात से पंद्रह वर्ष तक होने वाले उत्पादन से प्राप्त होने वाली धनराशि का बीस फीसद हिस्सा भूमि मालिकों को देगा और पंद्रह साल पूरे होने पर भूमि स्वामी यहां स्वयं यहां विकसित बागान में स्वतंत्र रूप से चाय का उत्पादन करेंगे और चाय विकास बोर्ड निर्धारित दरों पर उनसे चाय की पत्तियां खरीदेगा।

इस तरह की पहल ग्रामीण पलायन रोकथाम और पर्यटन विकास में मील का पत्थर साबित हो सकती है। हमारी कोशिश है कि इस तरह की योजनाओं से ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त हो और वह आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकें। साथ ही इस तरह के सफल मॉडल को पूरे जिले में लागू कराया जा सके। इसके लिए भी प्रयास जारी हैं। –**आकांक्षा कोंडे**, मुख्य विकास अधिकारी, अल्मोड़ा

चर्च की भूमि पर पेयजल टैंक बनाने का विरोध

अल्मोड़ा : नगर के एलआरसाह रोड पर स्थित ऐतिहासिक बडन मैमोरियल चर्च की भूमि पर पेयजल योजना का टैंक बनाए जाने का ईसाई समुदाय के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। इस संबंध में चर्च के प्रतिनिधि सुनील सिंह ने जिलाधिकारी विनीत तोमर को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि नगर की पेयजल व्यवस्था को देखते हुए पूर्व में ईसाई ट्रस्ट की ओर से हीराडूंगरी और एडम्स स्कूल की भूमि विभाग को आवंटित की थी। लेकिन अब विभाग फिर से चर्च की भूमि पर जबरन नई योजना का टैंक बनाने की साजिश कर रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले का संज्ञान लेते हुए ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

अल्मोड़ा के ग्रामीण इलाकों में तीस घंटे से ब्लैक आउट

दिन भर पेट्रोलिंग के बाद भी फाल्ट सही नहीं कर सका विभाग

दिक्कत

▸▸ शनिवार को आए अंधड़ में पेड़ गिरने से टूटीं बिजली लाइनें

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : शनिवार को जिले के अनेक इलाकों में आए तेज अंधड़ के तीस घंटे बीत जाने के बाद भी जिले के अनेक स्थानों पर बिजली की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। इन इलाकों में पिछले तीस घंटों से ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को दोपहर में जिला मुख्यालय समेत अनेक विकास खंडों में तेज अंधड़ के कारण बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। जिस कारण रानीखेत समेत भिकियासैंण, मानिला, डोटियाल, झिमार, मौलेखाल, मरचूला, देघाट, स्याल्दे, लमगड़ा, चौखुटिया विनायक, जालली समेत अनेक कस्बों के ग्रामीण इलाकों में अंधेरा छा गया था। देर शाम तक मौसम का मिजाज बिगड़ा होने के कारण शनिवार को विभाग की पेट्रोलिंग टीम लाइनों में आए फाल्ट को ठीक नहीं कर पाई। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लाइनों में जगह जगह पेड़ गिर जाने के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। रविवार को मौसम साफ होने के बाद विभाग की पेट्रोलिंग टीमें अलग अलग जगहों पर फाल्ट ढूंढने के लिए निकली। लेकिन देर शाम तक इन क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दूरस्थ क्षेत्रों में जरा सा मौसम खराब होने पर कई दिनों तक बिजली की आपूर्ति ठप हो जाती है। लेकिन इसके बाद भी विभाग के अधिकारी लाइनों को दुरुस्त करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर शीघ्र बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो विभाग के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।

अंधड़ से नव दुर्गा मंदिर को भी नुकसान

अल्मोड़ा : बीते शनिवार की दोपहर आए तेज अंधड़ के कारण भिकियासैंण तहसील के प्रसिद्ध मानिला देवी मंदिर कमराड़ में भी भारी नुकसान हुआ है। अंधड़ और तूफान के कारण इस मंदिर में बने नव दुर्गा मंदिर का प्रवेश द्वार पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। जबकि मंदिर में लगी सौर ऊर्जा की प्लेटें भी उखड़कर कर टूट गई हैं। मंदिर क्षेत्र के आसपास कई पेड़ भी धराशायी हुए हैं। मानिला मंदिर कमराड़, विनायक के अध्यक्ष तुला सिंह तड़ियाल ने बताया है कि तेज अंधड़ और तूफान से मंदिर के प्रवेश द्वार पर लगा टफन ग्लास चकनाचूर हो गया है। जबकि एलुमीनियम की चौखट भी उखड़ गई। उन्होंने बताया कि अंधड़ के कारण मंदिर को काफी नुकसान पहुंचा है। जिसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई है।

कांग्रेसियों ने अघोषित बिजली कटौती पर जताया कड़ा आक्रोश

टनकपुर में एसएसआई बीएस बिष्ट को ज्ञापन देते पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल।

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : चम्पावत जिले में अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने टनकपुर में प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में उन्होंने कोतवाली के एसएसआई बीएस बिष्ट के माध्यम से राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कहा कि जिले की बिजली व्यवस्था को शीघ्र सुचारु किया जाए अन्यथा वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

रविवार को पूर्व विधायक एस खर्कवाल के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्टी कार्यालय में एकत्र हुए। जहां उन्होंने बस स्टेशन रोड में बिजली की हो रही अघोषित कटौती को लेकर प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने कहा कि उत्तराखंड के मॉडल जिले चम्पावत में पिछले कई माह से जनता बिजली कटौती से परेशान है। वहीं प्रदेश सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने राज्यपाल से मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही प्रदेश सरकार को निर्देशित करें कि वह बिजली कटौती सुचारू करें अन्यथा वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में पालिका के पूर्व सभासद दीपक बेलवाल, अशोक मुरारी, सतीश पांडे, गजेंद्र पाल, दीपक नाथ, संजय अग्रवाल, नीरज मिश्रा, साहिल गिरी, शहरीन हुसैन, राहुल राज, सुमित कुमार, राजेंद्र प्रसाद कोहली, फैसल सिद्दीकी, खीम सिंह रावत, नरेंद्र सिंह रावत, अमान खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

▸▸ एसएसआई के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन बिजली सुचारू कराने की मांग

जीप खाई में गिरने से चालक की मौत, हेल्पर हुआ घायल

▸▸ पिथौरागढ़ जिले के रहने वाले हैं मृतक व घायल, एनएच पर स्वांला के पास हुई दुर्घटना

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर चम्पावत से 22 किलोमीटर दूर स्वांला में मुर्गियों को ले जा रही जीप डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई में गिर जाने से चालक की मौत हो गई तथा हेल्पर घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के बाद घायल को हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। मृतक और घायल दोनों पिथौरागढ़ के रहने वाले हैं। हादसे की वजह का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

जानकारी के मुताबिक रविवार तड़के करीब चार बजे टनकपुर से पिथौरागढ़ जा रही जीप संख्या यूके 06 सीबी 2156 स्वांला के पास खाई में गिर गई। दुर्घटना में पिथौरागढ़ जिले के तुनगढ़ी सुवालेख निवासी चालक ललित प्रसाद उर्फ लल्लू (35) पुत्र सुरेश प्रसाद की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव खाई से निकाला। हादसे में घायल हुए हेल्पर पंकज आर्या (32) पुत्र वीरेंद्र आर्या निवासी सुआलेख पिथौरागढ़ को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पीएस खोलिया ने बताया कि हेल्पर के सिर में गंभीर चोट आई है। घायल के तीमारदारों के आग्रह पर हल्द्वानी ले जाया गया है। वहीं टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सूखीढांग व सिन्याड़ी के बीच एक कैंटर सड़क पर पलट गया। हालांकि हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ।

घायल हेल्पर को अस्पताल ले जाते लोग।

घायलों के इलाज में कोताही न बरतें डॉक्टर व स्टाफ: जोशी

▸▸ कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पेड़ गिरने से घायल हुए लोगों का हाल जाना

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : रविवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नागरिक चिकित्सालय पहुंचकर बीते शनिवार को तूफान से पेड़ गिर जाने के कारण घायल हुए लोगों का हाल जाना तथा चिकित्सकों को घायलों के इलाज में कोई कमी न रखने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नागरिक चिकित्सालय पहुंचकर सभी घायलों के विषय में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय के अधीक्षक संदीप दीक्षित को निर्देशित किया कि घायलों के उपचार में कोई भी कोताही न बरती जाए। आवश्यकता पड़ने पर अगर किसी मरीज की हालत बिगड़ती है तो उसे तुरंत हल्द्वानी सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में रेफर करने की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने घायलों के परिजनों से कहा कि सभी के इलाज में कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। यह मामला मुख्यमंत्री धामी के संज्ञान में है। घायलों का उपचार मुफ्त में किया जाएगा और उन्हें हर संभव सरकारी मदद दी जाएगी। उन्होंने वहां मौजूद संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल से कहा कि वह यहां आकर स्थिति का जायजा लेती रहें। इस दौरान उनके साथ पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र जसवाल, चंदन भगत, भाजपा कुमाऊं संयोजिका महिला मोर्चा विमला रावत, रेखा आर्य, नगर भाजपा अध्यक्ष मनीष चौधरी, मोहन नेगी, दर्शन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

रानीखेत नागरिक चिकित्सालय में घायलों का हाल पूछते कृषि मंत्री गणेश जोशी।

शराब और स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

बनबसा : पुलिस ने अलग-अलग मामले में कच्ची शराब और स्मैक के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर नशामुक्त देवभूमि अभियान के क्रम में पुलिस ने 3.25 ग्राम स्मैक और 5-5 लीटर कच्ची शराब के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गढ़ीगोठ मार्ग पर आरोपी टेक बहादुर भण्डारी, निवासी महेन्द्रनगर, जिला कैलाली, नेपाल को बाइक में 3.25 ग्राम स्मैक ले जाते गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मान सिंह निवासी नई बस्ती मीना बाजार और रोहन लाल, निवासी मीना बाजार को पांच-पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियो के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा कर किया गया है।

कृषि मंत्री ने जागेश्वर धाम के दर्शन किए

▸▸ पूजा- अर्चना कर मांगा आशीर्वाद, सुख शांति की कामना की

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अल्मोड़ा के जागेश्वर में बाबा जागनाथ एवं चितई मंदिर में पूजा अर्चना कर गोलू देवता का आर्शीवाद लिया और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

जागेश्वर धाम के दर्शन के दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें जागेश्वरधाम आने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम देश ही नहीं बल्कि विदेशों में रहने वाले हजारों लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का अटूट प्रतीक है। जागेश्वर धाम के विकास के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के मुखिया कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के धार्मिक स्थलों के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मानसखंड योजना के तहत कुमाऊं मंडल के अनेक मंदिरों को चिन्हित किया गया है। जिनमें से कई के जीर्णोद्वारा और सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू भी कराया जा चुका है। लोकसभा चुनावों के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि चार जून को भाजपा देश में चार सौ का आंकड़ा पार करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों ने भाजपा को अपना अपार समर्थन दिया है और यहां की जनता आशीर्वाद से भाजपा प्रदेश की पांचों सीटों पर रिकार्ड मतों से परचम फहराने जा रही है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री के साथ भाजपा के अनेक स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जागेश्वर मंदिर में पूजा करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

वीपीकेएएस का भ्रमण कर जानी उपलब्धियां

अल्मोड़ा : कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा का भी भ्रमण किया। उन्होंने संस्थान के अधीन स्थापित सूचना केंद्र में विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केके मिश्रा ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि मक्का की देश में सर्वप्रथम संकर प्रजाति विकसित करने का श्रेय विवेकानंद संस्थान को जाता है। संस्थान ने मक्के के अलावा गेहूं, धान, मडुवा, दालों सहित परम्परागत फसलों की कई प्रजातियां विकसित की हैं। कृषि मंत्री ने मडुवा व परंपरागत फसलों की उपज बढ़ाने को तकनीकें विकसित करने और संस्थान की ओर से उत्तराखंड कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यशाला का आयोजन का सुझाव दिया। उन्होंने यंत्रीकरण सेक्शन का भ्रमण किया और संस्थान की ओर से अनेकों उन्नत कृषि यंत्रों की सराहना की।

तैयारी चार जून को सुबह पांच बजे से मतगणना समाप्ति तक लागू रहेगा रूट डायवर्जन, मतगणना को लेकर सुरक्षा के कड़े उपाय किए

मतगणना के चलते अल्मोड़ा की यातायात व्यवस्था में होगा बदलाव

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनावों की चार जून को होने वाली मतगणना के लिए अल्मोड़ा पुलिस ने नगर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। मतगणना के चलते किया गया रूट डाइवर्जन चार जून की सुबह पांच बजे मतगणना समाप्ति तक लागू रहेगा। अल्मोड़ा के एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति पैदा न हो और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए यातायात व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किए गए हैं। जिनका पालन करने की उन्होंने स्थानीय और इधर उधर से आने वाले यात्रियों से अपील भी की है।

नई व्यवस्था के तहत चार जून को पिथौरागढ़ की ओर से हल्द्वानी को जाने वाले समस्त वाहन सुवाखान बैरियर, थाना दन्या से लमगड़ा होते हुए हल्द्वानी को जाएंगे। जबकि पिथौरागढ़ एवं सेराघाट की ओर से अल्मोड़ा आने वाले समस्त वाहन धौलछीना-कफड़खान होते हुए अल्मोड़ा आएंगे। अल्मोडा की ओर से पिथौरागढ़ एवं सेराघाट जाने वाले समस्त वाहन कपड़खान-गोल्ज्यू गैराड़-धौलछीना होते हुए गंतव्य की ओर जाएंगे।

इसी तरह हल्द्वानी की ओर से पिथौरागढ़ एवं सेराघाट जाने वाले समस्त वाहन बेस तिराहा-पांडेखोला-लक्ष्मेश्वर-कपड़खान-गोल्ज्यू गैराड़ धौलाछीना होते हुए अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। रानीखेत, सोमेश्वर की ओर से पिथौरागढ़ एवं सेराघाट जाने वाले समस्त वाहन पांडेखोला तिराहा, लक्ष्मेश्वर, कफड़खान, गोल्ज्यू गैराड़, छौलछीना होते हुए गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे। पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि यातायात व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान पैदा न हो इसके लिए वह पुलिस का सहयोग करें और आवागमन के लिए निर्धारित मार्गों का ही प्रयोग करें।

मतगणना हॉल में मोबाइल फोन रहेगा प्रतिबंधित

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फलसीमा, अल्मोड़ा में आयोजित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग ऑफीसर हस्त पुस्तिका के नियमों के अनुसार ईटीपीबीएस की स्कैनिंग हेतु नियुक्त 100 सुपरवाईजरों के अतिरिक्त प्रेक्षक, आरओ एवं 06 एआरओ को छोड़कर किसी भी अधिकारी,कर्मचारी, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों उनके निर्वाचन अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ताओं के मोबाइल फोन को मतगणना परिसर हॉल में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि आयोग के उक्त निर्देशों के अनुपालन में लोक सभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना के लिए तैनात अधिकारी, कर्मचारी, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ताओं के मोबाइल फोन को मतगणना परिसर के गेट पर एकत्रित कर बक्से में सुरक्षित जमा करने तथा मतगणना के पश्चात उन्हें संबंधित को वापस करने हेतु सतीश शर्मा मुख्य उद्यान अधिकारी अल्मोड़ा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

चुनाव प्रेक्षक ने मतगणना तैयारियों का लिया जायजा

टनकपुर : लोकसभा चुनाव के प्रेक्षक एम मालथी ने लोकसभा की मतगणना के दृष्टिगत गोरलचौड़ मैदान में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल में पेयजल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटी में तैनात सुरक्षा बल के साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। लोकसभा की अल्मोड़ा सीट के अंतर्गत जिले की दोनों विधानसभा सीटों की मतगणना 4 जून को चम्पावत गोरलचौड़ मैदान के निकट नगर पालिका हॉल और वन पंचायत भवन में होगी। प्रेक्षक ने मतगणना को लेकर तमाम व्यवस्थाओं को देखने के साथ ही सभी अधिकारी- कर्मचारियों को चुनाव आयोग के निर्देश के अनुरूप दायित्वों को पूरा करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, एआरओ आकाश जोशी, रिंकू बिष्ट आदि मौजूद रहे।

पिरूल से उत्पादों से आय बढ़ाएं महिलाएं

संवाददाता, लोहाघाट/चम्पावत

▸▸ प्रशिक्षण में 29 महिलाओं ने सीखे पिरूल के विभिन्न उत्पाद तैयार करने के तरीके

अमृत विचार: बाराकोट के पम्दा गांव में आयोजित उद्यमिता विकास के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की ओर से आयोजित 13 दिवसीय प्रशिक्षण में पिरूल से विभिन्न उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन प्रशिक्षण में हिस्सा ले रही 29 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रशिक्षण का समापन पूर्व निदेशक जर्नादन चिल्कोटी ने किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में सीखे पिरूल से बनने वाले सजावटी उत्पादों को बनाकर स्वरोजगार करने व अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने हेतु प्रेरित किया। आरसेटी निदेशक प्रांशु मैठाणी ने आरसेटी की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को दो साल तक सहयोग देने की बात कही। फैकल्टी विजय लडवाल ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर सुमन जोशी ने दिया। प्रशिक्षणार्थियों ने राखी, हेयर क्लिप, हेयर जूड़ा, सजावटी टोकरी, फूलदान, टी कोस्टर, पेपर वेट आदि उत्पाद तैयार किए। समापन पर सभी प्रतिभागियों का अंतिम मूल्यांकन कर प्रणाम पत्र वितरित किए गए।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

संपादकीय

उत्साहजनक वृद्धि

किसी भी देश की उन्नति व समृद्धि के लिए मजबूत अर्थतंत्र का होना बहुत आवश्यक है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था से ही हम देश की सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक खबर आई है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.8 फीसदी रही है। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसदी रही थी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। जीडीपी के यह आंकड़े अनुमानों से कहीं बेहतर रहे हैं। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। गौरतलब है कि यह वृद्धि दर एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत और आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। कोरोना काल के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल है। चीनी अर्थव्यवस्था गिरते जीडीपी से जूझ रहा है। हालांकि हाल ही में आईएमएफ ने 2024 के लिए चीन की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान को पहले के 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने आगाह किया है कि 2029 तक यह घटकर 3.3 फीसदी रह जाएगी। यह संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

'इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। जीडीपी के उत्साह जनक आंकड़े आने के बाद अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक और अच्छी खबर आई है। देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह वृद्धि घरेलू लेन-देन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा, "मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है।" सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की यह गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। साथ ही आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

मेरे प्यारे देशवासियों, लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद, उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार, मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं, मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार, आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया। मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, एकता का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था। कश्मीर से कन्याकुमारी ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्याकुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है-भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहां राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतंत्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, एस्पिरेशनल ब्लॉक जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है।

भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व टेक्नोलॉजी लोकतंत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। साथियों, नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। 21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें रिफॉर्म को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत रिफॉर्म को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में रिफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे रिफॉर्म 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा। भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

प्रसंगवश

शहर सत्ता के केंद्र

शहर सत्ता के केंद्र हैं। जितना बड़ा शहर, उतनी ही अधिक उसकी हैसियत। राजनीतिक सत्ता का केंद्र दिल्ली, तो आर्थिक सत्ता का मुंबई। फिर इनके नीचे के शहर और उनके भी नीचे के, फिर और भी नीचे होते होते अंचल के कस्बाई शहर। ये सब मिलकर गावों का दोहन करते हैं जिसके लिए ऊपर से नीचे तक बाजार का, दलाली का और शोषण का सिस्टम कायम है।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजार ने शहरों के माध्यम से मध्यकाल का सामंती तंत्र खड़ा कर लिया है। जीवन की सारी सुविधाएं- सड़क, मकान, मनोरंजन, पढ़ाई, दवाई, कमाई आदि सभी बड़े शहरों में है। कभी भारत के गांव आर्थिक रूप आत्मनिर्भर होते थे। केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन से उन पर कोई असर नहीं पड़ता था। उनका काम सिर्फ टैक्स देना था, लेकिन अब बात बदल चुकी है बाजार के आगमन ने सारे हिंदुस्तान को ऊपर से नीचे तक एक जाल में आबद्ध कर दिया है। अब मुंबई या दिल्ली को जाड़ा लगता है तो सारा हिंदुस्तान कंपकंपी का शिकार हो जाता है। "कोऊ नृप होहि हमहि का हानी" वाली बात अब बीते दिन की बात हुई। शहरों की इस सत्ता और अमीरी ने इनमें बीच भांति-भांति के लोगों को जन्म दिया है। दिल्ली के दिलशाद गार्डन के एक पार्क में सुबह टहलते हुए तरह तरह के नजारे दिखे। औरत-मर्द पूरी गति में टहलते मिले, तो एक कोने में व्यायाम करते भी। एक जगह योग कक्षा चल रही थी तो एक जगह लाठी चालन शाखा भी थी। दिल्ली जैसे शहरों में पुरुष और औरत लगभग समकक्ष स्थान रखते हैं। सिर्फ लाठी चालन शाखा को छोड़कर अन्य सारे जगहों पर औरत मर्द समान रूप से मौजूद थे।

दिल्ली में बहुत गर्मी है। पर यह कहने से क्या होगा? अब गांवों में गर्मी क्या कम है? गांवों के लगभग सारे बाग-बगीचे समाप्त हो गए। ताल तलैया पोखर भी खत्म। पहले कुंआ खोदने पर दस फीट पर ही पानी निकल आता था, अब सौ फीट बोरिंग कराना पड़ रहा है। जिस तरह से जंगल काटे गए हैं और बाग-बगीचे खत्म हुए है, आने वाले दिनों में गर्मी का और ज्यादा विकराल रूप देखने को मिलने वाला है। सो भयानक गर्मी हो या प्रचंड ठंड, बड़े शहर से भागकर कोई कहां जाएगा। विगत पांच सौ वर्षों में क्या-क्या गुल खिलाएगी, देखना बाकी है।

भारतीय संस्कृति की पीड़ा: अपने ही घर में किरायेदार

डॉ. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने संस्कृति के वर्तमान अर्थ के लिए पुराने 'कृष्टि' शब्द का प्रयोग किया, जो एक तरह से 'कल्चर' का ध्वन्यात्मक दृष्टि से संवादी शब्द है। इस 'कृष्टि' शब्द का अर्थ खेती के विविध प्रकारों-बागवानी, रेशम के कीड़ों का पालन आदि अर्थों में विस्तृत हुआ। साथ ही किसी भी पदार्थ को संशोधित करके उसके स्वरूप को उत्तम बनाने के अर्थ में परिवर्धित हुआ।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं है, मिथक समूचे विश्व में हैं।

इन सभी अर्थों का आधान 'संस्कृति' शब्द में करके इसे मनुष्य की सर्जनात्मक ऊर्जा के अनुसंधान के अर्थ में किया जाता है। संस्कृति इसीलिए एक सिद्ध पदार्थ नहीं है, बना-बनाया या पका-पकाया पदार्थ नहीं है। यह साध्य है, निरंतर कुछ-से-कुछ बन रहा पदार्थ है। यह निष्पन्न न होकर निष्पाद्य है। अपने को नए-नए रूप में उत्पन्न करने का भाव है। यह उसके सहज स्वभाव को ऊपर लाना है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा वे नहीं समझ सकेंगे। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। डाक्टर कपिलाजी ने मुझे एक पत्र में लिखा था कि "आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है।"

जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। दिन-रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है? भारत की लोक संस्कृति पर हमला उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गयी थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी।

हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन पद्धति भी, जीवन दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण पुराण प्रसंगों में आने वाले मोटिव्स या अभिप्रायों को लेकर कुछ नेता बहुत अधिक उत्साहित रहते हैं। हमारे यहां इंटरनेट था, हमारे यहां टेस्टट्यूब था, हमारे यहां सर्जरी थी और न जाने क्या-क्या था। हमारे यहां एटमबम था, हमारे यहां हवाई जहाज था उन्हें कौन खा गया? ऐसी ऐसी हास्यास्पद बातें करके ये अपने बुद्धिबल (आग्रह) का परिचय दे देते हैं। आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल ने इस प्रवृत्ति को पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण माना था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रेल, तार, हवाई जहाज आदि के नाम और रचनाविधि को ढूंढना अनावश्यक तो है ही, पश्चिमाक्रांत प्रवृत्ति का द्योतक भी है।

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं हैं, मिथक समूचे विश्व में हैं। मिथकशास्त्र आज एक अनुशासन का रूप ग्रहण कर चुका है। हम इस मामले में भी पीछे हैं। हम अपने पुराणों की अभिप्राय अनुक्रमणिका अभी तक नहीं बना सके। सीता का धरती से जन्म लेना, धरती में समा जाना, यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना, रावण के दस सिर होना, नाभि में अमृतकुंड, पसीने की बूंद, कान के मैल, अग्निकुंड, घट, फल आदि से जन्म होना, कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना, वृद्ध का युवा बन जाना, अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना, कल्पवृक्ष, शाप-वरदान जैसी परिकल्पना। ये मोटिफ हैं। मिथकशास्त्र की। हम अध्ययन अनुसंधान की पद्धति का विकास नहीं कर सके। इन लोगों की समझ में यह बात नहीं आ पाती कि अवश्य ही मिथक इतिहास की रचना है, लेकिन मिथक इतिहास नहीं है। भारतीय संस्कृति में आत्मा की अवधारणा आधारभूत है, भारतीय संस्कृति में मनुष्य की प्रतिष्ठा है।

सोशल फोरम

हम न भूलेंगे

कई साल पहले की बात है। एक आर्थिक परेशानी आन पड़ी। एक नामी फाइनेंस कंपनी में समय से पूर्व एफडी तुड़ाने पहुंचे। वहां एक सज्जन से बात हुई। उन्होंने एक काउंटर की ओर इशारा किया, वहां अर्जी लिख दें। दो-चार दिन बाद मिल पाएंगे पैसे।

हमने अर्जी लिखकर काउंटर की तरफ बढ़े। वहां देखा, एक लड़की बैठी थी। बहुत सुंदर तो नहीं, लेकिन चेहरे पर शरारत और स्मार्टनेस। हमने समझा रिसेप्शनिस्ट है। अर्जी पकड़ा कर हम वापस जाने के लिए मुड़े ही थे कि उसने बैठने का इशारा किया और उसने खुद को पीछे ठेला। वो रिवॉल्विंग चेयर पर थी। ऐसी चेयर उन दिनों हमारे बत्ती विभाग में बड़े अफसरों के पास ही हुआ करती थीं। फिर वो उठी और गायब हो गई। पांच मिनट बाद वो फिर प्रकट हुई। फिर रिवॉल्विंग चेयर पर धम्म से बैठ गई। अगले पांच मिनट तक हम उसे उसी चेयर इधर से उधर लुढ़कते यानी स्किट करते हुए देखते रहे। कोई संपेरनी जैसी नाच रही हो। हैरान थे हम कि यह कर क्या रही है? फिर वो हमारी और मुखातिब हुई। एक जुंबिश ली उसने और स्किट करती हुई हमारे करीब आ गई। उसने हमें एक कागज पकड़ाया। हमने उस कागज को देखा। हमारी आंखें फटी रह गईं। वो चेक था। कुछ पल तक हम दूसरी दुनिया में रहे। उसने चुटकी बजाई, ओ हेल्लो। हम धरती पर वापस आए। इतनी जल्दी काम हो गया? कल्पना से परे। वो कह रही थी, इस स्लिप पर सिग्नेचर कर दीजिए, रिसीविंग के। हमने उसे थैंक्यू बोला तो वो मुस्कुरा दी।

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

गजब की मुस्कान थी। मानो कह रही थी, इन दरो-दीवारों को गौर से देख लीजिए, इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार। हमारा उठने का मन नहीं था, लेकिन ओवरआल हम शरीफ आदमी थे। लोक-लाज भी निभानी थी और यह बात भी हमारे दिमाग में थी कि ऑफिस में हमारा स्टेटस ऑफिसर का है। हम जमीन पर पैर दबाकर रखे ताकि ऐसा न हो कि चिकने फर्श पर गिर जाएं और हंसी का पात्र बनें। वो दिन है आज का, हम आज भी उस फाइनेंस कंपनी में जाते रहते हैं, कभी एफडी भुनाने तो कभी बनवाने। मगर वो लड़की वहां नहीं मिलती है। सोचता हूं, अब तो बाल-बच्चों वाली होगी।

- फेसबुक वॉल से

चीन के जे-20 स्टील्थ फाइटर प्लेन्स का भारतीय जवाब

हम यहां इस बात पर लड़ रहे हैं कि अगली सरकार किसकी बनती है और उधर चीन ने सिक्किम से 200 किलोमीटर दूर अपने एयरफोर्स फेस पर जे-20 स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं। जे-20 नीची उड़ान भर सकते हैं और इन पर एक खास कोटिंग होने की वजह से ये रडार की पकड़ में भी नहीं आते। हिमालय की टोपोग्राफी ऐसी है कि घाटी में ये जहाज नीची उड़ान भरकर भारत के भीतर 1000-1200 किलोमीटर भीतर तक घुस सकते हैं। चीन के पास 250 के करीब ऐसे जहाज हैं।



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है।

ऐसा एक फाइटर प्लेन बनाने पर $100-120 मिलियन अर्थात् 8.5 अरब भारी रुपये तक खर्च होते हैं। लगता है उधर तिब्बत और इधर भारतीय हिमालय में हाई ऑल्टिट्युड वारफेयर के लिए अभी से तैयारी होने लगी है। एक दिन तो यह होकर रहेगा। ग्राउंड फोर्सेज से बात नहीं बनते देख दोनों ओर से एयरफोर्स और मिसाइल बेस बनाए गए हैं। बड़े स्तर के युद्ध से तो भारत के गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों से सिंचित मैदानी इलाकों के लिए तो पूरी हाइड्रोलॉजी ही बदल जाएगी। इससे देश में फूड क्राइसिस अवश्यंभावी है। भयंकर बाढ़ और भू-स्खलन तो होना ही है। अगर ऐसा युद्ध होता है तो इसकी कॉस्ट बहुत अधिक होगी। चीन की पीएए युद्ध को भयानक और निर्णायक बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। भारत की एयरफोर्स के खरीदे हुए विमान और असलहा कहां तक काम आएगा और हॉल ही विकसित एमके लाइट फाइटर विमान जे-20 के आगे किस तरह ठहर पाएगा, यह तो एयरफोर्स के चीफ ही बता पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी कभी-कभी ही नहीं, बल्कि इस मामले में हमेशा ही ठीक कहते आए हैं कि कांग्रेस सरकार ने देश में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में पूरी तरह से नालायकी की है। जे-20 का विकास जे-एक्स एक्स से 90 के दशक के अंत में उभरा और 2008 में चीन की एयरफोर्स ने प्रोजेक्ट 718 का समर्थन किया। 2010 तक पहले संस्करण प्रोटोटाइप ने चेंगदू विमान डिजाइन संस्थान में उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया।

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिज़ाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाज़ों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है। भारत इसका मुकाबला अपने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए मार्क 1) कैसे करेगा? अभी कैबिनेट ने डीआरडीओ की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को एएमसीए बनाने रु.15 हजार करोड़ रुपये देकर इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिए हैं जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स बनाकर देगा। इसकी खेप सन् 2028 से भारतीय वायुसेना को मिलने लगेगी। तब तक इसमें स्टील्थ कैपबिलिटी, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का इंटीग्रेशन, लॉन्ग-रेंज टार्गेटिंग एंड पायलट रहित बहुत से फंक्शन इनकार्पोरेट कर लिए जाएंगे। तब तक चीन को 'होल्ड-ऑन' पर अर्थात् रोके रखना होगा। भारत के एएमसीए-मार्क 1 प्रोजेक्ट की अधिकांश डिटेल्स क्लासिफाइड हैं।

इस मामले में चीन और भारत के बीच पांच साल का अंतराल काफी मायने रखता है। इसीलिए भारत में केंद्र सरकार की लीडरशिप में मोदी का रहना अत्यावश्यक है। डिफेंस प्रोजेक्ट्स को लेकर कांग्रेस सरकार का पिछला रिकॉर्ड बिल्कुल निराशा जनक है। अमेरिका और इंग्लैंड के कहने पर इसने भारत में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना तो दूर इसे ठीक से काम भी नहीं करने दिया। इसीलिए डिफेंस रिसर्च, डेवेलपमेंट और प्रोडक्शन में लगे हुए हमारा ढांचा चरमराने की कगार पर था जब 2014 में मोदी ने इसका आकलन किया।

डर और अंधविश्वास

जब हमें डर लगता है। बड़े नुकसान की संभावना नजर आती है, जो भी कोशिश कर सकते है वो कर चुके होते हैं या कर रहे होते हैं। सभी फेल हो चुकी होती हैं। ऐसे समय में कोई अपना-पराया राय देता है कि फलां दरगाह/मंदिर चले जाइए। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, जो वहां गया हो और उसकी मन्नत पूरी न हुई हो। हम सोचते है चलो ये भी सही, करके देखते हैं।

इकबाल अहमद

ऐसे हालात में दो स्थिति हो सकती हैं। या तो काम बन जाएगा या नहीं बनेगा, नहीं बना तो उस दरगाह या मंदिर के दर्शन और चढ़ावे की याद भी नहीं आएगी, क्योंकि हमने उसे एक तुक्के की तरह लिया था। वहीं अगर काम बन गया तो सबसे पहले वो चमत्कारिक वजह ही याद आती है। उस समय ये नहीं सोच पाते कि बाकी की जो मेहनत की, जुगाड़ लगाया उसका ये उसका परिणाम है।

डर के आगे जीत नहीं, उसके आगे डर लगातार कायम रहता है। अगली बार कोई निर्णायक कदम उठाने से पहले कदम उधर ही बढ़ जाते हैं। उंगलियों में अंगूठियां, गले में माला और कलाई पर धागे बढ़ने लगते हैं। व्यक्ति कितना भी आम या कितना भी खास हो डर सबका बराबर होता है। डर का निवारण बताने वाला व्यक्ति की जेब का ध्यान रखता है। जेब हल्की है तो पड़ोस के घोड़े शहीद बाबा की दरगाह काफी है। जेब में वजन है तो हाजी अली के नीचे बात नहीं होगी। यही कहानी बूढ़े बरगद वाले हनुमान जी से लेकर तिरुपति बाला जी तक जाती है। अंगूठी के रत्न में भी वर्ग संघर्ष कायम रहता है। अमिताभ बच्चन की समस्या है तो निर्दोष नीलम। राम प्रसाद कष्ट निवारण के लिए फिरोजा (चिचड़ी) चल जाएगा।

अक्सर अपनी समस्या का दोष दूसरे पर मढ़ हम सुकून पाते है। ये चढ़ावे, दर्शन और शॉर्ट टर्म परेशानी निवारण एक्सेसरीज (अंगूठी, धागे, ताबीज आदि) भी हमारी समस्या टालू मंत्र के साधन हैं। गोरेपन की क्रीम की तरह एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य इधर भी है। फेयर वाली क्रीम लगाने से न कोई हैंडसम होता है न लवली, लेकिन खुद को लगता है कुछ तो फर्क पड़ रहा है।

क

लोग बिजली-पानी के लिए परेशान हुए तो अधिकारी जिम्मेदार: सीएम

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा- लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

सीएम ने बनबसा में बिजली पेयजल, लोनिवि तथा सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता, बनबसा

एनएचपीसी सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां एनएचपीसी सभागार में बिजली, पेयजल, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग आदि की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने को कहा। उन्होंने ऊर्जा और पेयजल के क्षेत्र में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लोगों को अगर बिजली-पानी की समस्या हुई तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने पूर्णागिरि में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मां पूर्णागिरि में आने वाले श्रद्धालुओं को भी बिजली पानी की दिक्कत न हो। एक दिवसीय भ्रमण पर बनबसा पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारी मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति की योजनाएं अभी से तैयार कर लें। उन्होंने यूपीसीएल, पिटकुल व उरेडा को संयुक्त प्रस्ताव तैयार कर नए बिजली घरों का निर्माण शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे को निर्देश दिए कि जनपद में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता तथा पारदर्शिता रहे। कहा कि इसके लिए वह स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन भूमि हस्तांतरण के कारण जो भी परियोजनाएं लंबित हैं। उनका त्वरित निस्तारण कर करें और शासन स्तर की समस्या हेतु अधिकारी देहरादून आकर संबंधित विभाग और स्वयं उनसे मिलकर समस्या का निवारण करें।

उन्होंने टनकपुर- बनबसा क्षेत्र में पुरानी बिजली लाइनों व ट्रांसफार्मरों को एक माह के भीतर बदलने तथा एलटी लाइन को भूमिगत करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने को कहा। सीएम धामी ने बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अधिकारियों को अपने कार्यालय एवं आवासों में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट (सीएम सूर्य घर योजना) को लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने जनता से भी इस योजना का लाभ लेने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता को प्रदेश के छोटे शहर व कस्बों में जाम से बचने के लिए बाईपास का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बिजली, पेयजल आदि की व्यवस्था व मानसून पूर्व तैयारी की जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों ने बिजली व पेयजल समस्या के समाधान हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से दी। मुख्यमंत्री ने पर्यटन हेतु स्वदेश दर्शन योजना, शारदा कॉरिडोर, मुख्यमंत्री घोषणा, सड़क मार्गों, सिंचाई परियोजना आदि की भी समीक्षा की। बैठक में दर्जा मंत्री अनिल डब्बू, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, डीएम नवनीत पाण्डे, एसपी अजय गणपति, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल महरा, प्रमुख अभियंता सिंचाई जयपाल सिंह, मुख्य अभियंता लोनिवि अल्मोड़ा अशोक कुमार, निदेशक परिचालन यूजेवीएनएल अजय कुमार सिंह, प्रबंधक निदेशक पीटीसीयूएल पीसी ध्यानी, प्रमुख अभियंता लोनिवि दीपक कुमार यादव, निदेशक पीटीसीयूएल जीएस बुदीमाल आदि रहे।

राज्य के विकास के लिए एकजुट होकर करेंगे संघर्ष

टनकपुर/चम्पावत : राज्य आंदोलनकारियों ने अब राज्य के विकास के लिए एकजुट हो कर लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। राज्य आंदोनकारी समिति की यहां हुई बैठक में तमाम मसलों पर विचार विमर्श किया गया। संगठन ने वंचित आंदोलनकारियों को चिन्हित करने की मांग की। चम्पावत में रविवार को राज्य आंदोलनकारी समिति की बैठक हुई। बैठक में अन्य जिलों से आए राज्य आंदोलनकारियों ने भविष्य की रूप रेखा तय की। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए सभी एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे। कहा कि वंचित राज्य आंदोलनकारियों को चिन्हित करने के लिए संघर्ष किया जाएगा। पहाड़ से हो रहे पलायन को रोकने के लिए कार्य करने की बात कही। वर्ष 2000 से 2006 तक सरकार की ओर से अनुमन्य सुविधाओं का लाभ देने की मांग की। कहा कि चिन्हित आंदोलकारी कर्मचारियों को लाभ नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों के मनोबल में गिरावट आई है। तिमाही बैठक का आयोजन कर समस्याओं पर विचार विमर्श करने का सुझाव दिया गया। आंदोलनकारियों ने दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने की मांग की। साथ ही उत्तराखंड को ग्रीन बोनस देने, गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। सभी समस्याओं और मांगों को लेकर शीघ्र सीएम से मुलाकात करने की बात कही गई।

प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही सरयू पेयजल योजना

पंपिग योजना में लगातार आ रही खराबी के कारण पानी के लिए भटक रहे लोग

संवाददाता, अल्मोड़ा

सरयू नदी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिले के लमगड़ा विकास खंड में डेढ़ सौ से अधिक गांवों को करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई सरयू पंपिंग पेयजल योजना अब स्थानीय लोगों की प्यास बुझाने में लगातार नाकाम साबित हो रही है।

पेयजल योजना में बार बार आ रही खराबी के कारण जहां इस योजना से लोगों को जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं कई बार की शिकायतों के बाद भी विभाग के अधिकारी इस समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। जिससे अब क्षेत्र ग्रामीणों में खासा आक्रोश व्याप्त है। विकास खंड के ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए करीब आठ साल पहले सरयू पंपिंग पेयजल योजना का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से किया गया था। शुरूआती दौर में इस योजना से क्षेत्र की चालीस से अधिक ग्राम पंचातयों के डेढ़ सौ से अधिक गांवों के ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति होने लगी थी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन कुछ साल बीत जाने के बाद इस योजना के पंपिंग हैड में लगातार खामियां आने लगी। कई बार फिल्टर सेट बदलवाने के बाद भी अब पानी की आपूर्ति पटरी पर नहीं आ पा रही है। योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पेयजल स्ट्रोरेज टैंकों बनाए गए हैं, लेकिन टैंक शोपीस बने हुए हैं। लोगों को प्राकृतिक संसाधनों से पानी की आपूर्ति करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तकनीकी कमी के सुधारीकरण के लिए अब तक लाखों रुपये का बजट लगा दिया गया है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से पेयजल योजना को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर उनकी मांग पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन की रणनीति बनाने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

माउंट सिनाई स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम

माउंट सिनाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व छात्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : गनियाद्योली स्थित माउंट सिनाई स्कूल में टीचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्कूल की प्रधानाचार्या पॉली सेमुअल ने विद्यालय के भविष्य के कार्यक्रम व अध्ययन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने मार्च पास्ट का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल सेमुअल ने की। ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत ने कहा कि स्कूल के बच्चों ने ताड़ीखेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कई पूर्व छात्र आज उच्च पदों पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन वाइस प्रिंसिपल ललित रावत, अध्यापिका हिमानी उपाध्याय, ईबा रावत ने किया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक सहित समस्त स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।

व्यापार मंडल के 4 पदों के लिए हुए 6 नामांकन

संवाददाता, चम्पावत

महामंत्री, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद पर एक-एक नामांकन

3 जून को जांच और 5 जून को नाम वापसी की तिथि, मतदान 9 जून को

अमृत विचार: प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की नगर इकाई के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन पत्र भरे गए। चार पदों के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा कराए। अध्यक्ष पद पर विकास शाह और मुकेश गिरी ने नामांकन पत्र भरा।

कोषाध्यक्ष पद पर लक्ष्मण सिंह पुजारी ने नामांकन पत्र जमा कराया। उनके अलावा महामंत्री पद के लिए हरीश चंद्र सग्टा और उपाध्यक्ष पद पर कमलदीप तिवारी ने नामांकन पत्र भरा। चुनाव की समूची प्रक्रिया जीआईसी तिराहे पर स्थित शिवा रेजीडेंसी में की जा रही है। मुख्य चुनाव अधिकारी दीवान सिंह बोहरा और चुनाव अधिकारी बसंत सिंह तड़ागी ने बताया कि 3 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 5 जून शाम 3 से 5 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। मतदान 9 जून को सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक होगा। 4 बजे से मतगणना कर उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव पर्यवेक्षक एडवोकेट शंकर दत्त पांडे, जिलाध्यक्ष सतीश जोशी और जिला महामंत्री कमलेश राय ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी पुख्ता तैयारियां की गई है। कुल मतदाता 650 हैं।

मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन और राजकीय शिक्षक संघ में तकरार

संवाददाता, अल्मोड़ा

आमने-सामने

एक संगठन ने कक्षा बहिष्कार तो दूसरे ने काम ठप करने की चेतावनी दी

मिनिस्ट्रीयल कर्मियों को प्रभारी बीईओ का दायित्व सौंपने का मामला

अमृत विचार : मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों को प्रभारी बीईओ का दायित्व सौंपने के मामले में अब दो संगठन आमने-सामने आ गए हैं। राजकीय शिक्षक संघ ने जहां इस निर्णण का विरोध करते हुए कक्षाओं के बहिष्कार की चेतावनी दी है। वहीं मिनिस्टीरियल कर्मियों ने आदेश को वापस लेने पर सरकारी कार्यालयों में कामकाज ठप करने की चेतावनी दी है।

उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों को प्रभारी बीईओ का दायित्व सौंपने का विरोध किया है । साथ ही ब्लॉक के स्कूलों में निरीक्षण पर भी आपत्ति जताई है। संगठन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था में शिक्षकों में काफी रोष है।

जल्द ही इस पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि प्राथमिक संवर्ग में उप शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्तर का सर्वोच्च पद है। जिसमें पूर्व में यह व्यवस्था थी कि विकासखंड के प्राथमिक संवर्ग के वरिष्ठ शिक्षक को यह पद दिया जाता था। वर्तमान में मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों को प्रभारी खंड या उपशिक्षा अधिकारी का दायित्व दे दिया गया है। जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। इधर मिनिस्टीरियल ऑफीसर्स एसोसिएसन ने भी शिक्षक संघ के विरोध के बाद मोर्चा खोल दिया है। संगठन के कुमाऊं मंडलीय अध्यक्ष पुष्कर सिंह भैंसोड़ा ने कहा है कि मिनिस्ट्रीयल संवर्ग द्वारा बड़े संघर्ष के बाद यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा है कि अगर शिक्षक संघ के दबाव में आकर मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के अधिकारों और शासनादेश में कोई कटौती की गई तो पूरे कुमाऊं मंडल के कार्यालयों में कामकाज ठप करा दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश

शादी का दिया झांसा, ब्लैकमेल कर किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

आरोपी आजम, उसके पिता दो बहनों और दो भाइयों समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : पहले युवक ने शादी का झांसा दिया, फिर ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने पुलिस को बताया है कि तीन साल पहले उसकी जान पहचान रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के गांव सिंगनी निवासी आजम से हुई थी। आरोपी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की अश्लील फोटो-वीडियो बना ली थी। सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर आरोपी तीन साल से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। 27 मई 2024 की शाम आरोपी उसे अपने घर ले गया तो वहां उसके पिता मोहम्मद अहमद, बहन समसा व शबाना ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी थी। उसके भाई गुलफाम और इमरान ने पीड़िता के साथ मारपीट और छेड़छाड़ की। इन लोगों ने पीड़िता को धक्के देकर घर से निकाल दिया। इसके बाद पीड़िता ने 112 पर कॉल कर मदद मांगी थी। पुलिस के आने से पहले आरोपी वहां से भाग निकले थे।

10 साल की बच्ची पर सियार ने किया हमला, भर्ती

बरेली, अमृत विचार : 10 साल की बच्ची पर सियार ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिशारतगंज क्षेत्र के गांव डखोरा निवासी खेमकरन ने बताया कि शनिवार देर शाम उनकी भतीजी कामिनी गांव के अन्य बच्चों के साथ खेत की तरफ जा रही थी। रास्ते में सियार ने बच्ची पर हमला कर दिया। अन्य बच्चों ने भागकर कामिनी के परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार वाले पहुंचे तो कामिनी खून से लथपथ बेहोश पड़ी थी।

दहेज में कार न मिलने पर पत्नी को पीटकर घर से निकाला

बरेली, अमृत विचार : एक युवक ने दहेज में कार न मिलने पर पत्नी को पीटकर घर से निकाल दिया। मामले में एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फरीदपुर निवासी महिला की शादी दो साल पहले शास्त्री नगर के अर्पित से हुई थी। आरोप है कि दहेज में कार न मिलने से नाराज ससुरालीजन दो साल तक उत्पीड़न करते रहे। शनिवार को उसे पीटकर घर से निकाल दिया। शिकायत प्रेमनगर थाने में की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

वर्ग पहेली-89

बाएं से दाएं

1.1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।

2.1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दख़ल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।

4.1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।

7.1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।

8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

ऊपर से नीचे

1.1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।

2.1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।

3.1. कंकड़

4.1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।

5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।

6. टेक या सहारा लगाना।



वर्ग पहेली -88 का हल

■	■	■	■	■	■	■	1 चौ	
■	2 अ	नु	चि	3 त	■	■	रा	
■	■	■	■	4 बा	र	हा	■	
■	5 रू	6 प	भे	द	■	■	■	
7 ठु	■	नि	■	8 ला	उं	9 ज	■	
10 स	ठि	या	ना	■	■	लो	■	
ना	■	ना	■	■	■	ढ़	■	

सुडोकू-2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		3			4		
	6				2		9	
1		5			9		8	
3			6	5			1	
		8	1		3	7		
	4			9	7			6
	9		4			3		7
	2		9				6	
		7			6		5	

सुडोकू -1 का हल

2	1	6	7	5	4	8	9	3
5	7	9	8	2	3	1	6	4
8	3	4	9	6	1	7	2	5
4	6	1	3	7	5	9	8	2
3	9	2	4	8	6	5	1	7
7	8	5	1	9	2	4	3	6
1	5	3	6	4	9	2	7	8
9	4	7	2	3	8	6	5	1
6	2	8	5	1	7	3	4	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 4 जून 00.18 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 4 जून 00.05 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष आज अति धार्मिक होने से भी आपको समस्या हो सकती है। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन रही है। आप नई शुरुआत करने को लेकर उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति आपके मन में नकारात्मक भाव आएंगे, लेकिन आपको अपनी कमियों पर विचार करना होगा।

वृष आज सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। शत्रु आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे।

मिथुन आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय में तरक्की होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

कर्क आज सॉफ्टवेयर क्षेत्र के व्यवसाय से जुड़े लोगों को निवेशकों के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। पुराने संपर्क का आपको लाभ मिलेगा। आप कई सारे कार्य एक साथ कर पाएंगे। निर्माण कार्यों में आपको अच्छी प्रगति देखने को मिलेगी।

सिंह आज आपकी कठोर भाषा से उच्च अधिकारी नाराज हो सकते हैं। चेहरे पर मुंहासे और दाग जैसी समस्या होने की आशंका है। विवाह आदि कार्यक्रमों को टालना फिलहाल हितकारक होगा। अनावश्यक कारणों से यात्रा होने की संभावना है।

कन्या आज झगड़ा होने की भी संभावना है जिसके दौरान आप कुछ हिंसक भी हो सकते हैं। अपनी मान्यताओं को किसी पर न थोपें। अग्नि से जुड़े उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको काफी सतर्क रहना चाहिए।

तुला आज आप व्यवसाय को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोग आपसे काफी प्रभावित रहने वाले हैं। नई जॉब की शुरुआत कर सकते हैं। नए प्रेम संबंधों के उभरने की संभावना बन रही है। विदेशी भाषा का प्रयोग सीख सकते हैं।

वृश्चिक आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपका कोई भी अहित नहीं होगा। मौसम में बदलाव के कारण बुखार और सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। नए कारोबार की योजना बना सकते हैं।

धनु आज आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। यद्यपि आपको कार्यालय में कुछ तकनीकी परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा। अंतरिक्ष और जैव-रसायन जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

मकर आज यदि आप निजी कंपनियों में काम कर रहे हैं तो आपको बॉस के नखरों को सहना पड़ सकता है। परिजनों पर गुस्सा न निकालें। धर्म-कर्म को लेकर अंधविश्वासी न बनें। सरकारी कार्यों में रुकावट के संकेत हैं। आप अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

कुंभ आज जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती है। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका संपर्क बनेगा। स्वजनों की अनदेखी न करें। आप कुछ नया जानने को लेकर उत्सुक हो सकते हैं। फिल्मों और कहानियों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

मीन आज नए कारोबार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। यूरिन संक्रमण जैसी समस्याओं से घिर सकते हैं। आपको सेहत का ध्यान रखना होगा। कड़वी बातों के कारण जीवनसाथी नाराज हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	होते होते प्यार हो गया	सुबह : 10.11	
	जोश	शाम : 05.22	
	कहो न प्यार है	सुबह : 10.40	
&pictures	फुटफेरी	रात : 08.00	
SONY PIX	जिओस्ट्राम	सुबह : 10.21	
	2012	रात : 09.00	
ZEE CINEMA	पहेली	सुबह : 11.05	
	जोड़ी नं.1	रात : 07.20	
colors CINEPLEX	सूर्या सिंगम 2	दोपहर : 12.00	
	द वॉरियर	रात : 08.04	

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू एक होटल में स्कीम देखी और डिनर करने पहुंचा।
वेटर- सर आपका बिल।
गप्पू- लो कार्ड रख लो।
वेटर-लेकिन सर ये तो आप की शादी का कार्ड है।
गप्पू- तो फिर बहार क्या मजाक में लिख रखा है कि 'ऑल कार्ड्स एक्सेप्टेड'...

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है।
डब्लू- अच्छा, तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके।

मोदी ने सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर दिया बल

प्रधानमंत्री ने की कई बैठकों की अध्यक्षता, भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा स्थिति को संभालने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की और अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर बल दिया। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की।



प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में विशेष रूप से उत्तर-पूर्व क्षेत्र में चक्रवात रेमल के बाद की स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा। ● एजेंसी

उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात रेमल के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और अगली सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लिया शनिवार को प्रसारित एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत की भविष्यवाणी की गई है। यह पूर्वानुमान यदि नतीजे में परिवर्तित हो जाते हैं तो मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। बयान में कहा गया है कि इस साल मानसून देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

रेमल से प्रभावित राज्यों को केंद्र की ओर से हर संभव मदद मिलती रहेगी: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न राज्यों में चक्रवात रेमल के प्रभाव की समीक्षा की और कहा कि केन्द्र सरकार प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता जारी रखेगी। बैठक में अधिकारियों ने इन राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी । मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान माल की हानि भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री को बताया कि स्थिति को ध्यान में रखते हुए जरूरत के मुताबिक प्रभावित राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों ने एयरलिफ्टिंग और सड़क से निकासी अभियान चलाया है। बैठक के दौरान बताया गया कि गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है।

दिल्ली के एक मकान में सड़ी-गली अवस्था में मिला शव

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के एक मकान में 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में मिला है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात को नौ बजे फोन आया कि छतरपुर में किराए पर रह रहा रतन फोन नहीं उठा रहा है और उसका कमरा बंद है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-रतन एक बहु राष्ट्रीय कंपनी में काम करता था। कॉल पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मकान में घुसी। रतन का शव बिस्तर पर पड़ा था और अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पुलिस ने पाया कि रतन पिछले एक साल से अकेले रह रहा था। उन्होंने कहा-अपराध शाखा की टीम को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

डाक मतपत्रों की पहले गिनती की जाए, दिशा-निर्देशों का हो पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

● इंडिया गठबंधन के नेताओं ने निर्वाचन आयोग से की मांग

विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चार जून को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नतीजों से पहले डाक मत पत्रों की गिनती कर उनके परिणाम घोषित किए जाएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्वाचन आयोग को मतगणना प्रक्रिया पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले, इंडियन नेशनल डेवलपमेन्टल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात की। मुलाकात के बाद, कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि यह तीसरा मौका है जब विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आम चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग का दौरा किया। सिंघवी ने बताया कि प्रतिनिधमंडल ने अन्य चीजों सहित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ईवीएम के नतीजे घोषित किए जाने से पहले डाक मत पत्रों की गिनती हो और उनके परिणाम घोषित किए जाएं।

एक नजर

असम में मादक पदार्थ के साथ 7 गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य की बराक घाटी में अलग-अलग अभियानों में सात लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान शनिवार को चलाया गया। एक्स पर जानकारी साझा करते हुए शर्मा ने बताया कि पुलिस के मजबूत खुफिया नेटवर्क के आधार पर अभियान चलाया गया। करीमगंज पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा और करीब 800 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति व 1.9 किलोग्राम हेरोइन के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

तमिलनाडु अभिनेता के बैग से मिलीं 40 गोलियां

चेन्नई। तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को पूर्व विधायक और अभिनेता करुणास के बैग से बन्दूक की 40 गोलियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता के बैग की जांच करने पर उसमें से गोलियां बरामद हुईं, जब अधिकारियों ने उनसे इस संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके पास गोलियां रखने के लिए वैध दस्तावेज हैं। अधिकारियों ने करुणास को बताया कि उड़ान के अंदर गोलियां नहीं ले जाई जा सकतीं हैं।

पुरी में पटाखा विस्फोट की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हुई

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में कुल 19 लोग उपचाराधीन हैं। पुरी में 29 मई की रात भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) के कार्यालय ने एक बयान में कहा-पुरी में हुई त्रासदी में दो और लोगों की मौत हो गई जिससे कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। वर्तमान में 19 मरीज विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं।

बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

● भाजपा ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर लगाया हत्या का आरोप

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया और पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। भाजपा की उत्तर नादिया इकाई के अध्यक्ष अर्जुन विश्वास ने आरोप लगाया कि तृणमूल के गुंडों ने पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की। हालांकि, जिले के तृणमूल नेता रुकबानुर रहमान ने हत्या के पीछे पारिवारिक कलह को जिम्मेदार ठहराया है।

मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले के दोषी पर जेल में जानलेवा हमला, मौत

मुंबई। मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले के एक दोषी पर रविवार को कोल्हापुर के कलाम्बा केंद्रीय कारागार में पांच कैदियों ने जानलेवा हमला किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जेल के स्नानागार में नहाने को लेकर अन्य कैदियों के साथ, प्रथम दृष्टया बहस होने के बाद 59 वर्षीय मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान पर हमला किया गया। खान सिलसिलेवार विस्फोट मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा था। पुलिस अधिकारी ने कहा- बहस के बीच, कुछ विचाराधीन कैदियों ने लोहे की जाली उठाई और उससे खान के सिर पर वार किया जिसके बाद वह जमीन पर गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

असम में बाढ़ से 10 जिलों में छह लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है।

असम के नागांव जिले में चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर दोपहिया वाहन से जाते लोग। ● एजेंसी

● अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया

केरल में भारी बारिश ऑरेंज अलर्ट जारी

तिरुवनंतपुरम। दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण केरल के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को राज्य के एर्णाकुलम जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक की भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में जिले के अलग-अलग स्थानों पर 'बहुत भारी बारिश' होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पतानमथिट्टा, अलप्पुझा, इडुकी और वायनाड जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

भाजपा सांसद रामकृपाल पर हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

पटना। भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव के काफिले पर यहां हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मसौढ़ी निवासी विकास यादव के रूप की गई है। उन्होंने बताया कि फरार आठ अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। यादव ने आरोप लगाया कि उनके पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदान खत्म होने के करीब एक घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थकों ने उन पर और उनके काफिले पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि पटना के मसौढ़ी इलाके में शाम करीब साढ़े सात बजे हुए हमले में उनके कुछ समर्थक घायल भी हुए हैं।

एग्जिट पोल कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा है : संजय राउत

मुंबई, एजेंसी

● शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के सांसद ने की टिप्पणी

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को एग्जिट पोल को कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा करार दिया और दावा किया कि एग्जिट पोल जारी करने वाली मीडिया कंपनियों पर दबाव था।

संवाददाताओं से बातचीत के दौरान संजय राउत ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) 543 सदस्यीय सदन (लोकसभा) में 295 से 310 सीट जीतेगा और सरकार बनाएगा। राउत ने यह भी कहा कि उन्हें एग्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि वे धरातल पर काम करते हैं और मूक लहर से परिचित हैं। शनिवार को जारी हुए एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। राउत ने दावा किया कि इन मीडिया कंपनियों पर बहुत दबाव है। एग्जिट पोल की कवायद कॉरपोरेट खेल और फर्डीवाड़ा है।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती स्टीम 65 मसूरी 52 अंगूरी 60 बासमती 95, **दाल दलहन**-काला चना 120 साबुत चना दाल 67-85 मूंग साबुत 94 राजमा 157 दाल उड़द 125 साबुत मसूर दाल 68 मसूर दाल 72 उड़द साबुत 120 काबुली चना 73165 अरहर दाल 155 लोबिया/करमानी 81 सोयाबीन 40 मूंगफली 75 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 23 रुपये।

एक नजर

किसानों ने दुग्ध उत्पादन में एक करोड़ रुपये का किया कारोबार

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले के बिछड़ी में हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से संचालित घाटा वाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपये का कारोबार कर सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। जिंक द्वारा बीएआईएफ विकास अनुसंधान फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत दो पूर्व स्थापित महिलाओं के नेतृत्व वाली डेयरी, घाटावाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ रुपये का कारोबार कर उत्पादन में पहचान बनाई है।

एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन घटा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का उत्पादन मई, 2024 में 37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.4 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी महीने में उसका लौह अयस्क का उत्पादन 37.1 करोड़ टन रहा था। एनएमडीसी की मासिक बिक्री भी मई में 22 प्रतिशत गिरकर 28.2 करोड़ टन रही है।

आंकड़ों के अनुसार पिछले माह की अपेक्षा मई में शेयरों से निकासी हुई अधिक

चुनाव नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने निकाले 25,586 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में भारतीय शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। यह मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल के 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध निकासी के आंकड़े से कहीं अधिक है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की थी। आम चुनाव के नतीजे चार जून को आने हैं। इससे निकट भविष्य में भारतीय बाजार में एफपीआई प्रवाह की दिशा तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार विजयकुमार ने कहा कि मध्यम अवधि में अमेरिकी ब्याज दरें एफपीआई प्रवाह पर अधिक प्रभाव डालेंगी। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में शेयरों से शुद्ध रूप से 25,586 करोड़ रुपये निकाले हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा-अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन और विशेष रूप से वित्तीय और आईटी कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के साथ राजनीतिक अनिश्चिता की वजह से एफपीआई भारतीय शेयरों से निकासी कर रहे हैं।

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 में सिंगापुर से मिला सबसे ज्यादा एफडीआई

भारत को बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में विदेशी निवेश के प्रवाह में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई प्रवाह 31.55 प्रतिशत घटकर 11.77 अरब डॉलर पर आ गया है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने उस देश (सिंगापुर) से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा है।

सीबीआईसी ने जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के जारी किए निर्देश

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं। यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। हालांकि, असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं।

मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर व्यापार एवं लघु उद्योग आशान्वित

नई दिल्ली, एजेंसी

● कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जताई उम्मीद

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापारिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे देश में व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है । खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप आने वाले वर्षों में व्यापार के अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है। घरेलू व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, भारत के वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी सुधारने ओपी और कर संरचना को सरल बनाने के लिए नई पहल तथा व्यापार एवं लघु उद्योग के लिए नीतिगत समर्थन और महत्वपूर्ण कदम की आशा है ताकि कर अनुपालन आसानी से हो और सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके तथा जिसके बल पर भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान में सकारात्मक माहौल और अपेक्षित राजनीतिक स्थिरता को देश के मजबूत विकास की कुंजी माना जा रहा है।

भीषण गर्मी के बीच मई में एसी की बिक्री हो गई दोगुनी

नई दिल्ली। भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है।

10 कंपनियों में आठ का 2.08 लाख करोड़ घट गया बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,08,207.93 करोड़ रुपये की गिरावट हुई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और इन्फोसिस को हुआ।

इसके अलावा आईटीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घटा। वहीं एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,449 अंक या 1.92 प्रतिशत टूटा था। शुक्रवार को यह 75.71 अंक या 0.10 प्रतिशत बढ़कर 73,961.31 अंक पर बंद हुआ। इससे पांच दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा। सूचकांक की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,792.23 करोड़ रुपये घटकर 19,34,717.12 करोड़ रुपये रह गया, जबकि टीसीएस का एमकैप 65,577.84 करोड़ घटकर 13,27,657.21 करोड़ रुपये रह गया है।

ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहीं हैं एयरलाइन कंपनियां

नई दिल्ली। भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं।

एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट एआई.जी 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट 6एस्काई है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है।

आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

● 5-7 जून के लिए निर्धारित एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने जताई संभावना

मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है।

विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा 7 जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि पिछली नीति के बाद से आर्थिक स्थितियां काफी हद तक अपरिवर्तित बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पीएमआई और जीएसटी संग्रह जैसे उच्च आवृत्ति संकेतक दिखाते हैं कि वृद्धि सही दिशा में है। उन्होंने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।



खेल डायरी

अजीश बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन

मंगलुरु। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों (पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज और अंडर -16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर -16) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तमिलनाडु के एक अन्य किशोर, तैयिन अरुण ने अपनी सर्फिंग की कलाबाजी से जजों को प्रभावित किया और ग्रोम्स बॉयज और अंडर-16 वर्ग में नए आईओएस चैंपियन बन कर उभरे। तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता आज कर्नाटक के मंगलुरु शहर के प्राचीन ससिहिथलू समुद्र तट पर संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया गया था और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब ने की थी। अंतिम दिन की कार्रवाई ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज वर्ग के सेमीफाइनल के साथ शुरू हुई।

प्रज्ञाननंदा ने कारूआना को हराया, विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे

स्टावेंजर (नॉर्वे)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं। कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब प्रज्ञाननंदा 8 .5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6 .5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।

विंकेलमैन गेम्स 2024 में साहिल, हर्षिता और धनवीर ने जीते स्वर्ण पदक

स्टेंडल। भारतीय एथलीट साहिल सिलवाल ने विंकेलमैन गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा, हर्षिता सहरावत ने महिला हैमर थ्रो में और धनवीर सिंह ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को जर्मनी के स्टेंडल में स्टैडियन एम गैलजेनबर्ग में 23 वर्षीय साहिल ने अपने चौथे प्रयास में 75 .36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हमवतन विक्रांत मलिक ने अपने तीसरे प्रयास में 72 .65 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक तथा जर्मनी के ओले स्टर्जिक ने 45 .85 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। विक्रांत ने अपने तीसरे प्रयास में 70 मीटर का आंकड़ा पार करने से पहले अपने दूसरे प्रयास में 68 .91 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई।

एल्डोस और जेसी संदेश ने जीते स्वर्ण पदक

पेरिस। मीटिंग डी लिमोज 2024 एथलेटिक्स मीट में भारत के एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। फ्रांस में शनिवार को स्टेड डी ब्यूल्लांक में पुरुषों की ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन एल्डोस पॉल ने 16 .24 मीटर की जंप लगाकर प्रतियोगिता जीती। कैमरून के मार्सेल मयाक ने (15 .80 मीटर) कूद के साथ रजत पदक तथा अल्जीरिया के एडेम बौलबानी ने (15 .79 मीटर) कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। भारतीय एथलीट का यह प्रयास पिछले साल क्यूबा में प्रवीण चित्रवेल द्वारा बनाए गए 17 .37 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 17 .22 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क से कम रहा। 27 वर्षीय एल्डोस पॉल की वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता है। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16 .59 मीटर की कूद लगाई थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16 .99 मीटर है, जो दो साल पहले हासिल किया गया था।

बल्लेबाजी क्रम पर बाकी है काम : रोहित

भारतीय कप्तान बोले- हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे, गेंदबाजों की दृष्टि से अच्छा रहा अभ्यास मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की।

पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा सिर्फ उसे मौका देने के लिए ऐसा किया। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं। पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। रोहित ने मैच के बाद कहा जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं। मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे। जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था। नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

- अभ्यास मैच में भारत ने बांग्लादेश को 60 रन से दी थी शिकस्त
- राहुल द्रविड़ बोले- थोड़ी नरम और मुलायम थी पिच

विराट को पारी की शुरुआत करनी चाहिए: मांजरेकर

न्यूयार्क। विशेषज्ञ और पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली तीसरे नंबर पर उतने असरदार नहीं है उन्हें रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। मांजरेकर ने कहा जिस तरह की टीम का चुनाव हुआ है उससे भारतीय टीम ने स्वयं के लिए ही दिक्कत बढ़ाई हैं। क्योंकि अगर आपने आईपीएल में भी देखा होगा तो विराट कोहली पहले छह ओवर में तेज शुरुआत कर रहे थे। तो अगर उन्हें यह फायदा ना मिले तो फिर समस्या हो सकती है। क्योंकि नंबर तीन पर वैसा एडवांटेज नहीं मिलता। कोहली नंबर तीन पर उतने असरदार नहीं होंगे।

भारत का कोच बनना पसंद करूंगा: गौतम गंभीर

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे होने की अटकलों के बीच पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। गंभीर ने हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया और उन्हें राहुल द्रविड़ के योग्य उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ का अनुबंध टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 मई थी, लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गंभीर ने इसके लिए आवेदन भरा है या नहीं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है। बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है। मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है।

विरोधी पर ध्यान न दें, अपनी क्षमता से खेले टीम : युवराज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी-20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है।

भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है।

टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की। हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया। हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा। अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा।

भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी। युवराज से पूछा गया कि कौन सी टीमें फाइनल में जगह बना सकती हैं, उन्होंने कहा मेरी उम्मीद है कि भारत और संभवत वेस्टइंडीज या पाकिस्तान लेकिन ऑस्ट्रेलिया नहीं।

द. अफ्रीका-श्रीलंका में होगा कड़ा मुकाबला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। द. अफ्रीका की बल्लेबाजी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है। दोनों टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे। इस ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और नेपाल की टीम की शामिल हैं जो उलट फेर कर सकती हैं।

दक्षिण अफ्रीका के पास कप्तान एडेन मार्कराम, विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, क्विंटन डी कॉक, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। क्लासेन और स्टब्स बेहतरीन फॉर्म में हैं। इन दोनों ने हाल में आईपीएल में शानदार

प्रदर्शन किया। क्लासेन ने सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 16 मैच में 471 रन जबकि स्टब्स ने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए चार मैच में 378 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने तब अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया जब बीच के ओवरों में स्पिनर गेंदबाजी कर रहे होते हैं। स्पिनरों के खिलाफ इन दोनों का आक्रमक रवैया निश्चित तौर पर श्रीलंका के स्पिनर कप्तान वानिंदु हसरंगा और महीश थीक्षाना के लिए चिंता का विषय होगा।

ओमान पर जीत से खाता खोलने उतरेगा नामीबिया

ब्रिजटाउन। अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी। नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी। ओमान के पास भी कुछ मंझे हुए खिलाड़ी हैं जिनके दम पर वह नामीबिया को कड़ी टक्कर देने की कोशिश करेगा। ओमान ने अप्रैल में खेली गई पांच मैच की शृंखला में नामीबिया को कड़ी टक्कर दी थी। नामीबिया ने आखिर में यह शृंखला 2-1 से जीती थी। टी-20 विश्व कप में तीसरी बार भाग ले रहा ओमान निश्चित तौर पर उस पराजय का बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा।

विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका ने कनाडा को हराया

<< कनाडा के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते आरोन जोन्स।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

कनाडा : 194/5, 20 ओवर। नवनीत धालीवाल 61, निकोलस 51, श्रेयस मोव्वा 31। **विकेट :** अली 1, हरमीत 1, सीजे एंडरसन 1।

अमेरिका : 197/3, 17 .4 ओवर। एंड्रीस 65 आरोन जोन्स 94। **विकेट :** कलीम साना 1, निखिल दत्ता 1।

डलास, एजेंसी

- अमेरिका के लिए आरोन जोन्स ने खेली 40 गेंद पर नाबाद 94 रन की पारी कनाडा को सात विकेट से हराया

आरोन जोन्स की 40 गेंद पर खेली गई नाबाद 94 रन की पारी की मदद से सह मेजबान अमेरिका ने टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की।

कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में एंड्रीज गौस के 65 रन और जोन्स की तूफानी पारी की मदद से 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने धालीवाल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। धालीवाल ने 44 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। विकेटकीपर श्रेयस मोव्वा ने 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर रन गति धीमी नहीं पड़ने दी। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए।

जीत के बाद जश्न मनातीं चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा। >>

इगा क्वार्टर फाइनल में, नोवाक भी जीते

पेरिस, एजेंसी

- रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने ब्राजील के लूज और जोरमैन को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने अनास्तिया पोतापोवा के खिलाफ बेहद एकतरफा जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पोतापोवा को सिर्फ 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

स्वियातेक को पूरे मुकाबले के दौरान एक भी गेम प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। पोतापोवा ने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड शॉट नेट पर मारकर मुकाबला स्वियातेक की झोली में डाल दिया। वहीं, पोलैंड की यह शीर्ष वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पांचवीं वरीय चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा और सर्बिया की गैरवरीय ओल्गा डेनिलोविच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी।

इससे पहले नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया। जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच सोमवार को यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जब उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।

वहीं, भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मार्सेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5 4-6 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा। जोरमैन और लूज को टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन कई जोड़ियों के हटने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला।

<< मैच के दौरान शॉट खेलतीं जैस्मीन पाओलिनी।

अमित और जैस्मीन ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

बैंकॉक, एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और राष्ट्रीय महिला चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अपने क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

कई बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में वापसी करते हुए चीन के चुआंग लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। परवीन हुड्डा (57 किग्रा) के पिछले महीने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण निलंबित किए जाने के बाद भारत को ओलंपिक कोटा गंवाना पड़ा था। जैस्मीन ने अपने 60

किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल की चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया। पंघाल और जैस्मीन इस तरह ओलंपिक में जगह बनाने वाले मुक्केबाज निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) की चौकड़ी के साथ शामिल हो गए।

रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग

लंदन। रियल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरूसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती। वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है। एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती। मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। एंसेलोटी ने कहा यह बेहद मुश्किल मैच था।

छह जून के मैच के बाद बदल सकता है खिलाड़ियों का करियर : स्टिमक

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर बहुत बड़ा मुकाबला है जिससे उनके खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। भारत फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा और फिर 11 जून को कतर से उसकी सरजमीं पर भिड़ेगा।

भारतीय टीम गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में निचली रैंकिंग पर काबिज अफगानिस्तान से हार गई थी, लेकिन फिर भी भारत पहली बार

- फीफा विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत से भिड़ेगी भारतीय टीम

2026 विश्व कप के क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश कर सकता है। स्टिमक ने एआईएफएफ से कहा, यह बड़ा मुकाबला है। इस मैच से खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। मैं चाहता हूं कि वे अपने खेल का लुत्फ उठाएं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। मार्च में अफगानिस्तान से हुई दो भिड़ंत में भारत को केवल एक अंक मिला था जिससे टीम फीफा रैंकिंग में 121वें स्थान पर खिसक गई थी। भारतीय टीम अब कुवैत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी जो करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से विदाई मैच भी होगा। स्टिमक ने कहा इस महत्वपूर्ण मैच के लिए हमें स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग, मैच की अहमियत, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास के संबंध में कुछ चीजें करनी होंगी। इसलिए हम खिलाड़ियों के लिए हर पहलू पर काम करेंगे ताकि वे इस मैच के लिए शीर्ष फॉर्म में रहें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

बिन पानी सब सून

भीषण गर्मी पड़ने के कारण कई राज्यों में पेयजल की किल्लत गहरा गई है। रविवार को पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में रविवार को लोगों को दिल्ली जल बोर्ड के एक टैंकर से लाइन लगाकर पानी भरते देखा गया। ● एजेंसी

हूती ने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया हमला

सना। यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं।

अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था। इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा आंदोलन की ताकतों ने लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में उन जहाजों पर हमला किया जो उन कंपनियों से संबंधित थे।

जीवन है अनमोल इसलिए हेलमेट का सही चयन जरूरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत में सड़क दुर्घटना में 1,68,491 लोगों की मौत हो गई, जिसमें से 52000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के मुताबिक दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। लेकिन भारत में तो अधिकांश लोग सिर्फ चालान से बचने के लिए हेलमेट पहनते हैं। इसलिए वे सस्ते और कमजोर हेलमेट खरीद लेते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हेलमेट की क्वालिटी कैसी है। इसलिए आज बात हेलमेट क्वालिटी की। अगर आप हेलमेट खरीदने जा रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें। क्वालिटी चेक कैसे करें।

इन मौकों पर विशेष ध्यान रखें

- ऑफिस आने-जाने वक्त बाइक का इस्तेमाल के समय
- प्रोफेशनल बाइक राइडिंग के वक्त
- हाईवे पर बाइक से लॉन्ग ट्रैवल के समय

हेलमेट सर्टिफिकेशन आवश्यक, मानदंडों का पालन करना अनिवार्य

हेलमेट बनाते हुए सुरक्षा के कुछ जरूरी मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होता है। विभिन्न देशों में अलग-अलग संस्थाएं इसे सर्टिफाइड करती हैं। डॉट- यह सबसे कॉमन सर्टिफिकेशन है, लेकिन यह सबसे सुरक्षित नहीं है। ईसीई सर्टिफिकेशन- इसका सबसे कॉमन ईसीई 22 .05 है। हालांकि नया मानक ईसीई 22 .06 है। स्नेल- यह अमेरिकन संस्था है, जो हर 5 साल में अपने टेस्ट के मानकों को अपडेट करती है। आईएसआई- भारत में हेलमेट आईएसआई सर्टिफिकेशन के साथ होना जरूरी है। हालांकि इसके पास कोई मानक टेस्ट प्रक्रिया नहीं है, लेकिन एक मानदंड यह है कि वजन बहुत ज्यादा नहीं होना चाहिए।

हेलमेट खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- हवा और साउंड के लिए प्रॉपर वेंटिलेशन
- ऊपरी हिस्से में अंदर की तरफ सॉफ्ट कुशनिंग
- हेलमेट का ग्लास एरिया और आई व्यू
- हेलमेट का साइज ऐसा हो जो सिर में बिल्कुल फिट रहे

ऐसे जांचें अच्छी क्वालिटी है या नहीं

दोपहिया वाहन चलाते हुए सबसे बुनियादी और जरूरी चीज है हेलमेट। हेलमेट ऐसा होना चाहिए कि सिर पर चाहे कितने जोर की चोट लगे, सिर बिल्कुल सही-सलामत रहे। इतना मजबूत होना चाहिए कि हथौड़ा मारो तो भी नहीं टूटे। हेलमेट कोई फैशन एक्सेसरी तो है नहीं।

एक नजर

जर्मनी में बाढ़ के बीच 600 लोगों को निकाला

फ्रैंकफर्ट। दक्षिणी जर्मनी में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ के कारण 600 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण डोनौ, नेकर और गुएन्ज़ सहित कई नदियों में जल स्तर बढ़ गया है, जिससे तटीय शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। कई क्षेत्रों में जल स्तर एक सदी में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय प्राधिकारी ने कहा कि रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक बवेरिया के 10 जिलों ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

नेपाल में जीप दुर्घटना में छह भारतीय पर्यटक घायल

काठमांडू। नेपाल के चितवन जिले में रविवार को एक झील के पास जीप पलट जाने से छह भारतीय पर्यटक घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक घायल हुए पर्यटकों में अधिकतर वरिष्ठ नागरिक थे। खैरेनी नगरपालिका के वार्ड नंबर-12 के अध्यक्ष केदारनाथ पंटा ने बताया कि यह दुर्घटना खैरेनी में दराई झील के पास उस वक्त हुई, जब ये पर्यटक जंगल सफारी के लिए चितवन राष्ट्रीय उद्यान की ओर जा रहे थे।

ईरान ने स्वीडन के राजदूत को तलब किया

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तेहरान के खिलाफ अपने देश के निराधार और पक्षपातपूर्ण आरोपों पर स्वीडन के राजदूत को तलब किया। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने स्वीडिश दूत के साथ बैठक के दौरान स्टॉकहोम में एक स्वीडिश अधिकारी द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के खिलाफ तेहरान के विरोध से अवगत कराया। इरना के अनुसार यह टिप्पणी दुष्प्रचार पर आधारित और इज़रायल के प्रभाव में की गई थी।

वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए मजबूत कदम जरूरी

जिनेवा। डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने कोविड-19 और एमपॉक्स जैसी वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तैयारी में सुधार करने संबंधी नए कदमों को शनिवार को मंजूरी दी और वृहद संधि पर सहमत होने के लिए नयी समय सीमा तय की। डब्ल्यूएचओ ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन करने पर सहमति जताई जैसे कि वैश्विक महामारी आपातकाल शब्द को परिभाषित करना और विकासशील देशों को वित्तपोषण एवं चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करना।

चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतारा अंतरिक्ष यान, मिट्टी के लेगा नमूने

चाइना के मून मिशन के लिए काफी अहम माना जा रहा है यह चंद्रयान

बीजिंग, एजेंसी

चीन के स्पेस मिशन ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। बीते माह लॉन्च किए गए चांग ई-6 मून लैंडर ने लगभग एक महीने बाद रविवार सुबह चांद के सुदूर हिस्से पर सफल लैंडिंग की। ये लैंडिंग चीन के मून मिशन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने वाला पहला देश बनना चाहता है। चीन की स्पेस एजेंसी के मुताबिक चांग''ई-6 लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा। यहां से चंद्रमा की सतह के नमूने इकट्ठा करना शुरू करेगा।

यह चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन है। पहली बार चीन ने ही 2019 में अपने चांग''ई-4 मिशन के जरिए ऐसा किया था। सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 की सफलता से चीन चांद पर बेस बनाने में अमेरिका और दूसरे देशों से आगे निकल सकता है। अगर सब उम्मीद के मुताबिक हुआ तो लैंडर चांद की सतह से 2 किलो के सैंपल लाएगा। सैंपल लेने के लिए लैंडर में ड्रिल कर खोदने और फिर मलबे को उठाने की मैकेनिकल आर्म लगाई गई है।

सैंपल को लैंडर के सबसे ऊपर लगे हिस्से में रखा जाएगा। इसके बाद एक दूसरा स्पेसक्राफ्ट चांद के इस हिस्से में भेजकर लैंडर को वापस धरती पर लाया जाएगा। इसकी लैंडिंग 25 जून के आसपास मंगोलिया में होगी। चांद के इस हिस्से पर लैंडिंग दूसरे हिस्सों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल है। इसकी वजह ये है कि चांद के इस हिस्से में अंधेरा होता है, ये उबड़-खाबड़ है। इसके चलते यहां संपर्क मुश्किल होता है और लैंडिंग में परेशानी आती हैं।



चंद्रमा की सतह पर रोवर की प्रतीकात्मक फोटो।

● मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया

इसलिए सैंपल जुटाना चाहता है चीन

चीन को 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चीन एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर जो सैंपल लेकर आएगा उनसे चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में होगा। 2020 में चीन का चांग ई-5 भी चांद से 1.7 किलो सैंपल लेकर लौटा था। हालांकि, ये सैंपल चांद के पास के इलाके ओशिएनस प्रोसेलेरम से लिए गए थे। चीन तीन और मून मिशन की तैयारी में है।

पिछले साल भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर उतारा था प्रज्ञान रोवर

भारत पिछले साल चंद्रमा के कम खोजे गए दक्षिणी ध्रुव हिस्से के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। प्रज्ञान रोवर को लेकर पहुंचा चंद्रयान-3 का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक मिशन भेजना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि यह पृथ्वी के सामने नहीं होता जिसके कारण संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। साथ ही यह हिस्सा अधिक उबड़-खाबड़ है जहां लैंडर के उतरने के लिए बहुत ही कम समतल भूमि है।

दिव्यांगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शुरू किया अभियान

वाशिंगटन। अमेरिका स्थित एक गैर सरकारी संगठन ने शनिवार को बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए एक पहल का घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य पहले साल के दौरान भारत में 10 हजार लोगों की मदद करना है। हितार्थ परियोजना के तहत अमेरिका स्थित वायस ऑफ स्पेशियली एबल्ड पीपुल (वीओएसएपी) ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए परिवार एनसीपीओ (नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स ऑर्गेनाइजेशंस) के साथ साझेदारी की है।

इसमें कहा गया है कि इस साझेदारी का मकसद बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को जरूरी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, ओपीडी सेवा सुलभ कराने में सहायता करना तथा भारत सरकार की 'निरामय' योजना के तहत प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति प्राप्त कराना है। वीओएसएपी के कैलिफोर्निया स्थित संस्थापक प्रणव देसाई ने कहा हम वीओएसएपी प्रभाव को विस्तारित करने के लिए इस नए मॉडल के साथ उपलब्ध अवसरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो भारत सरकार के मौजूदा कार्यक्रमों और परिवार जैसे हमारे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित साझेदारों की ताकत का लाभ उठाता है।

जेलेंस्की ने कहा- चीन के दखल से जंग लंबी खिंचेगी

सिंगापुर, एजेंसी

● वह रूस को हथियार मुहैया करा रहा, दुनिया के लिए गलत संदेश

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन-रूस जंग में चीन रूस का समर्थन कर रहा है। चीन के दखल से यह जंग लंबे समय तक चलेगी। जेलेंस्की ने यह बात सिंगापुर में आयोजित शांगरी ला मंच में कही है। जेलेंस्की ने कहा कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए गलत संकेत है। इससे चीन की नीतियां भी गलत साबित होती हैं। चीन कहता है कि वह हर देश की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इसके बाद किसी देश को बर्बाद करने के लिए हथियार या समर्थन देना कोई अच्छी बात नहीं है।

अमेरिका भी चीन पर यही आरोप लगा चुका है कि वह लगातार रूस को हथियार दे रहा है। इसके लिए कई बार चीन को चेतावनी दी गई है पर चीन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

जेलेंस्की ने कहा कि चीन लगातार दावा करता रहा है कि वह शांति समर्थक है, जबकि वह लगातार रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। फरवरी 2022 से शुरू हुई जंग के बाद चीन लगातार रूस से अपने संबंध मजबूत बनाने में लगा है।

रूस कई देशों को सम्मेलन में शामिल होने से रोक रहा : जेलेंस्की ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन को बाधित करने के लिए रूस कई देशों को दिए जाने वाले कृषि, खाद्य और रासायनिक उत्पादों पर बैन लगाने की धमकी दे रहा है। रूस कई देशों से कह रहा कि वे इस शिखर सम्मेलन में न जाए। जेलेंस्की ने कहा कि शिखर सम्मेलन में चीन के शामिल नहीं से पता चलता है चीन किसे चाहता है।

रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में हुई बिजली गुल

कीव। रूस द्वारा बुनियादी ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने और पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में बढ़त हासिल करने का दावा किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी। शनिवार को ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य बनाकर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद यूक्रेन के तीन इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इन हमलों में कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं।

कुवैत में नए क्राउन प्रिंस बने शेख सबा

कुवैत सिटी। कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अल-सबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।

1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। कुवैत विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, नए राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

कचरे से लदे 600 से अधिक गुब्बारे द. को रिया में गिराए

सोल, एजेंसी

● उत्तर कोरिया की कारस्तानी दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा

उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले 600 से अधिक गुब्बारे लगातार पांच दिनों से जीपीएस सिग्नल जाम होने के बीच दक्षिण कोरिया में गिरे है। सोल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने 600 से अधिक गुब्बारों का पता लगाया है जो दोनों कोरिया को अलग करने वाली सैन्य सीमांकन रेखा के पार तैरते हुए शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह दस बजे के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे थे। जेसीएस के अनुसार

गुब्बारों में पिछले गुब्बारों की तरह ही सिगरेट के टुकड़े, कागज और प्लास्टिक की थैलियां जैसे कचरे के विभिन्न टुकड़े थे। दक्षिण कोरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के खिलाफ जैसे को तैसा कार्रवाई की चेतावनी दी।

अमेरिका में हुई गोलीबारी में दो की मौत, सात घायल

अमेरिका। उपनगरीय पिट्सबर्ग के एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एलेगनी काउंटी पुलिस ने कहा कि उसने पेन हिल्स के बॉलर्स हुक्का लॉज और सिगार बार में सुबह के वक्त हुई गोलीबारी के मामले में कार्रवाई की है।

पुलिस ने बयान में कहा कि रविवार तड़के तीन बजे के आसपास बचावकर्मियों को बार के अंदर एक पुरुष और एक महिला के शव मिले। इसके अलावा, सात व्यक्ति घायल भी हुए हैं। बयान के अनुसार, घायलों को क्षेत्र के अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत नाजुक है।

नाबालिग के मां-बाप 5 तक हिरासत में

पुणे, एजेंसी

पुणे की एक अदालत ने रविवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता को सबूत नष्ट करने के मामले में 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र के पुणे शहर में 19 मई को हुई कार दुर्घटना के बाद नाबालिग के रक्त के नमूने बदले जाने में उनकी कथित भूमिका के लिए दोनों के खिलाफ जांच की जा रही है।

इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को 1 जून को यह खुलासा होने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि नाबालिग के रक्त के नमूने को मां के नमूने से बदल दिया गया था। आरोपी के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल को मामले में सबूत नष्ट करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता को यहां की एक अदालत में पेश किया और उनकी रिमांड का अनुरोध किया। दोनों को पांच जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने अदालत को बताया कि अग्रवाल दंपति ने दुर्घटना से संबंधित सबूतों को नष्ट करने की साजिश रची।

पुणे कार हादसा

- रक्त के नमूने बदले जाने के मामले में चल रही जांच
- सुबूत नष्ट करने पर कोर्ट से मांगी गई थी दोनों की हिरासत

घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज बरामद किए

दंपति के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि पुलिस ने उनके घर की तलाशी ले ली है और उनके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज बरामद किये हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के सबूतों को मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो एक जमानती अपराध है इसलिए दंपति को न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए।

बॉलीवुड हलचल

सोनू सूद की फिल्म फतेह में हुई नसीरउद्दीन शाह की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन शाह की एंट्री हो गयी है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुये हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा, नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।

सन्नी देओल, प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गयी है। आमिर खान निर्मित और राजकुमार संतोषी निर्देशित गदर 2 के बाद अब दर्शकों को सन्नी देओल की लाहौर 1947 का बेसब्री से इंतजार है।

इस बात की जानकारी प्रीति जिंटा ने अपने एक पोस्ट के जरिए दी है। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें फिल्म के सेट की कई सारी तस्वीरें नजर आ रही हैं। शूटिंग रैप अप होने की खुशी में सेट इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि लाहौर 1947 का रैप अप और मैं इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए पूरी कास्ट और क्रू की जितनी आभारी हूं, उतना कम है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म की उतनी ही सराहना करेंगे और इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमने इसे बनाते समय लिया।

ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद ने दाखिल किया नामांकन

दुबई। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु के बाद वहां चुनाव कराए जा रहे हैं। अहमदीनेजाद के नामांकन से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई दबाव में आएंगे।

अहमदीनेजाद ने 85-वर्षीय सर्वोच्च नेता को खुली चुनौती दी थी और 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की उनकी कोशिशों को अधिकारियों ने विफल कर दिया था। उन्होंने ऐसे वक्त में अपना नामांकन दाखिल किया है जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, रूस को हथियार देने और असंतुष्टों पर कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ रहा है। पत्रकारों ने तेहरान में देखा कि अहमदीनेजाद गृह मंत्रालय पहुंचे और चुनाव के लिए पंजीकरण शुरू की।

खुलासा जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने कहा- पाकिस्तान नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा

सीमा पार लॉन्च पैड सक्रिय, घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकी

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार एलओसी के पार स्थित लॉन्च पैड पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है। ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियां लगातार जारी हैं। स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धिता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने कहा हमारे सुरक्षा साझेदारों

डीजीपी रश्मि रंजन स्वैन।

के साथ बैठकों में हम आमतौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है।

उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अस्थिर करने की दुश्मन की क्षमता को और कम करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।

चुनौतियों से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध : स्वैन

स्वैन ने कहा कि किसी एक समय पर संभवता पाएंगे कि अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 लोग हमारी तरफ भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि हम दुश्मन की सफलता को मुश्किल बना देंगे। ड्रोन से सामान गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी की तस्करी को सुगम बनाती हैं। इस खतरे का मुकाबला करने में प्रगति हुई है फिर भी इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।

पाक के लिए हिसाब रखने वालों ने चुनावी प्रक्रिया में लिया भाग

डीजीपी ने कहा है कि अतीत में दुश्मन के लिए काम करने और हिसाब-किताब रखने वाले लोगों ने इस बार चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। स्वैन ने लोगों के भयमुक्त होने को रेखांकित करते हुए कहा इस साल के लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में उल्लेखनीय मतदान प्रतिशत रहा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से जम्मू कश्मीर में हुए पहले बड़े चुनावी मुकाबले में, (कश्मीर) घाटी की तीन लोकसभा सीट श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग-राजौरी में पिछले तीन दशकों में अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ।